संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शनिवार 14 जून 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 19 अंक: 162 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## पूर्व सीएम विजय रूपाणी के परिवार से मिले पीएम मोदी



**अहमदाबाद :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की, जिनकी अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। 68 वर्षीय रूपाणी लंदन जाने वाली उड़ान के 241 यात्रियों में शामिल थे। पीएम मोदी ने शुक्रवार को अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना स्थल का दौरा किया और यहां सिविल अस्पताल में घायल पीड़ितों से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने शहर में रूपाणी के परिवार के सदस्यों से भी मुलाकात की। पीएम मोदी ने विजय रूपाणी को अपने दशकों पुराने साथी के तौर पर याद किया पीएम मोदी ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, विजयभाई रूपाणी जी के परिवार से मुलाकात की। यह अकल्पनीय है कि विजयभाई हमारे बीच नहीं हैं। मैं उन्हें दशकों से जानता हूं। हमने कंधे से कंधा मिलाकर काम किया, जिसमें कुछ सबसे चुनौतीपूर्ण समय भी शामिल हैं। उन्होंने कहा, विजयभाई विनम्र और मेहनती थे, पार्टी की विचारधारा के प्रति दृढ़ता से प्रतिबद्ध थे। पद पर बढ़ते हुए उन्होंने संगठन में विभिन्न जिम्मेदारियां निभाईं।

# दुर्घटनाग्रस्त विमान का ब्लैक बॉक्स मिला, हादसे की वजहों का हो सकेगा खुलासा

**टीम एक्शन इंडिया**

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में दुर्घटना की शिकार हुई एअर इंडिया की उड़ान एआई 171 का ब्लैक बॉक्स मिल गया है। विमानन मंत्रालय ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। मंत्रालय ने बताया कि ब्लैक बॉक्स को इमारत की छत से बरामद किया गया। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने हादसे के तुरंत बाद पूरी ताकत से जांच शुरू कर दी थी। राज्य सरकार के 40 से अधिक कर्मचारी भी मौके पर मौजूद विमानन मंत्रालय की टीमों के साथ मिलकर राहत और जांच कार्य में जुटे हुए हैं। मंत्रालय ने बताया कि डीएफडीआर को छत से बरामद किया गया है। इससे पहले, पुलिस और दमकल अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि इस ब्लैक बॉक्स का विश्लेषण हादसे की वजहों को समझने में अहम भूमिका निभाएगा। अहमदाबाद के दमकल अधिकारियों ने बताया कि मेटल कटर जैसे खास उपकरणों से लैस एक टीम को मेघाणीनगर इलाके में दुर्घटनास्थल पर



भेजा गया था। यह इलाका हवाई अड्डे के पास स्थित है, जहां गुरुवार दोपहर बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। जहां पर काफी मशक्कत के बाद टीम ब्लैक बॉक्स को खोजने में सफल रही। पहले सूत्रों ने बताया कि जिस बी.जे. मेडिकल कॉलेज के छात्रावास पर विमान गिरा था, वहां के सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर पुलिस ने जब्त किया गया। डीवीआर एक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण होता है, जो सीसीटीवी कैमरों की वीडियो रिकॉर्डिंग को सेव करता है। दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें विमान का ब्लैक बॉक्स खोजने में मदद के लिए कहा गया था। दमकल विभाग के उप प्रमुख ध्रुमित गांधी ने बताया था कि उनकी टीम ने फॉरेंसिक और विमानन विशेषज्ञों के साथ मिलकर ब्लैक बॉक्स ढूंढ़ने में मदद की। इस टीम मेटल कटर जैसे विशेष उपकरण थे। ब्लैक बॉक्स एक छोटा उपकरण होता है, जो विमान की उड़ान के दौरान की सारी जानकारी रिकॉर्ड करता है। यह किसी भी विमान दुर्घटना की जांच में अहम भूमिका निभाता है। यह विमान अहमदाबाद से लंदन जा रहा था और इसमें 242 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे। गुरुवार दोपहर 1 बजकर 39 मिनट पर सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद यह विमान मेघाणीनगर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## फास्ट न्यूज

### कैलाश मानसरोवर यात्रा 2025 का हुआ शुभारंभ

**नई दिल्ली।** कैलाश मानसरोवर यात्रा 2025 का पहला जत्था आज रवाना किया गया। विदेश राज्यमंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने जवाहरलाल नेहरू भवन में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने यात्रियों को उनके चयन पर बधाई दी और सुखद व सुरक्षित यात्रा की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मंत्री ने केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की भूमिका की सराहना की। इनमें रक्षा मंत्रालय, गृह मंत्रालय, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस, दिल्ली, उत्तराखंड और सिक्किम राज्य सरकारें तथा राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र शामिल हैं। उन्होंने यात्रा के फिर से आरंभ होने में चीनी पक्ष के सहयोग के लिए भी आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि कैलाश मानसरोवर यात्रा धार्मिक आस्था के साथ ही भारत-चीन सांस्कृतिक संबंधों का भी प्रतीक मानी जाती है। सरकार ने यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और संचार के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं। कैलाश मानसरोवर यात्रा इस साल जून से अगस्त के बीच आयोजित की जा रही है। इस वर्ष कुल 15 जत्थों को रवाना किया जाएगा। इनमें उत्तराखंड राज्य से लिपुलेख दर्रे के माध्यम से 5 जत्थे और सिक्किम राज्य से नाथू ला दर्रे के माध्यम से 10 जत्थे शामिल हैं। प्रत्येक जत्थे में 50 यात्री होंगे।

### 22 रोहिंग्या गिरफ्तार, 10 वर्षों से पहचान छुपाकर रह रहे थे

**कोलकाता।** म्यांमार से बांग्लादेश होते हुए भारत में दाखिल हुए 22 रोहिंग्या नागरिकों को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना ज़िले के बसिरहाट उपमंडल के शायस्ता नगर इलाके से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इन्हें उस समय पकड़ा जब वे गुपचुप तरीके से सीमा पार कर बांग्लादेश लौटने की कोशिश कर रहे थे। शुक्रवार को सभी आरोपितों को अदालत में पेश किया गया। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार तड़के शायस्ता नगर एक नंबर ब्लॉक के लवंग इलाके में 22 संदिग्ध लोगों को घूमते देखा गया। स्थानीय निवासियों को उन पर शक हुआ और उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची बादुड़िया थाना पुलिस ने सभी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। जांच में कोई वैध दस्तावेज न मिलने पर पुलिस को संदेह हुआ।

## इस विमान हादसे में लगभग 265 लोग मारे गए थे।

# एयर इंडिया के बोइंग ड्रीमलाइनर विमानों की होगी सुरक्षा जांच

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में विमान दुर्घटना के बाद अब एयर इंडिया के बोइंग बेड़े के सभी विमानों की जांच होगी। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने शुक्रवार को बोइंग 787-8/9 बेड़े के सभी विमानों को 'ग्राउंडेड' करके 15 जून से जांच में सुरक्षा निरीक्षण बढ़ाने का आदेश दिया है। इस विमान हादसे में लगभग 265 लोग मारे गए थे। डीजीसीए के आधिकारिक बयान में कहा गया है, "निवारक उपाय के रूप में डीजीसीए एयर इंडिया को निर्देश देता है कि वह संबंधित क्षेत्रीय डीजीसीए कार्यालयों के साथ समन्वय में तत्काल प्रभाव से जेनएक्स इंजन से लैस 8787-8/9 विमानों पर निम्नलिखित अतिरिक्त रखरखाव कार्रवाई करे।" विमानन नियामक ने अपने आदेश में 15 जून (00:00) बजे से भारत से उड़ान के लिए प्रस्थान से पहले विमानों की एक बार जांच करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही अपने आदेश में डीजीसीए ने 15 जून को 00:00 बजे से उड़ान के प्रस्थान से पहले जांच अनिवार्य कर दी है। विमान नियामक ने ईंधन पैरामीटर निगरानी और संबंधित सिस्टम जांच का निरीक्षण और केबिन एयर कंप्रेसर और संबंधित सिस्टम का निरीक्षण अनिवार्य कर दिया है। इसके साथ ही इलेक्ट्रॉनिक इंजन नियंत्रण-प्रणाली परीक्षण, इंजन ईंधन चालित एक्चुएटर-संचालन परीक्षण और तेल प्रणाली जांच, हाइड्रोलिक प्रणाली की सेवाक्षमता जांच, टेक-ऑफ मापदंडों की समीक्षा, अगली सूचना तक पारगमन निरीक्षण में 'उड़ान नियंत्रण निरीक्षण' शुरू किया जाएगा।




### मोदी ने अहमदाबाद प्लेन क्रैश में जिंदा बचे यात्री रमेश विश्वास कुमार से की अस्पताल में मुलाकात



**टीम एक्शन इंडिया**

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में हुई भीषण विमान दुर्घटना ने सिर्फ देश ही नहीं, सारी दुनिया को भी झकझोर दिया है। इस हादसे में 265 लोगों की मौत हो गई, लेकिन एक खुशनसीब यात्री हैं रमेश विश्वास कुमार। वह काल के मुंह से बाहर आ गए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज इस चमत्कारिक रूप से बचे यात्री से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली।

**विश्वास की आपबीती:** अस्पताल के बेड पर लेटे रमेश विश्वास ने बताया, "रनवे पर विमान की रफ्तार बढ़ने के साथ ही मुझे कुछ अजीब सा महसूस हुआ। अचानक 5-10 सेकंड के लिए सब कुछ थम सा गया।

### एअर इंडिया के विमान में बम की धमकी के बाद थाईलैंड में आपात लैंडिंग

**नई दिल्ली।** थाईलैंड के फुकेट से भारत की राजधानी नई दिल्ली आ रहे एअर इंडिया के विमान अक-379 में शुक्रवार को बम की धमकी मिली, जिसके बाद विमान को आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी। इस विमान में सवार सभी यात्री सुरक्षि?त हैं। विदेशी मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, बम की धमकी मिलने के बाद एअर इंडिया के विमान की थाईलैंड में आपात लैंडिंग हुई है। थाईलैंड एयरपोर्ट के एक अधिकारी के मुताबिक आपातकालीन योजना के अनुरूप एअर इंडिया की उड़ान संख्या एआई 379 के सभी 156 यात्रियों को विमान से बाहर निकाल लिया गया है। प्रारंभिक तलाशी के बाद अधिकारियों को संबंधित एअर इंडिया के विमान के अंदर कोई बम नहीं मिला है।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से नई दिल्ली में मुलाकात करते सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर।

### देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 7,131, एक की मौत

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के मामलों में कुछ कमी आती दिखाई दे रही है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के आज के आंकड़ों के अनुसार, देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 7,131 हो गई है। पिछले 24 घंटों में केरल में एक व्यक्ति की मौत हो गई। अच्छी बात यह है कि इस साल अब तक 10976 से ज्यादा लोग संक्रमण से ठीक हो चुके हैं। केरल और दिल्ली जैसे राज्यों में कोरोना के मामलों में थोड़ी कमी दिखाई दे रही है। हालांकि केरल में कोरोना के अभी भी सबसे अधिक मामले दर्ज किए गए है। केरल में आज सक्रिय मामलों की संख्या 2055 रिपोर्ट की गई है।

कोरोना डैशबोर्ड के अनुसार, गुजरात, पश्चिम बंगाल, दिल्ली और महाराष्ट्र जैसे राज्यों ने भी इस साल काफी अधिक संख्या में सक्रिय मामले दर्ज किए हैं।

### पंजाब पुलिस ने तस्कर पकड़े, 4.5 किलो हेरोइन और लाखों बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** अमृतसर की एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) बार्डर रेंज ने दो तस्करों को गिरफ़्तार करके सरहद पार से नारकोटिक्स तस्करी रैकेट का पदार्फाश किया है। इनके कब्जे से 4.5 किलो हेरोइन और 11 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई है।

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ़्तार तस्करों की पहचान गांव धनोए खुर्द निवासी गुरभेज सिंह उर्फ भेजा और गांव माहल निवासी अभिजीत सिंह उर्फ हैपी के तौर पर हुई है। प्राथमिक जांच से पता लगा है कि गुरभेज पाकिस्तानी तस्कर राणा के संपर्क में था और खेप की डिलीवरी के लिए तालमेल कर रहा था।उन्होंने कहा कि अपनी गिरफ़्तारी से कुछ दिन पहले उसने इस हेरोइन की खेप को ड्रोन के जरिये पहुंचाने का



प्रबंध किया था। गुरभेज ने इसमें अपने अन्य साथियों समेत अभिजीत सिंह को भी शामिल किया था। डीजीपी ने कहा कि खुफिया जानकारी के आधार पर एएनटीएफ बार्डर रेंज अमृतसर की टीमों ने दोनों मुलजिमों को उस समय गिरफ़्तार किया, जब वह हेरोइन को आगे बेचने की कोशिश कर रहे थे। उनके कब्जे से हेरोइन और ड्रग मनी बरामद करने के इलावा पुलिस टीमों ने उनका स्कूटर भी जब्त कर लिया है।

### बिहार सरकार की निविदा में अनियमितता मामले में ईडी की कई राज्यों में छापेमारी

**टीम एक्शन इंडिया**


**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बिहार में राज्य सरकार की निविदा में अनियमितताओं की शिकायत पर धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में कई राज्यों में छापेमारी की। इस दौरान कई आपत्तिजनक साक्ष्य और दस्तावेज जब्त किए गए हैं। ईडी के मुताबिक पटना के ठेकेदार रिशु श्री के मामले में 12 जून को पटना, मुजफ्फरपुर (बिहार), सूरत (गुजरात) और पानीपत (हरियाणा) स्थित 09 ठिकानों पर छापेमारी की गई। ईडी ने कहा कि छापेमारी के दौरान कई आपत्तिजनक साक्ष्य और दस्तावेज जब्त किए गए हैं। धन शोधन का ये मामला बिहार सरकार की विशेष सतर्कता इकाई (सीवीयू) की ओर से रिशु श्री और अन्य के खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी से संबद्ध है।

## इस्राइली हमले के बाद ट्रंप ने ईरान को दी धमकी

**टीम एक्शन इंडिया**

**वॉशिंगटन :** इस्राइल की तरफ से किए गए भीषण ड्रोन हमले में ईरान को भारी नुकसान हुआ है। इस्राइली वायु सेना ने अब तक ईरान में पांच बार हमले किए हैं। इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी ईरानी को फिर से परमाणु समझौता करने को कहा है। डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर ईरान से उसके परमाणु कार्यक्रम को लेकर वाशिंगटन के साथ समझौता करने की अपील की है।

**ट्रंप ने दी चेतावनी- और तेज होंगे इस्राइली हमले:** इसके साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि इस्राइल के हमले और भी बुरे होंगे। शुक्रवार को हुए हमलों के बाद अपनी पहली सार्वजनिक टिप्पणी में ट्रंप ने अपनी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर कहा, अब भी समय है कि इस रक्तपात




### इस्राइल के पास अमेरिकी हथियारों का भंडार- ट्रंप

ट्रंप ने आगे कहा- अमेरिका दुनिया में अब तक का सबसे बेहतरीन और सबसे घातक सैन्य उपकरण बनाता है, और इस्राइल के पास इसका बहुत ज्यादा भंडार है, और आने वाले समय में और भी बहुत कुछ होगा - और वे इसका इस्तेमाल करना जानते हैं। समझौते को लेकर कुछ ईरानी कट्टरपंथियों ने बहादुरी से बात की, लेकिन उन्हें नहीं पता था कि क्या होने वाला है। वे सभी अब मर चुके हैं, और यह और भी बदतर होगा!

### असम में एनडीए की जीत, राज्यसभा के लिए चुने गए दो उम्मीदवार



**टीम एक्शन इंडिया**

**गुवाहाटी :** असम से एनडीए (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) के दो उम्मीदवार, भाजपा के कनद पुरकायस्थ और असम गण परिषद (एजीपी) के बिरेन्द्र प्रसाद बैश्य निर्विरोध रूप से राज्यसभा के लिए चुने गए हैं। चुनाव अधिकारी के अनुसार, विपक्षी दलों ने राज्यसभा चुनाव के लिए कोई उम्मीदवार खड़ा नहीं किया, जिसके चलते दोनों को निर्विरोध विजयी घोषित किया गया।

नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि गुरुवार थी। अधिकारी ने बताया, चूंकि विपक्ष की ओर से कोई उम्मीदवार नहीं था।

**गर्मी का सितम**

आने वाले दिनों में जल्द ही कई राज्यों में मानसून दस्तक दे सकता हैं।

## कुछ दिन और सताएगी गर्मी: जल्द पूर्वी भारत में मानसूनी की होगी एंट्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली :** गर्मी की मार झेल रहे लोगों के लिए राहत खबर की है। आने वाले दिनों में जल्द ही कई राज्यों में मानसून दस्तक दे सकता हैं। एक नया मानसूनी सिस्टम बंगाल की उत्तर खाड़ी में 14 जून के आसपास बनने जा रहा है। यह एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन होगा जो अगले 48 घंटों में और मजबूत हो जाएगा। यह सिस्टम ओडिशा, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश होते हुए राजस्थान की सीमा तक पहुंचेगा। इस रास्ते में यह कई राज्यों में बारिश की गतिविधियों को गति देगा। 2025 में दक्षिण-पश्चिम मानसून ने जबरदस्त और तेज शुरूआत की। 26 मई तक देश के 35 प्रतिशत हिस्से को कवर कर लिया था। यह मानसून आने की सामान्य तारीख से कहीं पहले है। हालांकि, इसके बाद यह पश्चिमी और पूर्वी दोनों दिशाओं में ठहर गया। पश्चिम तट पर मानसून मुंबई से आगे नहीं बढ़ा और पूर्वी भारत में यह बालुरघाट, दार्जिलिंग और कालिमपोंग तक ही सीमित रह गया। आमतौर पर 15 जून तक मानसून पूरे पश्चिम बंगाल, झारखंड और बिहार में फैल जाता है, लेकिन इस बार थोड़ी देरी हुई है। निजी मौसम पूवार्नुमान एजेंसी स्काईमेट वेदर का कहना है कि, नया मानसूनी सिस्टम बंगाल की उत्तर खाड़ी में 14 जून के आसपास बनने जा रहा है। यह एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन होगा जो अगले 48 घंटों में और मजबूत हो जाएगा। यह सिस्टम ओडिशा, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश होते हुए राजस्थान की सीमा तक पहुंचेगा।

इस रास्ते में यह कई राज्यों में बारिश की गतिविधियों को गति देगा। मुख्य बारिश 16 जून के बाद ही शुरू होगी। पश्चिम बंगाल, झारखंड और बिहार में 16 से 18 जून के बीच अच्छी मानसूनी बारिश देखने को मिलेगी। इन्हीं तारीखों में इन राज्यों में आधिकारिक रूप से मानसून के पहुंचने की संभावना है। एजेंसी का अनुमान है कि, जैसे ही यह सिस्टम पश्चिम की ओर बढ़ेगा।



**मानसून**

यह सिस्टम ओडिशा, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश होते हुए राजस्थान की सीमा तक पहुंचेगा।

## सुप्रीम कोर्ट ने अंबानी परिवार की सुरक्षा हटाने की याचिका खारिज की

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उद्योगपति मुकेश अंबानी और उनके परिवार को दी गई 'जेड प्लस' सुरक्षा हटाने की याचिका को सख्ती से खारिज कर दिया। अदालत ने याचिकाकर्ता बिकाश साहा को चेतावनी देते हुए कहा कि बार-बार इसी तरह की निराधार याचिकाएं दायर करना अदालत की प्रक्रिया का दुरुपयोग है और भविष्य में ऐसा करने पर जुमार्ना लगाया जा सकता है। इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने की। अदालत ने कहा कि यह बेहद गंभीर मामला है और कोई भी व्यक्ति अदालत की प्रक्रिया को दबाव में नहीं ले सकता।



**क्या है मामला ?**

बिकाश साहा नाम के व्यक्ति ने पहले भी इसी मुद्दे पर दो बार याचिका दायर की थी, जिन्हें

### सुप्रीम कोर्ट की अंतिम टिप्पणी

**अदालत** ने कहा कि याचिकाकर्ता न तो कोई नई जानकारी पेश कर सका और न ही यह दिखा सका कि सुरक्षा स्थिति में कोई बदलाव आया है। अदालत ने कहा, 'यह याचिका न केवल निराधार है बल्कि परेशान करने वाली भी है'। अदालत ने साफ किया कि अंबानी परिवार को 'जेड प्लस' सुरक्षा मिलती रहेगी और भविष्य में अगर याचिकाकर्ता इसी तरह की याचिकाएं दायर करता है, तो उस पर भारी जुमार्ना लगाया जा

# श्री अग्रसेन धाम कुंडली का शिलान्यास करेंगी सीएम गुप्ता

**कुंडली/टीम एक्शन इंडिया**

दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता कुंडली में निमार्णाधीन श्री अग्रसेन धाम का शिलान्यास करेंगी। श्री अग्रसेन धाम कुंडली के पदाधिकारियों ने माडल टाउन के विधायक अशोक गोयल देवरहा की अध्यक्षता में दिल्ली की मुख्यमंत्री से मुलाकात करके उन्हें धाम की गतिविधियों की जानकारी दी और अपने करकमलों से शिलान्यास करने के लिए आमंत्रित किया। संस्था के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने श्रीमती रेखा गुप्ता को देश की राजधानी दिल्ली की मुख्यमंत्री बनने पर उन्हें आपार अनंत शुभकामनाएं दी। उन्होंने हरियाणा की बेटी को दिल्ली की मुख्यमंत्री चुनने के लिए शीर्ष नेतृत्व विशेष कर माननीय प्रधानमंत्री श्रीमान मोदी जी का हृदय से आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी कुंडली में बना रहे विश्व विख्यात श्री अग्रसेन धाम के निर्माण हेतु पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने दिल्ली हरियाणा के बॉर्डर पर स्थित इस अतुलनीय प्रयास को सार्थक और महान बताया। उन्होंने कहा धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों का यह केंद्र पूरे उत्तरी भारत में एक नव संदेश जागृत करेगा। श्रीमती रेखा गुप्ता ने संस्था के उपाध्यक्ष अतुल सिंधल द्वारा श्री अग्रसेन धाम के मुख्य भवन का शिलान्यास करने हेतु आग्रह को सहर्ष स्वीकार करते हुए इस शुभ कार्य को अतिशीघ्र करने की अपनी सहमति प्रदान की। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक महावीर बंसल, राष्ट्रीय महासचिव अनिल गोयल, सहयोगी संजय शर्मा, डा.मधु गुप्ता, टीकाराम मित्तल, विरेन्द्र बंसल, दीपक मंगला आदि विशेष रूप से शामिल हुए।




# अस्पताल में मनाया गया सर्जन दिवस, 18 मरीजों का किया इलाज

**सोनीपत :** जिला नागरिक अस्पताल में शुक्रवार को विश्व सर्जन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के तहत बाहर से आए चिकित्सकों ने मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। उसके बाद मरीजों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. ज्योत्सना ने शिरकत की। आयोजित कार्यक्रम के तहत लगाई गई ओपीडी में 18 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। साथ ही लोगों को जागरूक करने का काम किया गया। कार्यक्रम के तहत जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. ज्योत्सना ने बताया कि विश्व सर्जन दिवस में अस्पताल परिसर में दिवस को 9 जून से लेकर 15 जून तक मनाया जा रहा है। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में मुफ्त सर्जन ओपीडी का आयोजन किया गया। इस शिविर में 18 मरीजों की जांच की गई। इनमें युवा, बच्चे, बुजुर्ग, महिला व पुरुष सभी शामिल रहे। इस शिविर का उद्देश्य केवल मरीजों को सर्जरी से संबंधित परामर्श लेना और व मरीजों को सर्जरी से संबंधित जानकारी देना है। शिविर के दौरान मरीजों को पेट में गांठ, हर्निया, शरीर में अंदरूनी गांठ से, पथरी से संबंधित सर्जिकल से जुड़ी जानकारी दी। विशेषज्ञों ने उपचार के लिए आए, मरीजों को बीमारी से जुड़ी सर्जरी प्रक्रिया जल्द ही शुरू कराए।


## उत्तर रेलवे

### शुद्धिपत्र

संदर्भ : i) निविदा सूचना क्रमांक 05/2025–26 दिनांक 17.04.2025
ii) निविदा संख्या 15245006A, 14.07.2025 को देय है।

उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, नियत तिथि 13.06.2025 से बढ़ाकर 14.07.2025 कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित हैं। शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1755/25



## उत्तर रेलवे

### खुली ई– निविदा सूचना

उप मुख्य अभियंता/टी. एम. सी./ला., उत्तर रेलवे, स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली (भारत की राष्ट्रपति की ओर से) द्वारा मुहरबंद निम्नलिखित कार्य हेतु **एक पैकेट खुली ई–निविदा** आमंत्रित की जाती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का विवरण और स्थान | उप मुख्य अभियंता/टी.एम.सी./ला. उत्तर रेलवे स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन ट्रैक मशीन अनुरक्षण डिपो तुगलकाबाद, कुरुक्षेत्र, लखनऊ, भटिंडा और मुरादाबाद एवं कार्यस्थल पर ट्रैक मशीन खराबी के दौरान क्रिम्पड फिटिंग हाइड्रॉलिक होज की सप्लाई और फिक्सिंग (इच्छित लम्बाई में)। | | |
| सामान्य कार्य की प्रकृति | ट्रैक मशीनों के लिए क्रिम्प्ड फिटेड हाइड्रोलिक होसेस की आपूर्ति और फिक्सिंग या ट्रैक मशीनों के आई. ओ. एच/ पी. ओ. एच/ ट्रैक मशीन की प्रमुख मरम्मत का कार्य। | | |
| कार्य समाप्त अवधि | 02 वर्ष | अनुमानित लागत | ₹ 83,63,538.61 |
| धरोहर राशि (ऑनलाइन जमा) | ₹ 1,67,300/- | निविदा पत्र का मुल्य (ऑनलाइन जमा) | शून्य |
| निविदा जमा करने व खुलने की तिथि एवं समय | निविदा प्रपत्र दिनांक **13.06.2025** से दिनांक **07.07.2025** तक सायंकाल **15:00** बजे तक रेल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध रहेगा। निविदा **07.07.2025** को अपराह्न **15:00** बजे के बाद खुलेगी। | | |
| निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र का पूर्ण विवरण | इस निविदा की सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र बिडिंग के लिए **IREPS (www.ireps.gov.in)** पर दिनांक **23.06.2025** से दिनांक **07.07.2025** तक उपलब्ध रहेगा। निविदा से संबंधित सभी नियम व शर्तें निविदा प्रपत्र में दी गयी हैं। निविदा सूचना का विवरण इस कार्यालय के सूचना पटल पर भी देख सकते हैं। | | |

**प.सं.-1-डब्ल्यू-उ.मु.अभि.-टी. एम.सी.-ला.एच.एच.-04-25-26 दिनांक: 13.06.2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1763/2025



## आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

**ई–एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 13/ईटी./2025-26 दिनांक: 10.06.2025**

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 07251376 | प्री पियर्सिंग मैन्ड्रल एवब 11 | 100 नग | 01.07.2025 |
| 02 | 03251309 | सेट ऑफ एफ.आर.पी सिलिंग एण्ड साइड वॉल पेनलस् फॉर एल.डब्ल्यू.एस.सी.एन कोचेज | 237 सेट | 02.07.2025 |
| | | सेट ऑफ एफ.आर.पी सिलिंग एण्ड साइड वॉल पेनलस् फॉर एल.डब्ल्यू.एस.सी.सी.डब्ल्यू. कोचेज इन एल.डब्ल्यू.ए.सी.सी.डब्ल्यू. शैल | 63 सेट | |
| 03 | 03251317 | लगेज रैक मॉउटिंग फॉर जनरेटर कम ब्रेक वैन एलएचबी | 131 सेट | 04.07.2025 |
| 04 | 12241468बी | बोगी फ्रेम असेम्बली फॉर नान–एसी एअर स्प्रिंग टाईप एलएचबी फीएट बोगी | 1240 नग | 27.06.2025 |
| 05 | 03251303 | सेट ऑफ सीटस एंड बर्थस फॉर एलएचबी एसएलआर एचओजी कोचेज (31 सीटर) | 124 सेट | 03.07.2025 |
| | | सेट ऑफ सीटस एंड बर्थस सूटेबुल विद एसएस पिलार फॉर एलएचबी एसी2टी कोचेज | 66 सेट | |
| 06 | 03251318 | सेलिंग क्रू रूम माउटिंग फॉर एलएचबी पावर कार कोचेज | 124 सेट | 25.06.2025 |
| | | सेलिंग फॉर एलएचबी पावर कार | 131 नग | |
| 07 | 11251130 | रूफ फ्लेंज फॉर एलडब्लूएससीएन कोचेज (सीआरएफ) | 568 सेट | 08.07.2025 |
| 08 | 11251129 | किट फॉर अडर फ्रेम ऑफ एलडब्लूएससीएन (ईओजी) कोच | 133 सेट | 22.07.2025 |
| 09 | 11241432 | एएआर 'एच' टाईप टाइट लाक सीबीसी कप्लर | 781 सेट | 08.07.2025 |
| 10 | 11241442बी | पार्टीशन फ्रेम सेट फॉर एलएचबी कोचेज | 723 सेट | 01.07.2025 |
| 11 | 03251420 | वाटर टैंक (2 x 685 एल टी) | 1663 सेट | 04.07.2025 |
| | | माउटिंग टैंक असेम्बली फॉर एलएचबी टाईप (एससीएन इओजी) | 755 नग | |
| 12 | 04251199 | सेट ऑफ कुशनिंग मटेरियल (पीयू फोम) फॉर इन हाउस मेनूफेक्चिरिंग ऑफ सीटिंग आरेंजमेंट फॉर एलडब्लूएस डीडी कोचेज | 180 सेट | 27.06.2025 |
| | | सेट ऑफ कुशनिंग मटेरियल (पीयू फोम) फॉर इन हाउस मेनूफेक्चिरिंग ऑफ सीट एन्ड बर्थ फॉर एलडब्लूएससीएन कोचेज | 25 सेट | |
| 13 | 04251198 | सेट ऑफ फ्रेमस एन्ड ब्रेकेटस फॉर इन हाउस मेनूफेक्चिरिंग ऑफ सीटिंग अरेंजमेंट फॉर एलडब्लूएस डीडी कोचेज | 180 सेट | 30.06.2025 |
| | | सेट ऑफ फ्रेमस इन हाउस मेनूफेक्चिरिंग ऑफ सीट एन्ड बर्थ फॉर एलडब्लूएससीएन कोचेज | 25 सेट | |
| 14 | 04251200 | फेल्ट पैकेगिंग इन साइज 6x600x1800 एमएम | 3350 सेट | 26.06.2025 |
| | | फायर बेरिअर क्लोथ इन विडथ ऑफ 1000 एमएम | 39350 मीटर | |
| 15 | 11251082 | सेट ऑफ इन्डवाल फॉर 3पीएच मेमू/टीसी6 कोचेज | 99 सेट | 22.07.2025 |
| 16 | 11241459 | सेट ऑफ कारलाईन फॉर एलएसएलआरडी (31 सीटर) कोचेज | 123 सेट | 25.07.2025 |
| 17 | 11241425 | सेट ऑफ फाईनल रूफ इलीमेंट कम्पलीट फॉर एलएसएलआरडी एन्ड एलवीपीएच कोच | 102 सेट | 05.07.2025 |
| 18 | 05251057 | स्विच प्लेट असेम्बली फॉर एलएचबी इओजी नॉन एसी एलएससीएन कोचेज | 581 सेट | 08.07.2025 |
| | | स्विच प्लेट असेम्बली फॉर एलएचबी इओजी नॉन एसी एलजीएस कोचेज | 640 सेट | |
| | | स्विच प्लेट असेम्बली फॉर एलएचबी इओजी एसी–3 टीयर कोचेज | 60 सेट | |
| | | स्विच प्लेट असेम्बली फॉर एलएचबी इओजी नॉन एसी चेयर कार कोचेज | 212 सेट | |
| | | स्विच प्लेट असेम्बली फॉर एलएचबी इओजी नॉन एसी एलएसएलआरडी कोचेज | 126 सेट | |
| | | स्विच प्लेट असेम्बली फॉर एलएचबी इओजी फस्ट एसी कोचेज | 19 सेट | |
| | | स्विच प्लेट असेम्बली फॉर एलएचबी इओजी एसी–2 टीयर कोचेज | 51 सेट | |

### शुद्धिपत्र

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 12/ईटी/2025–26 दिनांक 02.06.2025 | टेन्डर नं. 07251386 | मौजूदा मूल्य: 15 नग; 23 नग | संशोधित मूल्य: 69 नग; 91 नग |
| 02 | 11/ईटी/2025–26 दिनांक 29.05.2025 | टेन्डर नं. 07251375 | निविदा खुलने की तिथि 25.06.2025 के स्थान पर तिथि 01.07.2025 पढ़ें। मौजूदा मूल्य: 9 नग | संशोधित मूल्य: 40 नग |
| 03 | 06/ईटी/2025–26 दिनांक 06.05.2025 | टेन्डर नं. 12241393 | निविदा खुलने की तिथि 04.06.2025 के स्थान पर तिथि 20.06.2025 पढ़ें। मौजूदा मूल्य: 1753 सेट | संशोधित मूल्य: 2043 सेट |
| 04 | 11/ईटी/2025–26 दिनांक 29.05.2025 | टेन्डर नं. 05251067 | मात्रा को 88 स्थान पर 98 पढ़ें | |
| 05 | 11/ईटी/2025–26 दिनांक 29.05.2025 | टेन्डर नं. 05251066 | मात्रा को 311 स्थान पर 321 पढ़ें | |
| 06 | 11/ईटी/2025–26 दिनांक 29.05.2025 | टेन्डर नं. 05251064 | मात्रा को 1960 स्थान पर 2155 पढ़ें | |
| 07 | 11/ईटी/2025–26 दिनांक 29.05.2025 | टेन्डर नं. 05251053 | मात्रा को 84 स्थान पर 96 पढ़ें | |
| 08 | 11/ईटी/2025–26 दिनांक 29.05.2025 | टेन्डर नं. 05251052 | मात्रा को 1889 स्थान पर 1980 पढ़ें | |
| 09 | 11/ईटी/2025–26 दिनांक 29.05.2025 | टेन्डर नं. 05251051 | मात्रा को 5204 स्थान पर 5846 पढ़ें | |

**उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/एम & पी**
वेबसाइट पता: **www.ireps.gov.in** एवं **www.mcf.indianrailways.gov.in**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर मध्य रेलवे

संख्याः एस/सेल/611/ई-नी.का./25-26 दिनांकः 11.06.2025

### ई-नीलामी कार्यक्रम, सूचना संख्या- 04 जुलाई माह-2025

अवगत कराया जाता है कि उत्तर मध्य रेलवे के विभिन्न मण्डलों तथा डिपो में उपलब्ध स्क्रैप का विक्रय ई-नीलामी के माध्यम से सम्पन्न किया जायेगा तथा सभी आयोजक अपने निर्धारित क्षेत्र के स्क्रैप का निस्तारण करेंगे।

**रद्दी मदें:** पी.वे. व स्क्रैप रेल, कास्ट आइरन स्क्रैप, कन्डम रोलिंग स्टाक, नॉन फेरस एवं नॉन मेटालिक स्क्रैप, टर्निंग और बोरिंग, कन्डम आयल/पेंट्स ड्रम्स, कन्डम मशीनरी एवं प्लान्ट, कन्डम व्हेकिल्स, कन्डम आफिस इक्विपमेंट्स, फाउन्ड्री स्लैग रिलीज ओवर हेड एम.एस./जी.आई. टैंक्स, ट्रेन लाइटिंग पंखों का रिलीज्ड फेरस स्क्रैप, रिलीज्ड एम.एस./जी.आई. पाइप लाइन, फाउन्ड्री स्कल वर्कशाप एम.एस. स्क्रैप और अन्य एम.एस. स्क्रैप मदें।

| क्रमांक | ई-नीलामी की तिथि व दिन | | डिपो/मण्डल | नीलामी के आयोजक | माध्यम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 02.07.2025 | बुधवार | सा.भ.डिपो/झाँसी | उप मु.सा.प्रबं./ प्रणाली/झाँसी | www.ireps.gov.in वेबसाइट द्वारा |
| 2. | 09.07.2025 | बुधवार | | | |
| 3. | 17.07.2025 | गुरूवार | | | |
| 4. | 24.07.2025 | गुरूवार | | | |
| 5. | 08.07.2025 | मंगलवार | सा.भ.डिपो/कानपुर | उप मु.सा.प्रबं./ जी.एस.डी./कानपुर | |
| 6. | 23.07.2025 | बुधवार | | | |
| 7. | 04.07.2025 | शुक्रवार | प्रयागराज मण्डल | व.म.सा.प्रबं./ उ.म.रे./प्रयागराज | |
| 8. | 18.07.2025 | शुक्रवार | | | |
| 9. | 30.07.2025 | बुधवार | | | |
| 10. | 10.07.2025 | गुरूवार | झाँसी मण्डल | व.म.सा.प्रबं./ उ.म.रे./झाँसी | |
| 11. | 16.07.2025 | बुधवार | | | |
| 12. | 23.07.2025 | बुधवार | | | |
| 13. | 03.07.2025 | गुरूवार | आगरा मण्डल | व.म.सा.प्रबं./ उ.म.रे./आगरा | |
| 14. | 14.07.2025 | सोमवार | | | |
| 15. | 29.07.2025 | मंगलवार | | | |

**विशेष शर्तें:** (1) सभी प्रकार की रद्दी मदों की नीलामियाँ ई-नीलामी के माध्यम से 'www.ireps.gov.in' वेबसाइट द्वारा सम्पन्न की जायेंगी। यदि उसी दिन निर्धारित कैलेन्डर दिवस में नीलामी पूर्ण नहीं हो पाती है तो नीलामी अगले कैलेन्डर दिवस में भी जारी रहेगी। (2) **ई-नीलामी द्वारा जो लाट बेंचे नहीं जा सके, उन्हें डिपो द्वारा अगले ई-नीलामी में सम्मिलित किया जाएगा।** (3) इच्छुक खरीददार स्क्रैप किये गये सामग्रियों के लाटों का निरीक्षण नीलामी से पहले कार्य दिवसों में नामित स्थल पर कर सकते हैं। (4) यदि बिक्री की गई सामग्री की कीमत **5 लाख रूपयों** से अधिक है तो ऐसी स्थित में क्रेता को जीएसटी विभाग में पंजीकृत होना आवश्यक है। (5) नीलामी से सम्बन्धित और अधिक जानकारी के लिए (जैसे कैटलाग नीलामी की गई मदों की अन्तिम बिक्री दर तथा अन्य सभी विवरण) कृपया हमारे वेबसाइट 'www.ncr.indianrailways.gov.in' पर देखें। (6) ई-नीलामी से सम्बन्धित और अधिक जानकारी 'www.ireps.gov.in' बेवसाइट से प्राप्त की जा सकती है। **1021/25(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in


# 15 को प्रदेश स्तरीय योग मैराथन का होगा आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि योग युक्त नशा मुक्त हरियाणा बनाने की दिशा में 15 जून को सुबह 6 बजे कुरुक्षेत्र ब्रह्मसरोवर पर प्रदेश स्तरीय योग मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 5 किलोमीटर योग मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। अब तक 10 हजार युवाओं योग मैराथन के लिए आवेदन कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि इस मैराथन का उद्देश्य युवाओं को नशा से दूर करना है।

उपायुक्त नेहा सिंह शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में योग मैराथन की तैयारियों को लेकर पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। इससे पहले उपायुक्त नेहा सिंह, डीएसपी मुख्यालय सुनील कुमार, जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डा. नरेन्द्र सिंह, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा.सुदेश जाटियान व बैठक में उपस्थित सभी पत्रकार एवं छायाकार ने अहमदाबाद में विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों के लिए 2 मिनट का मौन रखा। उन्होंने जिला वासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक लोग इस मैराथन में हिस्सा लेकर सरकार की योग युक्त नशा मुक्त हरियाणा के संदेश को पहुंचाएं।

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि 15 जून को सुबह 6 बजे योग मैराथन का आयोजन किया जाएगा। जिन युवाओं ने मैराथन में हिस्सा लेना है वो गूगल फॉर्म से आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा जो ऑनलाइन आवेदन नहीं कर सकते, उनके लिए 15 जून को सुबह 5:30 बजे तक आवेदन करवाने की व्यवस्था की गई है। आवेदन करने वालों को एक धावक नंबर दिया जाएगा।


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 (2)(ii)Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **अरुण उर्फ तीस मारखा पुत्रः राजू, पताः** मकान नं. के–111, के ब्लॉक, रघुबीर नगर, नई दिल्ली, **FIR No. 630/2022, U/s 25 Arms Act, 411 IPC,** थानाः ख्याला, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अरुण उर्फ तीस मारखा** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अरुण उर्फ तीस मारखा** फरार हो गया हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 630/2022, U/s 25 Arms Act, 411 IPC,** थानाः ख्याला, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **अरुण उर्फ तीस मारखा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री सुकृति सिंह**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–04 (पश्चिम)**
**कमरा नं. 268, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/7456/WD/2025 (Court Matter)**



## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-प्रापण निविदा सूचना संख्याः** 25/28 **दिनांकः** 13.06.2025

### ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज (आई.एस.ओ. 9001:2015 प्रमाणित इकाई)** निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 38252705 | ब्रेक हेड पिन फॉर बीएमबीएस | 19956 नग | 02.07.2025 |
| 2 | 64255146 | पवर प्रिंटेड सर्किट बोर्ड | 5475 नग | 16.07.2025 |
| 3 | 64255155 | सेट ऑफ मॉडिफाइड कार्बाइड टैम्पिंग टूल फोर सीएसएम | 26 सेट | 14.07.2025 |
| 4 | 64255148 | टैम्पिंग आर्म बिग/स्मॉल आउट | 233 नग | 10.07.2025 |
| 5 | 64255139 | क्लच, ड्राइव, वैरियबल, कटर, चैन ड्राइव, हाइड्रॉलिक पम्प | 220 नग | 11.07.2025 |
| 6 | 64255133 | कैटरपिलर इंजन | 02 नग | 09.07.2025 |
| 7 | 30253029 | स्पीड सेंसर एफएस01 | 134 नग | 22.07.2025 |

**नोटः** उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण **IREPS** वेबसाईट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाओं में किसी भी बदलाव/शुद्धि-पत्र के लिए कृपया इस वेबसाईट को नियमित रूप से देखें। समाचार-पत्र मे कोई अलग से शुद्धि-पत्र/परिवर्तन प्रकाशित नही किया जाएगा। **1029/25(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in


# गाड़ी हटाने के बहाने स्कार्पियो लेकर फरार

**सोनीपतः** मुरथल थाना क्षेत्र स्थित होटल ब्राउन स्टोन के बाहर से गाड़ी लेकर फरार होने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने आरोपित के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। शिव कॉलोनी सोनीपत निवासी प्रिंस ने बताया कि वह आठ जून की रात करीब 10 बजे होटल ब्राउन स्टोन में अपने जानकार से मिलने गया था। वहां कंसाला का अंकित भी मौजूद था।


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **वैभव शुक्ला पुत्रः** श्री विनोद कुमार शुक्ला **पताः** जे–46, विजय चौक के पास, लक्ष्मी नगर दिल्ली, ने **FIR No. 366/2019, U/s 232/451/506/34 IPC IPC थानाः शकरपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया हैं (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **वैभव शुक्ला,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **वैभव शुक्ला,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 366/2019, U/s 232/451/506/34 IPC थानाः शकरपुर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **वैभव शुक्ला,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री पी. भार्गव राव**
**जेएमएफसी–05, पूर्व, कमरा नं. 3,**
**कड़कड़डूमा कोर्ट दिल्ली**

**DP/7605/ED/2025 (Court Matter)**



# एक्शन इंडिया
## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# बिजली-पानी के स्मार्ट मीटर लगेंगे, प्रस्ताव पास

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी मिली जिनमें स्मार्ट मीटर लगाना पुराने बिजली के तारों का नवीनीकरण और नालों की सफाई शामिल है। पालिका ने कर्मचारियों के हित में भी फैसले लिए हैं जैसे कि पेंशन के मामलों का निपटारा और आवास आवंटन में छूट।

**सहूलियत**

- स्मार्ट मीटर से पानी की आपूर्ति मापना
- पुरानी सीवर लाइन बदलने का प्रस्ताव
- कर्मियों के लंबित पेंशन मामले निपटाने का निर्देश



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) की काउंसिल की बैठक में कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। इसमें प्रमुख तौर पर बिजली-पानी के नए स्मार्ट मीटर लगाने के साथ ही भूमिगत पुराने हो चुके बिजली के तारों और नालों की सफाई व कर्मचारियों के कल्याण के लिए प्रस्ताव पारित किए गए हैं। हालांकि चुनाव पूर्व प्रवेश वर्मा द्वारा तालकटोरा स्टेडियम का नाम बदलने का प्रस्ताव पहली ही काउंसिल की बैठक में पारित करने का वादा पूरा नहीं हो सका। इसमें प्रवेश वर्मा ने सफाई दी है कि उन्होंने प्रस्ताव को गृहमंत्रालय को भेज रखा है जैसे ही प्रस्ताव को मंजूरी मिलेगी नाम बदलने का कार्य पूरा कर दिया जाएगा। काउंसिल की बैठक के बाद प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत चहल ने बताया कि दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश वर्मा की अध्यक्षता में काउंसिल की बैठक में कई अहम प्रस्तावों को पारित किया गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लोगों को स्वच्छ पानी देने के और पुराने पानी के मीटरों को बदलने के लिए एनडीएमसी ने महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए सभी मीटर स्मार्ट करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि यह मीटर मैग्नेटिक प्रूफ होंगे। साथ ही मीटर में यह भी देखा जा सकेगा कि पानी कितनी तेजी से आ रहा है या पानी की आपूर्ति धीमी गति से हो रही है। उन्होंने बताया कि 30.84 करोड़ रुपये की राशि इस कार्य के लिए मंजूर की गई है। वहीं पिलंजी गांव के आस-पास की पानी की पाइपलाइन को चरणबद्ध तरीके से बदला जाएगा। इसमें 66.44 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई है। इसमें एनबीसीसी ने सरोजनी नगर में किए जा रहे पुनर्विकास के तहत इन लाइनों को बदलने का आग्रह किया था। इसके साथ ही एनडीएमसी ने पुराने भूमिगत बिजली के तारों को बदलने का निर्णय भी लिया है। एनडीएमसी उपाध्यक्ष ने बताया कि 33 केवी की ईएसएस स्कूल लेन, सिंधिया हाउस 33 केवी, ईएसएस निर्माण भवन से ईएसएस विद्युत भवन, शाहजहां रोड और बापूधाम की पुरानी बिजली की तारों को बदला जाएगा। 6.75 करोड़ रुपये का इसके लिए बजट मंजूर किया गया है। वहीं, दिल्ली में होने वाले बड़े कार्यक्रमों में आने वाले लोगों के लिए अस्थायी आरामगृह भी बनाने का प्रस्ताव पारित किया है।

**सुनहरी पुल नाले की सफाई के लिए 70 करोड़ रुपये मंजूर**

दिल्ली मेट्रो के सहयोग से दयाल सिंह कालेज से सुनहरी पुल नाले तक हो रही नाले की सफाई के लिए एनडीएमसी ने 70 करोड़ रुपये का फंड मंजूर किया है। मेट्रो इस काम को करेगी जबकि फंड एनडीएमसी उपलब्ध कराएगी। मेट्रो ने इस कार्य को शुरू कर दिया है। इसके लिए हाल ही में निविदा आमंत्रित की थी। सुनहरी पुल नाले की सफाई 2010 के बाद से नहीं हुई है। चूंकि इसकी वजह से भारती नगर और गोल्फ कोर्स जैसे इलाके जलभराव के कारण जलमग्न हो जाते हैं इसलिए मेट्रो से इस कार्य को कराया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त जलभराव की समस्या के समाधान के लिए ही भी करीब दो किलोमीटर लंबी पुरानी सीवरेज लाइन को बदलने का प्रस्ताव पारित किया है। इसमें कुशक नाले से ब्रिगेडियर होशियार सिंह मार्ग पर अरबिंदो मार्ग तक पुरानी सीवर की लाइन को बदला जाएगा।

## दिल्ली ट्रैफिक पुलिस का सड़क सुरक्षा अभियान तेज

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में सड़क सुरक्षा को लेकर ट्रैफिक पुलिस ने एक व्यापक जागरूकता अभियान चलाया है। ट्रैफिक पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यह अभियान सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया, जिसमें हजारों नागरिकों को ट्रैफिक नियमों, महिलाओं की सुरक्षा और सुरक्षित यात्रा के लिए आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी गई। प्रमुख चौराहों पर जनजागरूकतादिल्ली ट्रैफिक पुलिस की टीम ने बुराड़ी चौराहा, 11 मूर्ति चौराहा और सुभाष नगर रेड लाइट चौराहा सहित कई व्यस्त मार्गों पर जागरूकता अभियान चलाया।

## सांसद बिधूड़ी ने की फतेहपुर बेरी भाटी में छात्राओं का कॉलेज खोलने की मांग



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली से लोकसभा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने शुक्रवार को गांव फतेहपुर बेरी भाटी में छात्राओं के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय का कॉलेज खोलने की मांग को लेकर दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.योगेश सिंह को पार्लियामेंट्री एनेक्सी में ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि संसदीय समिति की बैठक में भी यह मामला उठाया। रामवीर सिंह बिधूड़ी ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि आज दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह से मुलाकात कर के छात्राओं के लिए कॉलेज खोलने की मांग की। बिधूड़ी ने बताया कि प्रो. योगेश सिंह ने इस मामले में जल्द से जल्द कार्यवाही का आश्वासन दिया है। उन्होंने बताया कि दिल्ली में पिछले 30 वर्षों में डीयू का कोई नया कॉलेज नहीं खुला गया है। वहीं भाटी के आसपास के क्षेत्र में कोई कॉलेज नहीं है। दिल्ली सरकार गांव फतेहपुर बेरी भाटी में छात्राओं के कॉलेज के लिए, जमीन भी दे चुकी है। लेकिन कॉलेज नहीं खुल पाया है। इसके कारण छात्राओं को 12वीं के बाद दो से तीन घंटे का सफर कर कॉलेज जाना पड़ता है।

## विवि अनाथ बच्चों के दाखिले के लिए कोटा शुरू करेगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (आईपीयू) ने शुक्रवार को विभिन्न प्रोग्राम में दाखिले के लिए अनाथ बच्चों का कोटा शुरू करने का फैसला लिया। कुलपति डॉ. महेश वर्मा ने बताया कि सातवें अकादमिक परिषद की बैठक में इस कोटे को अकादमिक सत्र 2025-26 से शुरू करने का फैसला ले लिया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा पिछले साल शुरू किए गए "एकल बालिका कोटा" की तर्ज पर दोनों कैंपस में चल रहे सभी विश्वविद्यालय स्कूल के समस्त यूजी और पीजी प्रोग्राम में एक अतिरिक्त सीट इस कोटे से भरी जाएंगी। कुलपति डॉ. महेश वर्मा ने आज बैठक के बाद पत्रकार वार्ता में बताया कि इस कोटे से



दाखिला लेने वाले छात्र की पूरी फीस माफ कर दी जाएगी। इसके लिए छात्र को विश्वविद्यालय द्वारा चलाई जा रही वित्तीय सहायता योजना "ईडब्ल्यूएस स्कीम" में सौ फीसदी फीस छूट के लिए आवेदन करना होगा। इस जनकल्याणकारी कोटा को शुरू करने के मकसद पर प्रकाश डालते हुए डॉ. महेश वर्मा ने कहा कि कोरोना महामारी के बाद ऐसे अनाथ बच्चों की संख्या बढ़ी है। विश्वविद्यालय का काम शिक्षा प्रदान करने के साथ जनसरोकार के काम भी करना है। जिसे की सभी बच्चों को शिक्षा मिल पाएं। वर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय पूरी कोशिश करेगा कि केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा ऐसे छात्रों के लिए चलाई जा रही विभिन्न वित्तीय सहायता योजनाओं का लाभ भी इन छात्रों को मिलें। उन्होंने बताया कि इस कोटे के बारे में विस्तृत विवरण जल्द ही विश्वविद्यालय की दोनों वेबसाइट पर उपलब्ध होगा। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय ने पिछले साल दाखिले में "एकल बालिका कोटा" और "खेल कोटा" शुरू किया था।

**वित्तीय**

- केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा ऐसे छात्रों के लिए चलाई जा रही विभिन्न वित्तीय सहायता योजनाओं का लाभ भी इन छात्रों को मिलें

## घरेलू सहायिका ने उड़ाए लाखों के गहने, गिरफ्तार


**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** शाहदरा जिले के कृष्णा नगर इलाके में एक महिला द्वारा चोरी की वारदात को अंजाम देने के मामले में पुलिस ने आरोपित को उत्तराखंड के देहरादून से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित महिला से चोरी गए जेवरात और नगदी का एक बड़ा हिस्सा बरामद किया है। शाहदरा जिले की एडिशनल डीसीपी नेहा यादव ने बताया कि घटना 10 जून को सामने आई जब कृष्णा नगर निवासी करमजीत कौर ने पुलिस में ई-एफआईआर दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उनकी घरेलू सहायिका रूबी ने सफाई के दौरान अलमारी से एक बैग चुरा लिया जिसमें बड़ी मात्रा



में सोने-चांदी और हीरे के आभूषण तथा नकदी रखी थी। महिला की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। एडिशनल डीसीपी के अनुसार मामलेको गंभीरता से लेते हुए एक टीम का गठन किया किया गया। टीम ने तत्काल मौके से सीसीटीवी फुटेज एकत्र कर जांच शुरू की।


## फर्जी इमीग्रेशन रैकेट का भंडाफोड़, एजेंट गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** आईजीआई एयरपोर्ट थाना पुलिस ने फर्जी इमीग्रेशन रैकेट का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के मुख्य सरगना अमित कुमार (35) को गिरफ्तार किया है। आरोपित कुरुक्षेत्र का रहने वाला है। जांच में पता चला है कि आरोपित अवैध रूप से यात्रियों को अमेरिका भेजने के लिए नकली इमीग्रेशन मुहरों और झूठे दस्तावेजों का इस्तेमाल करता था। पुलिस अधिकारी के अनुसार 23-24 मई 2025 की रात अमेरिका से डिपोर्ट होकर लौटा एक 23 वर्षीय युवक जब दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचा, तो इमीग्रेशन जांच में उसके पासपोर्ट के कई पन्ने गायब पाए गए। जांच



में खुलासा हुआ कि युवक ने अमेरिका की यात्रा कई देश यूके, फ्रांस, स्पेन, निकारागुआ, होंडुरास, ग्वाटेमाला और मेक्सिको के जरिए अवैध तरीके से की थी। उसने एजेंट के कहने पर पासपोर्ट से वे पन्ने फाड़ दिए थे, जिन पर फर्जी मुहरें लगी थीं। आगे युवक ने पूछताछ में बताया कि वह हरियाणा के अंबाला का रहने वाला है और बेहतर भविष्य की तलाश में अमेरिका जाना चाहता था। इसी दौरान उसकी मुलाकात 'वस इमीग्रेशन' नाम की फर्जी एजेंसी से हुई, जो यमुनानगर, हरियाणा में संचालित होती थी। यहां अमित कुमार, राजत और हर्षबीर नामक एजेंटों ने उससे 35 लाख लिए और अवैध तरीके से उसकी यात्रा की व्यवस्था की। आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस ने मुकदमा दर्ज करजांच शुरू की। पुलिस टीम ने तकनीकी निगरानी और स्थानीय सूचना के आधार पर कई ठिकानों पर छापे मारे। लगातार स्थान बदल रहे आरोपित अमित कुमार को अंततः कुरुक्षेत्र के एक ठिकाने से दबोच लिया। पूछताछ में आरोपित अमित कुमार ने अपना अपराध स्वीकार किया। पूछताछ में उसने बताया कि वह स्नातक है और 2009 में अपने भाई को ऑस्ट्रेलिया भेजने के दौरान वह ऐसे एजेंटों के संपर्क में आया था। बाद में उसने खुद यह काम करना शुरू कर दिया।

## रोहिणी कोर्ट में कंझावला हिट एंड रन मामले में अगली सुनवाई 24 जुलाई को





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली की रोहिणी कोर्ट के एडिशनल सेशंस जज राजिंदर कुमार के उपलब्ध नहीं होने की वजह से कंझावला हिट एंड रन मामले की सुनवाई को टाल दिया गया। मामले की अगली सुनवाई 24 जुलाई को होगी। कोर्ट ने 27 जुलाई, 2023 को चार आरोपियों अमित खन्ना, मनोज मित्तल, मिथुन और कृष्णा के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302, 120B, 201, 212 समेत दूसरी धाराओं के तहत आरोप तय करने का आदेश दिया था। रोहिणी कोर्ट ने तीन आरोपियों दीपक खन्ना,अंकुश और आशुतोष के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 201, 212, 182, 34 और 120बी के आरोप तय करने का आदेश दिया था। दिल्ली पुलिस ने 1 अप्रैल, 2023 को इस मामले में चार्जशीट दाखिल किया था। दिल्ली पुलिस ने 800 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की थी जिसमें 120 लोगों को गवाह बनाया है। अंकुश खन्ना आरोपित अमित खन्ना का भाई है। आशुतोष भारद्वाज उस कार का मालिक है, जिस कार से घसीटते हुए अंजलि की मौत हुई थी। आशुतोष पर आरोप है कि उसने अन्य आरोपितों को बचाने की कोशिश की। इस मामले का सातवां आरोपित अंकुश खन्ना एक और आरोपित अमित खन्ना का भाई है। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में पता चला कि अमित कार चला रहा था और उसके पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था। एफआईआर के मुताबिक दीपक ने शुरुआत में पुलिस को बताया था कि वो कार चला रहा था और मनोज मित्तल उसके बगल वाली सीट पर था। अमित, कृष्णा और मिथुन पीछे वाली सीट पर बैठे थे। पुलिस ने इस मामले में 2 जनवरी, 2023 को आरोपितों मनोज मित्तल, दीपक खन्ना, अमित खन्ना, कृष्णा और मिथुन को गिरफ्तार किया था।

**सुनवाई**

- पुलिस ने 800 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की थी जिसमें 120 लोगों को गवाह बनाया है
- अंकुश खन्ना आरोपित अमित खन्ना का भाई है

## फर्जी विदेश नौकरी रैकेट का मुख्य आरोपित दाऊद गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल (दक्षिण-पश्चिम रेंज) ने बहुचर्चित विदेश नौकरी घोटाले में वांछित चल रहे आरोपित जाकिर दाऊद खान को महाराष्ट्र के पाडघा गांव से गिरफ्तार किया है। आरोपित पर दिल्ली पुलिस ने 50 हजार का इनाम घोषित कर रखा था। स्पेशल सेल के डीसीपी अमित कौशिक ने बताया कि जाकिर दाऊद खान ने फिजा प्लेसमेंट प्राइवेट लिमिटेड के साथ मिलकर बेरोजगार युवाओं को दुबई में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 88 लाख से अधिक की ठगी की। कंपनी के खिलाफ 80 से ज्यादा शिकायतें दर्ज हुईं। जिनमें नकली वीजा, फर्जी एयर टिकट और पासपोर्ट जब्त करने



के आरोप शामिल हैं। डीसीपी के अनुसार वर्ष 2022 में दिल्ली की आर्थिक अपराध शाखा थाने में मुकदमा दर्ज कर इस मामले में पुलिस ने पहले ही अरशद, राम अनमोल ठाकुर, गुलभर अली, और श्रुति को गिरफ्तार कर लिया था। जबकि आरोपित जाकिर लंबे समय से फरार चल रहा था और फरवरी 2024 में उसे अदालत ने घोषित अपराधी घोषित कर दिया था। डीसीपी के अनुसार स्पेशल सेल की टीम ने तकनीकी निगरानी और खुफिया जानकारी के आधार पर आरोपित की लोकेशन महाराष्ट्र के पाडघा गांव में ट्रेस की। कुछ दिनों तक इलाके में निगरानी के बाद जाकिर को उसके ठिकाने से दबोच लिया। जांच में पता चला है कि 38 वर्षीय जाकिर उप्र के देवरिया जिले का निवासी है और बचपन में ही पढ़ाई छोड़कर मुंबई के भिवंडी में हथकरघा उद्योग में काम करने लगा। वर्ष 2015 में वह खुद भी एक एजेंट के झांसे में आकर ठगी का शिकार हुआ था। जिसके बाद उसने इसी धंधे को अपना लिया। जांच में आगे पता चला कि वर्ष 2021 में उसने फिजा प्लेसमेंट के मालिक अरशद से संपर्क किया।

**काबू**

- आरोपित जाकिर दाऊद खान को महाराष्ट्र के पाडघा गांव से गिरफ्तार किया है

## गोगी गैंग का शातिर हथियार सप्लायर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने गोगी गैंग के एक कुख्यात हथियार सप्लायर को गिरफ्तार किया है। आरोपित से एक सेमी-ऑटोमेटिक पिस्टल और चार जिंदा कारतूस बरामद किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान जितेंद्र गोदारा उर्फ धर्मेंद्र कुमार उर्फ धर्मू (33) के रूप में हुई है। वह दिल्ली के गांव भर्थल का रहने वाला है और कुख्यात गोगी गैंग का सक्रिय सदस्य है। पुलिस अधिकारी के अनुसार क्राइम ब्रांच की टीम को सूचना मिली थी कि गोगी गैंग का एक सक्रिय बदमाश बड़ी मात्रा में अवैध हथियार जमा कर रहा है और नजफगढ़ तथा द्वारका क्षेत्र में अपनी गैंग की दहशत कायम करने के लिए कोई बड़ी वारदात करने की योजना बना रहा है। इस सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने एक विशेष टीम गठित की। टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाकर आरोपित जितेंद्र गोदारा को दबोचा। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उसने 2020 में गुरुग्राम (सोहना) में रंजिश में एक हत्या की थी और उसके बाद से वह फरार था। वह गोगी गैंग के सदस्य दिनेश कराला का करीबी रिश्तेदार है और लंबे समय से गैंग के लिए हथियार सप्लाई करता रहा है। वर्ष 2021 में उसे स्पेशल सेल ने पश्चिम बंगाल से लाए गए 50 अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार किया था।

## एक दशक से फरार चल रहे आरोपित को पुलिस ने दबोचा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक दशक से भी ज्यादा समय से फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित खुद को एम्स ऋषिकेश का डॉक्टर बताता था। पकड़े गए आरोपित की पहचान डॉ. राजकुमार शर्मा के रूप में हुई है। पुलिस ने इसके उत्तराखंड के हरिद्वार से गिरफ्तार किया है। आरोपित दो मामलों में वांछित था और वर्ष 2016 व 2015 में अदालत द्वारा भगोड़ा घोषित था। पुलिस के मुताबिक जांच में पता चला है कि आरोपित डॉ. राजकुमार शर्मा (52) हरिद्वार में झाडॉक्टर साहबहू के नाम से




जाना जाता था। पिछले 10 सालों से फरार था। उसने दिल्ली में दो अलग-अलग मामलों में लोगों और बैंकों को करोड़ों रुपये का चूना लगाया था। एक मामले में फर्जी दस्तावेजों के जरिए वाहन ऋण लेकर सरकारी बैंक को धोखा दिया और दूसरे में 14 लाख की धोखाधड़ी कर फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से जमीन बेच दी। पुलिस अधिकारी के अनुसार क्राइम ब्रांच की टीम गुप्त सूचना मिली कि आरोपित हरिद्वार में डॉक्टर के रूप में रह रहा है। 11 और 12 जून की रात पुलिस टीम ने हरिद्वार में छापा मारकर आरोपित को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

## गुरु हरकृष्ण इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च संगत को समर्पित

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने लंबे समय से लंबित प्रतीक्षा को समाप्त करते हुए आज बाला साहिब अस्पताल, जिसे अब "गुरु हरकृष्ण इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च" के नाम से जाना जाएगा, संगत को समर्पित किया। इस कार्यक्रम की शुरुआत श्री अखंड पाठ साहिब के भोग और अरदास के बाद बाबा बचन सिंह द्वारा अस्पताल के उद्घाटन से हुई। इस अवसर पर संगत को संबोधित करते हुए कमेटी के पूर्व प्रधान और वर्तमान कैबिनेट मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा ने अस्पताल की शुरुआत करने के लिए प्रधान सरदार हरमीत सिंह कालका, जनरल सेक्रेटरी सरदार जगदीप सिंह काहलों और पूरी टीम को



बधाई दी। उन्होंने बताया कि यह इमारत पिछले 20 वर्षों से खंडहर बनी हुई थी, लेकिन अब इसे अत्याधुनिक अस्पताल में बदलकर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की गई है। उन्होंने बताया कि 2019 में यहां पहले चरण में मुफ्त डायलिसिस सुविधा शुरू की गई थी और अब ओपीडी, ऑपरेशन थिएटर और विभिन्न वार्ड भी स्थापित किए गए हैं, जिससे संगत को बड़ा लाभ मिलेगा। सिरसा ने यह भी घोषणा की कि दिल्ली सरकार जल्द ही इस अस्पताल के लिए आयुष्मान कार्ड को मंजूरी देगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता को इस कार्यक्रम में शामिल होना था, लेकिन हाल ही में हुई दुखद घटना के कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बुलाई गई मीटिंग की वजह से वे नहीं आ सकीं। उन्होंने कमेटी को सुझाव भी दिया कि एक लॉ कॉलेज शुरू किया जाए, जिससे संगत को बहुत लाभ होगा। साथ ही, यह भी कहा कि कमेटी की टीम अन्य सभी शैक्षणिक संस्थानों को भी बहुत अच्छे ढंग से चला रही है। उन्होंने विरोधियों को भी संदेश दिया कि वे छोटे-छोटे मुद्दों पर राजनीति करने की बजाय कौम के बड़े हितों के लिए काम करें ताकि युवाओं का भविष्य सुरक्षित हो सके। इस मौके पर कमेटी के प्रधान हरमीत सिंह कालका और जनरल सेक्रेटरी जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि विरोधियों द्वारा लंबे समय से बाला साहिब अस्पताल को लेकर झूठा प्रचार किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि इससे पहले 6 वर्षों तक जिनके पास सत्ता थी, उन्होंने एक भी ईंट यहां नहीं लगाई। 2019 में सिरसा की अगुवाई में नई टीम के गठन और मौजूदा टीम के कार्यकाल के दौरान इस अस्पताल को विकसित करने की कोशिशें की गईं।

**जरूरतमंद**

- दिल्ली सरकार बाला साहिब अस्पताल के लिए आयुष्मान कार्ड की मंजूरी जल्द देगी: मनजिंदर सिंह सिरसा
- अस्पताल में जरूरतमंदों के लिए ओपीडी सेवाएं मुफ्त

# हरियाणा में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस होगा ऐतिहासिक

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 21 जून को मनाए जाने वाले 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को ऐतिहासिक बनाने की दिशा में पुरजोर तैयारियां की जा रही हैं। 21 जून को राज्य के 22 जिलों और 121 खंडों में एक साथ आयोजित होने वाले योग कार्यक्रमों में लगभग 11 लाख से अधिक लोग भाग लेंगे। इस वर्ष का राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम कुरुक्षेत्र के पावन ब्रह्म सरोवर पर आयोजित किया जाएगा, जहां से भगवान श्रीकृष्ण ने विश्व को कर्म का संदेश दिया था। इस ऐतिहासिक स्थल पर आयोजित योग सत्र में योग गुरु स्वामी रामदेव स्वयं उपस्थित रहकर लोगों को योगाभ्यास कराएंगे। इस आयोजन में एक लाख से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे न केवल योग को जन-जन तक पहुंचाया जा सके, बल्कि एक नया विश्व रिकॉर्ड भी स्थापित किया जा सके। मुख्यमंत्री आज पंचकूला में भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) प्राथमिक प्रशिक्षण केंद्र, भानू में आयुष विभाग, हरियाणा योग आयोग और आईटीबीपी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के दौरान, मुख्यमंत्री सहित अन्य अतिथियों और आईटीबीपी के जवानों ने अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश हादसे के मृतकों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए दो मिनट का मौन रखा और परमात्मा से दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स?थान देने की कामना की। श्री नायब सिंह सैनी ने भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के जवानों के अद्भुत योगदान को नमन करते हुए कहा कि यह स?थान अनुशासन, सेवा, समर्पण और राष्ट्रभक्ति की जीवंत परंपरा है। हमारे जवान कठिन परिस्थितियों में उत्तर-पूर्वी सीमाओं की दिन-रात रक्षा करते हैं। आपदा, राहत बचाव कार्य, आंतरिक सुरक्षा सहित अंतर्राष्ट्रीय खेलों में आईटीबीपी के जवानों की सहभागिता सदैव अग्रणी रही है। उन्होंने हरियाणा योग आयोग की सराहना करते हुए कहा कि केंद्रीय सुरक्षा बलों के जवानों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए आयोग योग को बढावा दे रहा है। योगासन के खिलाड़ी भी तैयार कर रहा है। आज का यह योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर विशेष महत्व रखता है, क्योंकि यह आगामी 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2025 से एक सप्ताह पहले आयोजित किया जा रहा है। इसका महत्व इसलिए अधिक है, क्योंकि यह देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले जवानों के लिए आयोजित किया गया है। योग हमें उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करने के अतिरिक्त टीम भावना, आपसी सहयोग और अनुशासन भी सिखाता है, इसलिए योग और सैनिकों का गहरा संबंध है।





**विभिन्न योग कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदेशभर में अब तक लगभग 15 लाख 60 हजार से अधिक लोगों ने की भागीदारी:** मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुरूआत गत 27 मई से ही हो चुकी है और पूरे राज्य में योग कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। विभिन्न योग कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदेशभर में अब तक लगभग 15 लाख 60 हजार से अधिक लोगों ने भागीदारी कर योग का अभ्यास किया है। योग कार्यक्रमों के दौरान 61 हजार से ज्यादा औषधीय पौधे लगाए गए हैं।

## योग के साथ अनुशासित जीवनशैली अपनाएं युवा: राव

**टीम एक्शन इंडिया**

**चण्डीगढ़:** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने आज गुरुग्राम के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में आयोजित योग प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहभागिता कर योग के प्रति अपने दृढ़ संकल्प और प्रतिबद्धता को दोहराया। यह प्रशिक्षण सत्र आगामी 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के तहत आयुष विभाग द्वारा आयोजित किया गया था। गुरुग्राम में आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों योग साधकों, सामाजिक संगठनों तथा स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को विभिन्न योगासनों, प्राणायाम और ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया गया। राव नरबीर सिंह ने उपस्थितजन को संबोधित करते हुए कहा कि योग न केवल भारत की सांस्कृतिक विरासत है, बल्कि यह सम्पूर्ण विश्व को स्वास्थ्य, समरसता और आत्मिक शांति का संदेश देने वाला विज्ञान है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज योग वैश्विक पहचान बना चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है और आयुष विभाग द्वारा किए जा रहे ऐसे आयोजनों से प्रदेश में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है। उन्होंने विशेष रूप से युवा पीढ़ी से आग्रह किया कि वे योग को अपने जीवन में अपनाएं और उसे एक अनुशासित जीवनशैली का हिस्सा बनाएं।

**प्रतिबद्धता**

**प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहभागिता कर योग के प्रति अपने दृढ़ संकल्प और प्रतिबद्धता को दोहराया**

## न्यूज फ्लैश

### भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने अहमदाबाद विमान हादसे पर जताया शोक

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने अहमदाबाद में हुए हादसे पर गहरा दुख प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि दर्दनाक विमान हादसा अत्यंत हृदय विदारक एवं मन को व्यथित कर देने वाला है। हरियाणा समेत देश भर के यात्रियों, पायलट, चालक दल के सदस्यों एवं मेडिकल छात्रों की असामयिक मृत्यु बेहद पीड़ादायक है। हुड्डा ने मृतकों को श्रद्धांजलि व परिजनों के प्रति गहरी शोक-संवेदनाएं व्यक्त की है। साथ ही हादसे में घायल लोगों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि हादसे के कारणों की गहराई तक जांच होनी चाहिए और सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि भविष्य में ऐसी अनहोनी ना हो।

### मानवता के लिए हर व्यक्ति कम से कम एक पौधा जरूर लगाए: महीपाल ढांडा

**चण्डीगढ़** : हरियाणा के शिक्षा मंत्री श्री महीपाल ढांडा ने आज पानीपत के गांव उग्राखेड़ी में संकल्प से सिद्धि की और सफाई अभियान के तहत विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ पौधारोपण किया व साफ-सफाई कर लोगों को नियमित रूप से सफाई करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सफाई हमारे जीवन का हिस्सा होना चाहिए। श्री महीपाल ढांडा ने गांव उग्राखेड़ी सहित कई अन्य स्थानों पर भी पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि मानवता के लिए हर व्यक्ति को कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गांव के विकास को लेकर राज्य सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है। हर गांव का सम्मानतर रूप से विकास किया जा रहा है। शिक्षा मंत्री ने गांव में विकास कार्यों को लेकर अपने निजी कोष से चार लाख रुपये की राशि खर्च करने की घोषणा की। इसमें एक लाख रुपये की राशि क्रिकेट पिच बनाने, एक लाख रुपये की राशि स्टेडियम एसोसिएशन द्वारा मैंटेनेंस करने और दो लाख रुपये वरिष्ठ सिटिजन क्लब को विकासात्मक कार्यों पर खर्च करने की घोषणा की।

### मतदाता ही लोकतंत्र का मूल: मुख्य चुनाव आयुक्त

**चंडीगढ़** : हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री पंकज अग्रवाल ने कहा है कि भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र और चुनाव सहायता संस्थान द्वारा स्टॉकहोम, स्वीडन में आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन में चुनाव प्रबंधन और लोकतांत्रिक सहयोग में भारत की दीर्घकालीन साझेदारी का पक्ष रखा श्री पंकज अग्रवाल ने कहा कि विभिन्न देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों के प्रमुखों के साथ भी कई दौर की द्विपक्षीय बैठकें की। इसके अलावा, वे स्वीडन में रह रहे अप्रवासी भारतीयों से भी रूबरू हुए। उन्होंने अप्रवासी भारतीयों को उनके वोट के महत्व के बारे बताया और जानकारी दी कि भारत चुनाव आयोग लोकसभा व विधानसभा चुनाव के दौरान एनआरआई वोटर के वोट डालवाने के लिए अलग से व्यवस्था करता है। भारत एक मजबूत लोकतंत्र है और लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी है कि हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करे। चुनाव आयोग तो चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न करवाने का एक माध्यम होता है। असली मजबूती तो मतदाता होता है। श्री ज्ञानेश कुमार ने चुनाव प्रबंधन में भारत के नेतृत्व को रेखांकित किया। इस सम्मेलन में लगभग 50 देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले 100 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसका आयोजन स्वीडिश विदेश मंत्रालय, स्वीडिश चुनाव प्राधिकरण और ऑस्ट्रेलियाई चुनाव आयोग के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र और चुनाव सहायता संस्थान (इंटरनेशनल आईडीईए) द्वारा किया गया है। उन्होंने बताया कि भारत मुख्य चुनाव आयुक्त ने जिन देशों के मुख्य चुनाव आयुक्तों के साथ बातचीत की है उनमें यूनाइटेड किंगडम, दक्षिण अफ्रीका, इंडोनेशिया, मैक्सिको, मंगोलिया, मोल्दोवा, लिथुआनिया, मोरिशियस, जर्मनी, यूक्रेन, क्रोशिया और स्विट्जरलैंड शामिल हैं। इस कार्यक्रम का मुख्य फोकस क्षेत्रों में गलत सूचना, डिजिटल व्यवधान, चुनावी सुरक्षा, जलवायु संबंधी जोखिम और चुनावों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका शामिल है।

### पंजाब के पठानकोट एयर फोर्स के अपाचे हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग

**चंडीगढ़।** पंजाब के पठानकोट में शुक्रवार को एयरफोर्स के अपाचे हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग हुई है। पायलट व अन्य जवान सुरक्षित हैं। पुलिस ने पूरे क्षेत्र को घेर लिया है। एयर फोर्स के अपाचे हेलीकॉप्टर ने शुक्रवार को पठानकोट एयरबेस से उड़ान भरी थी। हलेड़ा गांव के पास पहुंचने पर तकनीकी खराबी आ गई।

## जेजेपी संसदीय बोर्ड का ऐलान, डॉ अजय सिंह होंगे चेयरमैन

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी ने संगठन नवनिर्माण के तहत संसदीय बोर्ड का गठन किया है। साथ ही जेजेपी ने पांच राज्यों के प्रदेशाध्यक्ष और हरियाणा प्रदेश कार्यकारिणी के पांच वरिष्ठ पदाधिकारियों की नियुक्तियों की सूची जारी की। जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला के नेतृत्व में जेजेपी के संसदीय बोर्ड में पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, पूर्व विधायक गंगाराम, शीला भ्याण, राज सिंह दहिया, राजेश सूटा, कृष्ण प्रजापत गंगवा एवं सभी प्रदेश अध्यक्ष सदस्य होंगे। जेजेपी ने राजस्थान में पृथ्वीराज मील, दिल्ली में दिनेश डागर, उत्तर प्रदेश में चौधरी महेंद्र सिंह, गुजरात में बच्चन सिंह गुर्जर और पंजाब में संदीप न्यौल को प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंपी हैं। इनके अलावा हरियाणा जेजेपी प्रदेश कार्यकारिणी में ऋषिराज राणा और रणदीप कौल को वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया हैं।



## ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने अहमदाबाद में गत दिवस हुए विमान हादसे पर दुख जताया

**टीम एक्शन इंडिया**

**चण्डीगढ-** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने अहमदाबाद में गत दिवस हुए विमान हादसे पर दुख जताते हुए कहा कि इस हादसे में अब हर पहलू से जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाग्रस्त विमान का ब्लैक-बॉक्स मिल गया है जिसमें विमान का सारा रिकॉर्ड होता है और अब जल्द ही इसका भी आंकलन भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब देश के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री स्वयं मौके पर खड़े हैं तो हर पहलु पर जांच की जाएगी। श्री विज आज मीडिया कर्मियों द्वारा अहमदाबाद में हुए विमान के हादसे के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। ऊर्जा मंत्री श्री अनिल विज ने विमान हादसे में मारे गए लोगों के प्रति अपना शोक व्यक्त हुए कहा कि यह विमान हादसा बहुत दुखदाई घटना है क्योंकि इस हादसे में बहुत लोगों की जान चली गई है। विमान हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपानी का जाना पार्टी और देश के लिए एक बहुत बड़ी क्षति है। श्री विज ने मृतकों के परिजनों को सांत्वना देते हुए इस दुख से जल्द बाहर निकलने की कामना भी की है। पत्रकारों द्वारा इस विमान हादसे को लेकर विपक्ष अब जांच की मांग उठा रहा है, के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए ऊर्जा मंत्री ने कहा कि विपक्ष बोले या न बोले लेकिन ये एयरलाइन का प्लेन क्रैश का मामला है और इसमें हर हाल में जांच होनी ही होनी है। श्री विज ने कहा कि प्रधानमंत्री आज सारे काम छोड़कर घटनास्थल पर गए है और जगह-जगह का निरीक्षण कर रहे है और मृतकों के परिजनों से मिले है व अधिकारियों से बातचीत कर रहे है। उन्होंने कहा कि इस विमान हादसे में जो भी वजह रही हों, उसकी तह तक पहुंचा जाएगा क्योंकि ब्लैक बॉक्स मिल गया है जोकि बड़ी बात है। किसी भी प्लेन का सारा रिकॉर्ड ब्लैक-बॉक्स में होता है। बताया जा रहा है कि दुर्घटनाग्रस्त विमान में सवा लाख लीटर व्हाइट पैट्रोल था और दुर्घटना के उपरांत दुर्घटनाग्रस्त क्षेत्र में काफी तापमान उत्पन्न हुआ है, इन सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।



## 311 लाभार्थियों को 221.74 लाख रुपये की वित्तीय सहायता की प्रदान

**टीम एक्शन इंडिया**

**चण्डीगढ़ :** हरियाणा के सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण और अंत्योदय (सेवा) मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान मई माह तक विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत अनुसूचित जाति के 311 लाभार्थियों को 221.74 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की है, जिसमें 24.14 लाख रुपये की सब्सिडी भी शामिल है। श्री कृष्ण कुमार बेदी ने बताया कि निगम द्वारा अनुसूचित जाति से संबंधित लोगों को विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत ऋण मुहैया करवाया जाता है ताकि वे अपना कारोबार और स्व-रोजगार स्थापित कर सकें। इन श्रेणियों में कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्र, औद्योगिक क्षेत्र, व्यापार और कारोबार क्षेत्र तथा स्व-रोजगार क्षेत्र शामिल हैं। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की सहायता से लागू योजनाओं के तहत भी उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्र के अंतर्गत 130 लाभार्थियों को डेरी फार्मिंग, भेड़ पालन और सूअर पालन के लिए 104.72 लाख रुपये का ऋण उपलब्ध करवाया गया है, जिसमें से 97.61 लाख रुपये बैंक ऋण और 7.11 लाख रुपये सब्सिडी के रूप में जारी किए गए हैं।

इसी प्रकार, औद्योगिक क्षेत्र, व्यापार और कारोबार क्षेत्र के अंतर्गत 177 लाभार्थियों को 114.52 लाख रुपये की राशि मुहैया करवाई गई, जिसमें से 86.44 लाख रुपये बैंक ऋण, 16.63 लाख रुपये की सब्सिडी और 11.45 लाख रुपये मार्जिन मनी के रूप में जारी किए गए।

## इंफ्लूएंसर कमल कौर भाभी की हत्या के आरोप में दो गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कंचन कुमारी उर्फ कमल कौर भाभी की हत्या के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान मोगा के जसप्रीत सिंह मेहरू और तरनतारन के निमनरजीत सिंह के रूप में हुई है। हत्या का मास्टरमाइंड अमृतपाल सिंह मेहरू अभी फरार है। बठिंडा की एसएसपी अमनीत कौंडल ने शुक्रवार को बताया कि अमृतपाल और उसके साथियों ने कमल कौर के वीडियो को लेकर उसकी हत्या की है। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वह यूथ को गलत रास्ते पर लेकर जा रही थी। इसे लेकर कमल कौर को समझाया भी था, लेकिन वह नहीं मानी।

## मेयर जैन ने बरसाती पानी की निकासी का प्रबंध कराया



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत।** नगर निगम मेयर राजीव जैन के निर्देश पर परशुराम चौक एवं ओल्ड डी सी रोड सिथत दहिया चौक पर जलभराव की समस्या से निपटने के लिए परशुराम चौक के बाहर लगी टाइल को उखड़वाकर नीचे से नालों के स्लैब निकाले गए और फिर नाले की सफाई करवाकर बरसाती पानी की निकासी का प्रबंध किया गया । नगर निगम मेयर राजीव जैन ने दो दिन पूर्व मौके पर पंहुचकर नालों की सफाई का जायजा लिया था और देखा कि नालों में बुरी तरह मिटटी फंसी हुई है, नालों के मुंह तक बंद हो चुके हैं, ऐसे हालात में पानी की निकासी कैसे संभव थी। राजीव जैन ने स्वंय खड़े होकर जे सी बी बुलवाई और टाइल को उखड़वाया। राजीव जैन ने बताया कि 5 वर्ष पूर्व परशुराम चौक के निर्माण के समय नाले के स्लैब पर मिट्टी डालकर टाइल बिछा दी गई थी जिस कारण नालों की सफाई संभव नहीं हो पा रही थी। इसी तरह दहिया चौक के हालात थे। नालों में पूरी मिटटी भरी पड़ी थी और स्लैब बहुत लम्बे थे जिस कारण सफाई नहीं हो पा रही। राजीव जैन ने नालों के स्लैब में नए मैन होल बनाने के निर्देश दिए ताकि मिट्टी निकालने में आसानी हो सके। उन्होंने बताया कि जलभराव वाले स्थानों को चिन्हित करके समस्या का समाधान खोज कर उन्हें हल करने का प्रयास किया जा रहा है और वह स्वयं लगातार नालों की सफाई का निरीक्षण कर रहे हैं ।

**सफाई**

**नगर निगम मेयर राजीव जैन ने दो दिन पूर्व मौके पर पंहुचकर नालों की सफाई का जायजा लिया था**

## लोगों से भीषण गर्मी के बीच सुरक्षित रहने का किया आग्रह

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ :** हरियाणा सरकार ने राज्य में भीषण गर्मी की स्थिति के बीच लोगों से सतर्क रहने और खुद को एवं अपने परिवार तथा पशुओं को भीषण गर्मी से बचाने के लिए सक्रिय कदम उठाने का आह्वान किया है।

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की वित्त आयुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने जिलों में गर्मी से बचाव के लिए "क्या करें और क्या न करें" के बारे में सक्रिय रूप से प्रचार करें और यह सुनिश्चित करें कि मनुष्यों और पशुओं पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को कम करने के लिए पर्याप्त उपाय किए जाएं। उन्होंने इन उपायों में सार्वजनिक स्थानों पर पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना, गर्मी से बचाव के उपायों के बारे में गहन जन-जागरूकता अभियान शुरू करना, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर तक हीट स्ट्रोक रोगियों के लिए पर्याप्त चिकित्सा आपूर्ति सुनिश्चित करना और हीटवेव के चरम घंटों के दौरान मैनुअल मजदूरों, फेरीवालों, विक्रेताओं और रिक्शा चालकों के लिए काम के घंटों के बारे में सलाह जारी करना शामिल है। हीट स्ट्रोक के कारण होने वाले प्रभाव को कम करने और गंभीर बीमारी या मृत्यु को रोकने के लिए डॉ. मिश्रा ने लोगों से "क्या करें और क्या न करें" के व्यापक नियमों एवं सुझावों का पालन करने का आग्रह किया है। निर्जलीकरण से प्रभावी रूप से निपटने के लिए, सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (ढलउ) और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (उलउ) को पर्याप्त सलाइन घोल और पर्याप्त बिस्तरों से पूरी तरह सुसज्जित रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने नागरिकों को सलाह दी है कि वे प्यासे न होने पर भी पर्याप्त पानी पीएं और यात्रा करते समय पानी साथ रखें। उन्होंने हल्के रंग के ढीले-ढाले और छिद्रयुक्त सूती कपड़े पहनें, साथ ही बाहर जाने पर धूप का चश्मा, छाता, पगड़ी/स्कार्फ, टोपी, जूते या चप्पल जैसे सुरक्षात्मक उपकरणों अथवा वस्तुओं का उपयोग करने की सलाह दी है। बाहर काम करने वालों को टोपी या छाता पहनने और सिर, गर्दन, चेहरे और शरीर के मुलायम अंगों पर गीला कपड़ा रखने की सलाह दी।

**आह्वान**

**अपने परिवार तथा पशुओं को भीषण गर्मी से बचाने के लिए सक्रिय कदम उठाने का आह्वान किया है।**

## पंचकूला जोन की उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच की कार्यवाही 16 और 23 जून को

**टीम एक्शन इंडिया**

**चण्डीगढ़:** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को विश्वसनीय, अच्छी वोल्टेज और निर्बाध बिजली की आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। ह्यपूर्ण उपभोक्ता संतुष्टिह्न के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बिजली निगम द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम प्रारंभ किये गए हैं ताकि उपभोक्ताओं की समस्याओं को त्वरित रूप में सुलझाया जा सके। बिजली निगम के प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच रेगुलेशन 2.8.2 के अनुसार प्रत्येक मामले में एक लाख रुपये से अधिक और 3 लाख रुपये तक की राशि के वित्तीय विवादों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करेगा। पंचकूला जोन के अंतर्गत आने वाले जिलों नामतः कुरुक्षेत्र, अंबाला, पंचकूला, कैथल और यमुनानगर के उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण 16 और 23 जून को जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच, पंचकूला में उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पंचकूला जोन के अंतर्गत आने वाले जिलों के उपभोक्ताओं के गलत बिलों, बिजली की दरों से सम्बंधित मामलों, मीटर सिक्योरिटी से जुड़े मामलों, खराब हुए मीटरों से सम्बंधित मामलों, वोल्टेज से जुड़े हुए मामलों का निपटान किया जाएगा।

उपभोक्ता और निगम के बीच किसी भी विवाद के निपटान के लिए फोरम में वित्तीय विवादों से संबंधित शिकायत प्रस्तुत करने से पहले पिछले छः महीनों के दौरान उपभोक्ता द्वारा भुगतान किए गए बिजली के औसत शुल्क के आधार पर गणना की गई प्रत्येक माह के लिए दावा की गई राशि या उसके द्वारा देय बिजली शुल्क के बराबर राशि, जो कम है, उपभोक्ता को जमा करवानी होगी।

## किसानों ने सैलजा के समक्ष फिर उठाया घग्गर जल वितरण विवाद का मुद्दा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव कुमारी सैलजा ने की मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से आग्रह किया है कि घग्गर और उससे निकलने वाली नहरों के जल वितरण को लेकर एक स्पष्ट, स्थायी और किसान-हितैषी नीति बनाई जाए, जिससे टेल क्षेत्र तक भी सिंचाई हेतु पानी की समान और सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। जल वितरण की प्रक्रिया पारदर्शी और न्यायसंगत हो, जिसके लिए एक नियमबद्ध ढांचा तुरंत प्रभाव से लागू किया जाना आवश्यक है। साथ ही सैलजा ने अहमदाबाद को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहन संवेदना व्यक्त की है। साथ ही चौ चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की निंदा करते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। सांसद कुमारी सैलजा ने शुक्रवार को ऐलनाबाद क्षेत्र में कई गांवों का दौरा किया और दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उधर रानियां और ऐलनाबाद के किसानों ने एक बार फिर उनसे मुलाकात की घग्गर से निकली नहरों के जल वितरण के मामले में बातचीत की। किसानों को सैलजा ने बताया कि उनकी शिकायत को लेकर सीएम को पत्र लिखकर कहा गया है कि जल वितरण को लेकर एक स्पष्ट, स्थायी और किसान-हितैषी नीति बनाई जाए, जिससे टेल क्षेत्र तक भी सिंचाई हेतु पानी की समान और सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। उन्होंने यह भी जोर दिया कि जल वितरण की प्रक्रिया पारदर्शी और न्यायसंगत हो, जिसके लिए एक नियमबद्ध ढांचा तुरंत प्रभाव से लागू किया जाना आवश्यक है। मानसून से पहले तटबंधों की मरम्मत और नहरों की समुचित सफाई का कार्य शीघ्रता से पूरा करने की आवश्यकता पर भी बल दिया, ताकि जल प्रवाह में किसी प्रकार की रुकावट न आए और किसानों को समय पर सिंचाई का लाभ मिल सके। इसके अतिरिक्त सांसद ने यह भी मांग की कि सरकार सीधे किसानों से संवाद कर व्यावहारिक और दीर्घकालिक समाधान सुनिश्चित करे। कुमारी सैलजा ने कहा कि सिरसा और आसपास के क्षेत्र के किसान लंबे समय से जल वितरण में असमानता, भ्रष्टाचार और प्रशासनिक लापरवाही का शिकार हो रहे हैं। टेल क्षेत्र के किसान विशेष रूप से पीड़ित हैं, जहां पानी पहुंचना भी मुश्किल हो गया है, जिससे फसलें प्रभावित हो रही हैं और किसान संकट से जूझ रहे हैं। सांसद ने सरकार से अपेक्षा की है कि इन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर संवेदनशीलता और प्राथमिकता के साथ कार्रवाई की जाए, ताकि क्षेत्र के किसानों को राहत मिल सके और उनकी समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित हो सके।



# राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह में नहीं पहुंचे राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय

**सम्मानित**

- अहमदाबाद विमान हादसे के कारण दौरा कैंसिल
- प्रदेशभर के 378 बच्चे हुए सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** अहमदाबाद में एयर इंडिया के विमान हादसे के चलते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने करनाल दौरा कैंसिल कर दिया। उन्हें बाल दिवस-2025 के राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल होने आना था। उनके साथ हरियाणा बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी को भी समारोह में शिरकत करनी थी, लेकिन वे भी नहीं पहुंची। राज्यपाल ने संदेश भेजा कि कार्यक्रम प्रभावित न हो, इसलिए बच्चों को सम्मानित किया जाए। इसके बाद कार्यक्रम स्थानीय अधिकारियों की निगरानी में सम्पन्न हुआ और हरियाणा के विभिन्न जिलों से पहुंचे 378 छात्र-छात्राओं को उनकी प्रतिभा के लिए सम्मानित किया गया। करनाल के मंगलसेन सभागार में शुक्रवार को निर्धारित समय पर कार्यक्रम की शुरूआत हुई। मुख्यअतिथि के तौर पर राज्यपाल व विशिष्ट अतिथि के रूप में सुमन सैनी की अनुपस्थिति में परिषद की मानद महासचिव सुषमा गुप्ता ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। वहीं नगर निगम करनाल की कमिश्नर डा. वैशाली शर्मा ने मुख्यअतिथि के रूप में बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने विमान हादसे पर शोक जताते हुए कहा कि गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री के निधन से देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है।
बाल कल्याण परिषद द्वारा बाल दिवस के उपलक्ष्य में करवाई गई विभिन्न प्रतियोगिताओं में राज्य स्तर पर विजेता रहे बच्चों को इस समारोह में आमंत्रित किया गया था। बच्चों ने पुरस्कार ग्रहण कर मंच पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। बच्चों की लोक कला, पारंपरिक नृत्यए गायन आदि ने सभागार में मौजूद जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों को सांस्कृतिक समरसता और आत्मविश्वास का अनुभव भी इस मंच से मिला।
गुरुग्राम की भरतनाट्यम डांसर उन्नति को तीसरा पुरस्कार मिला। उसने कहा कि उसे बहुत अच्छा लग रहा है और सफलता के लिए हार्ड वर्क और हार्ट वर्क दोनों जरूरी हैं। हिसार से आई कृतिका को जीके क्विज में पहला स्थान मिला। उसने बताया कि कंपीटिटिव परीक्षाओं की तैयारी से उसका सामान्य ज्ञान बेहतर हुआ है और इस तरह के पुरस्कार उसे आगे बढ? की प्रेरणा देते हैं। वहीं यूकेजी की छात्रा तनवी ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया और इनाम जीता।
परिषद की मानद महासचिव सुषमा गुप्ता ने बताया कि आज के कार्यक्रम में कुल 378 बच्चों को सम्मानित किया गया। राज्यपाल का संदेश प्राप्त हुआ, जिसमें उन्होंने कहा कि विमान दुर्घटना के कारण वे नहीं आ पा रहे हैं, लेकिन कार्यक्रम रद्द न हो और बच्चों को समय पर सम्मान मिलना चाहिए।

## मतदाता सूचियों का होगा पुनरीक्षण : मेहता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** एसडीएम अनुभव मेहता के अनुसार प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निदेर्शानुसार जिला में मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण एक जनवरी 2026 को क्वालिफाइंग तिथि मानकर किया जाएगा। इसके अलावा जहां-जहां जरूरत होगी, वहां नए बीएलओ नियुक्त किए जाएंगे।
प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के साथ आयोजित वीसी के बाद उन्होंने बताया कि जिला के नीलोखेड़ी-19, इंद्री-20, करनाल-21, घरौंडा-22 और असंध-23 विधानसभा क्षेत्र में पोलिंग बूथों के रेशनेलाइजेशन का कार्य जारी है। आयोग के निदेर्शानुसार जिन बूथों पर 12 सौ से अधिक मतदाता होंगे वहां नए बूथ बनाए जाएंगे। इस समय नीलोखेड़ी हलके में 230, इंद्री में 220, करनाल में 234, घरौंडा में 250 और असंध में 247 बूथ हैं। नीलोखेड़ी में 46, इंद्री में 60, करनाल में 123, घरौंडा में 36 और असंध में 33 नए बूथ बनाए जाएंगे। रेशनेलाइजेशन प्रक्रिया पूरी होने के बाद इन बूथों के लिए बीएलओ की नियुक्ति की जाएगी।

# जनता और प्रशासन के बीच की अहम कड़ी बने सभी योग सहायकः नीरू रानी




**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर (धर्मवीर)-**
जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ प्रतिभा भाटिया के दिशा-निर्देशन में डॉ अजय व सोनिया धीमान के मार्गदर्शन में आयुष विभाग की ओर से योग सहायक नीरू रानी के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल 2025 के थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग, प्रोटोकॉल अभ्यास गुर्जर कन्या महाविद्यालय देवधर यमुनानगर में कुशलता पूर्वक करवाया गया। जिसमें गुर्जर कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर ममता शर्मा ने भी छात्राओं के साथ योग दिवस प्रोटोकॉल का अभ्यास किया। गुर्जर कन्या महाविद्यालय की

**अभ्यास**

- प्राचार्या डॉक्टर ममता शर्मा ने भी छात्राओं के साथ योग दिवस प्रोटोकॉल का अभ्यास किया।

प्राचार्य डॉ ममता शर्मा ने बताया कि योग प्रशिक्षण का कार्य पूरे अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि वार्षिक परीक्षाओं के चलते प्रभावी समय प्रबंधन करते हुए महाविद्यालय की अधिकतर छात्राओं को इस प्रोटोकॉल का अभ्यास करने के लिए निर्देशित किया। यह प्रशिक्षण गुर्जर महाविद्यालय में दो चरणों में पूरा हुआ। डॉ ममता शर्मा ने कहा कि रुचि पूर्वक सभी छात्राओं के साथ प्रोटोकॉल में भाग लेते हुए विभिन्न आसनों को बखूबी किया और सभी छात्राओं के लिए एक मिसाल बनी। उन्होंने कहा की वर्तमान समय में छात्र-छात्राएं मानसिक उत्पीड़न से गुजर रही हैं। अपने उत्तम शारीरिक मानसिक और सामाजिक विकास के लिए उनको प्रतिदिन योग करना बहुत आवश्यक है। इस प्रशिक्षण कार्य को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्रोफेसर हेमराज, दीपा, प्रियंका भिवानी, नेहा व अन्य ने पूरा सहयोग किया।

# विमान हादसे में मृतकों को श्रद्धांजलि देने के बाद कांग्रेस की बैठक स्थगित



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर,(कुलदीप सैनी) :** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे संगठन सर्जन अभियान के अंतर्गत कांग्रेस कार्यकताओं की एक विशेष बैठक शहीद उधम सिंह कांबोज धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक में राजस्थान विधानसभा के विधायक व हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी रफीक खान ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता सतीश दत्ताना भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक की शुरूआत अहमदाबाद में हुए दुर्भाग्यपूर्ण विमान हादसे में मारे गए नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। कांग्रेस कार्यकताओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को नमन किया। इसके पश्चात बैठक को स्थगित कर दिया गया। कांग्रेस नेता सतीश दत्ताना ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बैठक का उद्देश्य संगठन सर्जन अभियान के तहत आगामी रणनीति पर विचार-विमर्श करना था। लेकिन देश में हुई इस दुखद घटना को देखते हुए कार्यकताओं व पदाधिकारियों की सामूहिक सहमति से बैठक को स्थगित कर दिया गया।
उन्होंने बताया कि जल्द ही कार्यकताओं से विचार-विमर्श कर आगामी बैठक की तिथि तय की जाएगी। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के ऑब्जर्वर परमिंद्र सिंह परी, देवेंद्र लक्की, सतीश तेजली, सुरेश ढांडा, बरखाराम पांसरा, सतपाल कौशिक, महिंद्र सिंह नंबरदार, प्रोफेसर राय सिंह, नरपाल सिंह, गुरदयाल पुरी सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अवैध असला सप्लायर को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
सीआईए टू पुलिस टीम ने अवैध असला सप्लाई के आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान गांव मुंडेट जिला शामली हाल चरथावल जिला मुजफ्फरनगर यूपी निवासी खुशनूद के रूप में हुई है।
सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि उनकी टीम ने 18 अक्तूबर 2024 को सेक्टर 29 से रिसालू गांव की और जाने वाली सड़क पर यूपी के मुजफ्फरनगर जिला के कयामपुर गांव निवासी सादिक को दो अवैध देसी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया था।
पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया था बरामद दोनों देसी पिस्तौल वह दोस्तों में रोब दिखाने के लिए गांव मुंडेट जिला शामली हाल चरथावल जिला मुजफ्फरनगर यूपी निवासी खुशनूद से 18 हजार रूपए में खरीदकर लाया था।

# ऑब्जर्वर के सामने कांग्रेस कार्यकर्ताओं का हंगामा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** कस्बा घरौंडा की नई अनाज मंडी स्थित कम्युनिटी हाल में कांग्रेस संगठन सृजन की बैठक में ऑब्जर्वर के सामने ही कांग्रेस कार्यकताओं ने दो कांग्रेस नेताओं के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए हंगामा कर दिया। कार्यकताओं ने गद्दारों को बाहर करो और कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद जैसे नारे लगाए। हंगामे के चलते बैठक नहीं हो पाई। इसके बाद आब्जर्वरों की टीम ने कम्युनिटी हाल के ऊपर बने हाल में अलग-अलग नेताओं के साथ मीटिंग की। नीचे वाले हाल में हंगामा होता रहा। जिन नेताओं के खिलाफ नारेबाजी हुई है, उन्होंने ऑब्जर्वर को शिकायत दी है और कांग्रेस की छवि खराब करने वालों के खिलाफ एक्शन लेने की मांग की है।
कांग्रेस के कार्यकताओं का अपने ही नेताओं के खिलाफ नारेबाजी का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मीटिंग में मौजूद कांग्रेसी सूत्रों के मुताबिक वीरवार को ऑब्जर्वर बूवन कापड़ी, पर्यवेक्षक कैलाशों सैनीए आजाद सिंह व अन्य घरौंडा में कांग्रेस के नेताओं की मीटिंग लेने पहुंचे थे। जिलाध्यक्षों की नियुक्त को लेकर ऑब्जर्वर वन टू वन से पहले कार्यकताओं की बैठक को संबोधित करते है। इस रायशुमारी के बाद ही जिलाध्यक्षों का फैसला होगा। मीटिंग में मौजूद कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस नेता रघबीर संधू मंच पर जाकर बैठ गए। इसके बाद कांग्रेस नेता भूप्पी भी मंच पर पहुंच गए। इसी दौरान मंच से नीचे बैठक कार्यकताओं ने हंगामा शुरू कर दिया और दोनों नेताओं के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी।कांग्रेस नेता रघबीर संधू से फोन पर हुई बातचीत में हंगामे की पुष्टि हुई।

## संक्षिप्त खबरें

### अंबुजा सीमेंट्स ने आईटीआई दरलाघाट में उभरती खेल प्रतिभाओं के लिए जश्न मनाया

**शिमला:** विविधीकृत अदाणी पोर्टफोलियो की सीमेंट और निर्माण सामग्री कंपनी अंबुजा सीमेंट्स,अंबुजा आईटीआई दरलाघाट को संरचित समर्थन के माध्यम से जमीनी स्तर की खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा दे रही है।कंपनी की सीएसआर टीम के नेतृत्व में इस पहल ने प्रशिक्षुओं को सोलन में जिला स्तरीय लड़कों की खेल प्रतियोगिता में सक्रिय रूप से भाग लेने में सक्षम बनाया, जिससे उन्हें मार्गदर्शन, प्रशिक्षण बुनियादी ढांचे और रसद सहायता तक पहुँच मिली। इस समर्थन का परिणाम एक गौरवपूर्ण उपलब्धि के रूप में सामने आया संस्थान के पाँच छात्रों को आगामी राज्य स्तरीय टूनार्मेंट में जिला सोलन का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया, जो आईटीआई के इतिहास में पहली बार हुआ।सरकारी आईटीआई सोलन में आयोजित चार दिवसीय मीट में जिले भर से 16 सरकारी और निजी आईटीआई एक साथ आए।अंबुजा आईटीआई के प्रशिक्षुओं ने एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, बैडमिंटन और खो-खो सहित कई खेल श्रेणियों में उल्लेखनीय प्रतिभा और अनुशासन का प्रदर्शन किया।बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों में मोहित भी शामिल था, जिसने 400 मीटर की दौड़ में पहला स्थान और 800 मीटर और 1500 मीटर दोनों स्पधार्ओं में दूसरा स्थान हासिल किया। अंबुजा आईटीआई की वॉलीबॉल टीम ने जिला स्तरीय फाइनल जीता और पांच खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय टूनार्मेंट के लिए हुआ है। अंबुजा सीमेंट्स का सीएसआर दर्शन कौशल निर्माण और शिक्षा से परे है यह शारीरिक स्वास्थ्य, आत्मविश्वास निर्माण और सामुदायिक जुड़ाव को एकीकृत करके समग्र विकास को बढ़ावा देता है। खेलों में निवेश करके, कंपनी ग्रामीण युवाओं के लिए अपनी पूरी क्षमता को उजागर करने और बड़े मंचों पर अवसरों की आकांक्षा रखने के लिए रास्ते बना रही है।यह उपलब्धि युवाओं की शक्ति में अंबुजा सीमेंट्स के विश्वास और सार्थक, निरंतर कार्रवाई के माध्यम से समुदायों को सशक्त बनाने के लिए इसकी निरंतर प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

### इसुजु मोटर्स इंडिया का आई केयर मानसून सर्विस कैंप 16 जून से

**मंडी:** इसुजु मोटर्स इंडिया द्वारा अपने इसुजु डी मैक्स पिक अप और एसयूवी की रेंज के लिये देश भर में इसुजु आई केयर मानसून कैंप का आयोजन किया जायेगा। यह कैंप 16 जून से शुरू होकर 21 जून को सम्पन्न होगा।यह कैंप मंडी सहित देश भर में इसुजु के सभी अधिकृत डीलर सर्विस आउटलेट्स पर आयोजित किया जायेगा। इस सर्विस कैंप का उद्देश्य ग्राहकों को आर्कषक लाभ देने के साथ साथ रखरखाव के लिये एहतियाती जांच की सुविधा उपलब्ध कराना है ताकि पूरे देश में सभी ग्राहकों को इस मौसम में बिना परेशानी के शानदार ड्राईविंग का अनुभव प्राप्त कर सके। कैंप में आने वाले ग्राहकों को निशुल्क 37 प्वाइंट की पूरी जांच,कुछ शर्तो के साथ लेबर चार्ज पर दस फीसदी, पार्ट्स पर पांच फीसदी,ल्यूब और फिल्यूड पर पांच फीसदी,रिटेल आरएसए की खरीद पर दस फीसदी और निशुल्क रिगन प्राप्त कर सकते हैं।

### राइजिंग राजस्थान पार्टनरशिप कॉन्क्लेव 2025 का आयोजन 11 और 12 दिसंबर 2025 को जयपुर में

**नई दिल्ली।** राजस्थान सरकार का उद्योग विभाग 11 और 12 दिसंबर 2025 को जयपुर में ह्यराइजिंग राजस्थानह्न पार्टनरशिप कॉन्क्लेव 2025 का आयोजन करने जा रहा है। यह आयोजन, राज्य सरकार की निवेश प्रोत्साहन रणनीति का अगला महत्वपूर्ण पड़ाव है, जिसे पिछले वर्ष आयोजित वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन 2024 की अपार सफलता के बाद आगे बढ़ाया जा रहा है। इस शिखर सम्मेलन में 35 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों पर हस्ताक्षर किए गए थे। कॉन्क्लेव के दौरान, उन निवेश प्रस्तावों के क्रियान्वयन की प्रगति साझा की जाएगी जिन पर पहले ही समझौता ज्ञापनों के माध्यम से सहमति बन चुकी है। इसके साथ ही दो दिवसीय आयोजन में राजस्थान की उपलब्धियों, विकास योजनाओं और निवेश के सामाजिक-आर्थिक प्रभावों को प्रदर्शित किया जाएगा।

## वॉलीबॉल किट वितरण कर पार्षद ऋषिपाल ने बढ़ाया बच्चों का उत्साह



**रादौर (कुलदीप सैनी) :** वार्ड नंबर 13 में पार्षद ऋषिपाल नंबरदार ने युवाओं और बच्चों को खेलों की ओर प्रेरित करते हुए उन्हें वॉलीबॉल किट भेंट की। इस अवसर पर आयोजित एक सादे समारोह में पार्षद ने युवाओं से खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने और नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने का आह्वान किया। पार्षद ऋषिपाल नंबरदार ने कहा कि आज का युवा यदि खेलों को अपना लक्ष्य बनाकर मेहनत करे तो वह न केवल व्यक्तिगत रूप से सफल हो सकता है, बल्कि समाज और देश का नाम भी रोशन कर सकता है। उन्होंने कहा कि नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर जब युवा खेलों में हिस्सा लेते हैं, तो वे मानसिक व शारीरिक रूप से भी सशक्त बनते हैं। ऋषिपाल ने कहा कि खेलों से न केवल आत्मविश्वास बढ़ता है, बल्कि टीम भावना और अनुशासन जैसे महत्वपूर्ण गुण भी विकसित होते हैं। इस अवसर पर सिमर, अनुज, अभी, सूरज, प्रिंस, शुभम, दिशांत, सिद्धार्थ, विशु, आकाश, मनीष, सोनू, सुमित, रोहित, वैभव आदि युवा उपस्थित रहे।

# आइटीआइ की वर्दी नहीं उतारने पर छात्र को चाकू मारकर किया घायल

**हमला**

- जिले में दोस्त की बर्थडे पार्टी से लौट रहे आइटीआइ के छात्र पर कुछ युवकों ने चाकू से हमला कर दिया।



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में दोस्त की बर्थडे पार्टी से लौट रहे आइटीआइ के छात्र पर कुछ युवकों ने चाकू से हमला कर दिया। युवकों ने छात्र से कहा कि हमें तुम्हारी आइटीआइ की वर्दी से नफरत है, इसे जल्दी उतार दे। जब छात्र ने वर्दी उतारने से मना किया तो उन्होंने उस पर लगातार चाकू से वार किए, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक की शर्ट खून से लाल हो गई। उसका प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने परिवार के शिकायत पर युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ढाकावाला गांव निवासी 18 वर्षीय लविश ने पुलिस को बताया कि मैं करनाल में ड्राफ्टमैन ट्रेड से आइटीआई कर रहा हूं। गुरुवार को मैं अपने दोस्त अखिलेश, विजय, घनश्याम और लवली के साथ बर्थडे पार्टी में शामिल होकर लौट रहा था। हम सभी पुराने बस स्टैंड पर काउंटर नंबर 9 और 10 के सामने खड़े थे।
लविश ने बताया कि उसी दौरान गगसीना निवासी रूपेश उर्फ रूपा, ऐंचला गांव निवासी कृष, नरुखेड़ी निवासी सचिन नरवाल उर्फ सुच्चा, ऊंचा समाना गांव निवासी आशिष, मलिकपुर निवासी प्रदीप और अन्य लडके उनके पास आए। सभी ने हमारी आइटीआइ की वर्दी पर सवाल उठाने शुरू कर दिए।
लविश ने कहा कि उन युवकों ने कहा कि हमें आइटीआइ की वर्दी से नफरत है। सभी लोग जल्दी से ये वर्दी उतार दो। लविश ने उन युवकों को साफ मना कर दिया कि हम वर्दी नहीं उतारेंगे। ये सुनकर आशीष ने मुझे धक्का दे दिया। तभी उसके साथ आए युवकों ने मुझ पर चाकुओं से हमला कर दिया। उन्होंने कमर, कंधे, छाती और चेहरे पर वार किए। मैंने खुद को बचाने की काफी कोशिश की, लेकिन वे नहीं रुके। हमले में मैं गंभीर रूप से घायल हो गया।
आसपास के लोगों ने घटना की सूचना शहर थाना पुलिस को दी। सूचना पर एसआइ नरेंद्र कुमार और हेड कांस्टेबल नरेश कुमार पहुंचे। पुराने बस स्टैंड के काउंटर नंबर 9-10 के पास फर्श पर खून फैला हुआ था। वहां लोगों ने बताया कि घायल युवक को कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है। टीम मेडिकल कॉलेज पहुंची। यहां लविश को भर्ती किया जा चुका था। वहां पर उसका भाई मौजूद था।
लविश के भाई रोहित ने बताया कि हम 3 भाई हैं। लविश सबसे छोटा है। चाकू लगने के बाद हमने अपने भाई को रिक्शा में ले जाकर कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया,लेकिन वहां पर ट्रीटमेंट ठीक नहीं था और न ही ध्यान दिया जा रहा था। इसलिए हम उसे प्राइवेट अस्पताल में लेकर आ गए।
जहां पर वह आइसीयू में भर्ती है और स्थिति गंभीर है।
जांच अधिकारी नरेंद्र कुमार ने बताया कि शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। बस स्टैंड व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जाएगा, ताकि आरोपियों के बारे में कोई जानकारी मिल सके। फिलहाल आरोपियों की तलाश की जा रही है, जिन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# ट्रैक्टर-ट्राली से कुचले जाने से मजदूर की मौत



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में ट्रैक्टर-ट्रॉली ने एक मजदूर को कुचल दिया। ट्रैक्टर ड्राइवर ट्रॉली को बैक कर रहा था और इसी दौरान ट्रॉली के पीछे खड़ा मजदूर दीवार और ट्रॉली के बीच में आ गया। हादसे में घायल मजदूर को पहले करनाल के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां उसे उसे करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में रेफर कर दिया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।
मृतक की पहचान यूपी के सहारनपुर जिले के गंगोह थाना क्षेत्र के गांव ताताहेड़ी निवासी 40 वर्षीय समीम के रूप में हुई है। वह बीते दो-तीन महीनों से मजदूरी के सिलसिले में जोहड़ माजरा गांव आता-जाता था। कभी-कभी वहीं रुक भी जाता था। 12 जून की रात करीब 8 बजे मृतक के भाई मजाहिर को फोन पर सूचना मिली कि उसके भाई समीम को एक ट्रैक्टर ट्रॉली ने बैक करते समय टक्कर मार दी है और उसे कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज करनाल में भर्ती करवाया गया है। मजाहिर ने बताया कि सूचना मिलते ही वह अपने परिवार के कुछ लोगों के साथ तुरंत करनाल के लिए रवाना हुआ और रात करीब 9.15 बजे अस्पताल पहुंचा। वहां मजदूर साथियों ने बताया कि हालत गंभीर होने पर समीम को पहले निजी अस्पताल ले जाया गया था।

## पुलिस कर्मियों पर पैर कुचलने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** कस्बा निसिंग में 2 पुलिस कर्मचारियों पर युवक ने उसका पैर कुचलने का आरोप लगाया है। आरोप है कि जब युवक और उसके दोस्त अनाज मंडी में थे तो उसी वक्त दो पुलिस वाले आए और एक ने कार की चाबी ली और जबरन गाड़ी में बैठ गया। तभी पुलिस वाले ने फिल्मी स्टाइल में कार को घुमाया और बाहर खड़े युवक के पैर पर कार का पहिया चढ़ा दिया।
युवक को तड़पता छोडकर पुलिस वाले चले गए। युवक को उसके साथियों ने अस्पताल पहुंचाया। वहीं पुलिस का दावा है कि युवक कार में शराब पी रहे थे और स्टंटबाजी कर रहे थे। घायल युवक व उसके परिजनों ने न्याय



की मांग करते हुए दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।
घटना बुधवार शाम की है, जब निसिंग की पुरानी अनाज मंडी में वार्ड नंबर-1 के सुमित, अमन, कमल और मुकेश नाम के 4 युवक अपनी कार में बैठकर पार्टी कर रहे थे। तभी पुलिस की राइडर पर सवार 2 पुलिस कर्मचारी वहां पहुंचे। पीड़ितों के अनुसार उनमें से एक पुलिस कर्मचारी ने बिना कुछ पूछे उनकी कार की चाबी ली और जबरदस्ती कार में बैठ गया।

# श्री राम सेवादार ट्रस्ट ने लगाया विशाल भंडारा, मानवता की सेवा में पेश की मिसाल



**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला/मैनपाल**
**धर्म** नगरी पंचकूला में मानवता की सेवा का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करते हुए श्री राम सेवादार ट्रस्ट ने गुरुवार को एक विशाल भंडारे का आयोजन किया। यह भंडारा सेक्टर 6 स्थित सिविल अस्पताल के बाहर आयोजित किया गया, जिसमें पीजीआई लंगर सेवा का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम सुबह 11:30 बजे शुरू हुआ और दोपहर तक सैकड़ों राहगीरों व मरीजों के तीमारदारों ने लंगर प्रसाद ग्रहण किया। ट्रस्ट का उद्देश्य केवल धार्मिक भावना को जागृत करना नहीं, बल्कि सेवा भावना को समाज में स्थापित करना भी है। भगवान का नाम लेने जितना पुण्य सेवा कार्य में भी निहित है झ यही संदेश इस आयोजन के माध्यम से दिया गया। लंगर में स्वादिष्ट व पौष्टिक भोजन परोसा गया, जिसमें शुद्धता और प्रेम की झलक स्पष्ट रूप से नजर आई।
इस अवसर पर मुकेश बंसल, राकेश गोयल, नरेश सिंगला, मनदीप सिंगला तथा सोहन लाल गोयल विशेष रूप से उपस्थित रहे। इन सभी ने मिलकर न केवल व्यवस्था को संभाला बल्कि स्वयं भी सेवा में भाग लिया। ट्रस्ट के सदस्यों का कहना है कि वे भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा कार्यों को निरंतर जारी रखेंगे। भंडारे के अंत में ट्रस्ट की ओर से पीजीआई लंगर सेवा के समस्त सदस्यों एवं उपस्थित सभी सेवाभावी व्यक्तियों का आभार प्रकट किया गया।

## संपादकीय

# अकल्पनीय होता है हवा में हर हादसा

**अहमदाबाद** में एयर इंडिया के वोइंग विमान के क्रेश होने की खबर जब वायरल हुई उस समय में एक सुपरफास्ट रेल में सफर कर रहा था. हादसे की खबर सुनकर मै सिहर उठा. थोडी ही देर में हादसे की तस्वीरें भी आना शुरू हो गई जिन्हे देख कुछ देर के लिए लगा जैसे सांस रुक रही है. बोइंग में 242यात्री थे और जीवित बचा सिर्फ 1.इसे चमत्कार कहा जाए तो कम नहीं होगा.

हर हादसा एक त्रासदी होता है और हर मौद दुखद लेकिन कोई भी हवाई त्रासदी सबसे दुखद होती है, क्योंकि हवाई हादसों में किसी के भी बचने की संभावना नगण्य होती है. बात 12 जून 2025 की है.अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास मेघानीनगर इलाके में एयर इंडिया की फ्लाइट अक-171 (बोइंग 787–8 ड्रीमलाइनर) टेकऑफ के कुछ सेकंड बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गई। यह विमान अहमदाबाद से लंदन (गैटविक) जा रहा था और इसमें 242 लोग सवार थे, जिनमें 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली, और 1 कनाडाई नागरिक शामिल थे। हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी समेत 204 लोगों की मौत की पुष्टि हुई, जबकि दीव के रमेश विश्वास कुमार एकमात्र जीवित बचे। विमान ने दोपहर 1:38 बजे रनवे 23 से उड़ान भरी और तुरंत टअ ऊअ संदेश भेजा, जिसके बाद एटीसी से संपर्क टूट गया।यह विमान मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल बिल्डिंग से टकराया, जिससे आग लग गई और घना काला धुआं उठा। मलबा 1.5 किमी तक फैला।प्रारंभिक जांच में इंजन की तकनीकी खराबी, पायलट की गलती, या टेकऑफ के दौरान बाधा को संभावित कारण बताया गया। बचाव और राहत कार्य एनडीआरएफ, बीएसएफ, सेना, और फायर ब्रिगेड की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। 7 दमकल गाड़ियों ने आग बुझाने का काम शुरू किया।घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया, और ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। अहमदाबाद हवाई अड्डा अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया, जिससे यात्रियों को परेशानी हुई। रेलवे ने विशेष ट्रेनें शुरू कीं। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू और गृह मंत्री अमित शाह अहमदाबाद पहुंचे। जांच के लिए डीजीसीए और अन्य एजेंसियां सक्रिय हैं। प्रधानमंत्री भी संभवत: मौके पर जाएंगे.टाटा ग्रुप ने मृतकों के परिजनों के लिए 1 करोड़ रुपये मुआवजे की घोषणा की। इस हवाई हादसे ने पूरे देश को झकझोर दिया। पीएम मोदी, सीएम भूपेंद्र पटेल, और अन्य नेताओं ने शोक व्यक्त किया।सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दुर्घटना की भयावहता दिखी। कुछ यात्रियों ने हादसे से पहले विमान में खामियों की शिकायत की थी, जिसकी जांच की मांग उठी।।

मै पिछले दो दशक में सैकडों घंटे की हवाई यात्रा का साक्षी हूँ. हवा में तीस चालीस हजार फीट ऊपर घंटों तक उडना जान हथेली पर रखने जैसा होता है, किंतु उन्नत तकनीक और घोर प्रशिक्षण से गुजरे अनुभवी पायलट हर विमान यात्री के लिए देवदूत जैसे होते हैं. विमान बवंडर में फंसे या बादलों में प्राण कंठ में आ जाते हैं. आपदा के समय बताए जाने वाले तमाम सुरक्षात्मक उपाय उ समय धरे रह जाते हैं जब कोई भी विमान हादसे का शिकार होता है.. ऐसे हादसों के बाद लाल बहादुर शास्त्री और माधवराव सिंधिया जैसे मंत्री नैति के चलते अपने पदों से इस्तीफे तक दे देते हैं. लेकिन ये गुजरे जमाने की बात हो चुकी है.. टेकऑफ और लैंडिंग के दौरान हादसे सबसे आम हैं, वर्ष 2023 के वैश्विक आंकड़ों (109 हादसों में 37 टेकऑफ के दौरान) से पता चलता है।यह एक दुखद घटना है, और जांच से हादसे के सटीक कारणों का पता चलने की उम्मीद है।हाल के आंकड़ों के अनुसार, हवाई यात्रा को परिवहन का सबसे सुरक्षित साधन माना जाता है, लेकिन दुर्घटनाओं का प्रतिशत समझने के लिए कुछ तथ्य महत्वपूर्ण हैं:एविएशन सेफ्टी नेटवर्क के अनुसार, 2017 से 2023 के बीच दुनियाभर में 813 विमान हादसे हुए, जिनमें 1,473 यात्रियों की मौत हुई।

# डरावना ब्लैक थर्सडे, लील गया कई जीवन की सांसे

**संजीव ठाकुर**

> "230 यात्रियों और 12 विमान के क्रू मेंबर सहित काल के गाल में समा गये लेकिन ईश्वर की कृपा से एक यात्री रमेश विश्वास कुमार सकुशल बच गया, यह जीवित व्यक्ति खुद चलते हुए आपातकालीन रक्षक स्क्वाड के पास आया उसे तुरंत चिकित्सीय व्यवस्था करवाई गई, रमेश विश्वास कुमार भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक हैं वे अपने भाई नीरज के साथ परिवारजनों से मिलने भारत आए हुए थे पर ईश्वर की लीला देखिए रमेश विश्वास कुमार तो अब कुशल जीवित हैं पर उनके भाई अब इस दुनिया में नहीं रहे वे विमान हादसे के शिकार हो गए। इसी तरह जैसा की गुजरात के बीजेपी अध्यक्ष पाटील जी ने इस बात की पुष्टि की है कि गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी भी इस विमान हादसे में दिवंगत हो गए हैं वे अपनी पत्नी को लाने लंदन जा रहे थे। विमान का संचालन पायलट सुमित सभरवाल कर रहे थे जिन्हें 8200 घंटे विमान उड़ाने का दीर्घ अनुभव था साथ में को पायलट ऑफिसर लाइव सुंदर भी थे"

**नमन ,श्रद्धांजलि, ॐशांति ॐ।**

**बोइंग** 787-8 ड्रीम लाइनर विमान के पायलट ने अहमदाबाद के वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से उड़ने से 15 सेकंड बाद उड़ते विमान का सबसे खतरनाक संदेश " मेडे-मेडे-मेडे" एयर ट्रैफिक कंट्रोल अहमदाबाद एयरपोर्ट को भेजा था और तब ट्रैफिक कंट्रोल के संचालकों को यह मौका भी नहीं मिला कि वे इस फ्रांसीसी शब्द के मतलब विमान को खतरा के संकेत के बाद कोई सुरक्षा व्यवस्था कर पाते,इतनी ही देर में विमान मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल में गिरकर आग का गोला बनकर तबाह हो गया और 230 यात्रियों और 12 विमान के क्रू मेंबर सहित काल के गाल में समा गये लेकिन ईश्वर की कृपा से एक यात्री रमेश विश्वास कुमार सकुशल बच गया, यह जीवित व्यक्ति खुद चलते हुए आपातकालीन रक्षक स्क्वाड के पास आया उसे तुरंत चिकित्सीय व्यवस्था करवाई गई, रमेश विश्वास कुमार भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक हैं वे अपने भाई नीरज के साथ परिवारजनों से मिलने भारत आए हुए थे पर ईश्वर की लीला देखिए रमेश विश्वास कुमार तो अब कुशल जीवित हैं पर उनके भाई अब इस दुनिया में नहीं रहे वे विमान हादसे के शिकार हो गए।

इसी तरह जैसा की गुजरात के बीजेपी अध्यक्ष पाटील जी ने इस बात की पुष्टि की है कि गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी भी इस विमान हादसे में दिवंगत हो गए हैं वे अपनी पत्नी को लाने लंदन जा रहे थे। विमान का संचालन पायलट सुमित सभरवाल कर रहे थे जिन्हें 8200 घंटे विमान उड़ाने का दीर्घ अनुभव था साथ में को पायलट ऑफिसर लाइव सुंदर भी थे जिन्हें 1100 घंटे विमान उड़ाने का भी अनुभव प्राप्त था दोनों पायलट इस विमान हादसे में काल-कवलित हो गए। इस विमान में 169 भारतीय 53 ब्रिटिश 7 पुर्तगाली और एक कनाडा का नागरिक भी था इनमें से रमेश विश्वास कुमार के अलावा किसी को यह कल्पना भी नहीं थी कि उनकी जिंदगी की अनमोल सांसें 60 सेकंड में रुक जाएगी और वे सब सब ईश्वर को प्यारे हो जाएंगे। अहमदाबाद एयरपोर्ट का रनवे 23 एक बार फिर चर्चा में आ गया है दुर्घटना अगस्त विमान बोइंग 787 9 ड्रीम लाइनर भी रनवे 23 से उड़कर लंदन जाने वाला था पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस घटना ने 1988



में हुए एक अन्य विमान हादसे की याद दिला दी अहमदाबाद में 1988 के बाद यह दूसरा बड़ा दर्दनाक विमान हादसा है महत्वपूर्ण बात यह है कि दोनों घटनाएं रनवे 23 से ही जुड़ी हुई है। 19 अक्टूबर 1988 को मुंबई से अहमदाबाद आर इंडियन एयरलाइंस का विमान इसी रनवे पर उतरने से पहले हादसे का शिकार हो गया था। इस विमान में 139 यात्री सवार थे जिनमें से 133 यात्रियों की मौत हो गई थी। गुरुवार को अहमदाबाद से लंदन उड़ान भरने वाले विमान ने रनवे 23 से ही उड़ान भरी थी। 1988 की विमान दुर्घटना की जांच में पाया गया था कि विमान पायलटो की गलती के कारण 500 फीट की न्यूनतम ऊंचाई से नीचे आ गया था रिपोर्ट के अनुसार दोनों पायलटो को रनवे देखने में समस्या हुई थी और उन्होंने एयरपोर्ट के पास पहुंचने का प्रयास किया था इसके कारण वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया था 12 तारीख गुरुवार के बोइंग 787-8 विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने का हालांकि नागरिक उड्डयन महानिदेशालय नें इस मामले में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है पर यह दोनों दुर्घटनाएं रनवे 23 में ही हुई थी। पूर्व पायलट अधिकारियों ने कहा है कि बोइंग 787-8 ड्रीम लाइनर विश्व के सर्वाधिक सुरक्षित एवं सुगम यात्रा करने वाला विमान माना जाता है यह अत्यंत अत्यंत आधुनिक विमान भी था जिसकी फ्यूल कैपेसिटी 126000 लीटर एवियशन फ्यूल की थी और यह एक साथ 12 से 13 घंटे की उड़ान भरने वाला विमान जिसकी गति 900 किलोमीटर प्रति घंटे की थी का इस तरह दुर्घटनाग्रस्त होना और इसके दोनों इंजन अचानक फेल हो जाना एक असंभव सी बात नजर आती है। विमान में एक यात्री को छोड़कर 241 यात्रियों के शरीर काफी जल गए है जिंदगी पहचान करना भी एक बड़ा मुश्किल कार्य प्रशासन के सामने आ गया है इस संदर्भ में गुजरात प्रशासन के स्वास्थ्य विभाग में अपने बयान में कहा की मारे गए लोगों की पहचान के लिए डीएनए जांच कराई जाएगी। मृतकों की पहचान के लिए अहमदाबाद सिविल अस्पताल में डीएनए नमूने एकत्रित करने की व्यवस्था की जा रही जिसमें मृतकों के माता-पिता या बच्चे या उनके भाई-बहन अपने डीएनए नमूने दे सकते हैं। जिससे मृतकों की सही-सही पहचान की जा सकेगी। उल्लेखनीय है कि अहमदाबाद एयरपोर्ट की देखरेख का एवं संचालन का कार्य अडानी ग्रुप करता है एवं एयरलाइंस के विमान टाटा समूह संचालित करता है। इसी तारतम्य में टाटा समूह ने घोषणा की है कि सभी मृतक व्यक्तियों को मुआवजे के तौर पर एक-एक करोड रुपए प्रदान किये जाएगे।

यह बात अत्यंत सत्य है कि "जाको राखे साइयां मार सके ना कोय" इस कहावत को चरितार्थ करते हुए इस विमान दुर्घटना से जुड़ी महत्वपूर्ण खबर है कि अहमदाबाद विमान हादसे में ट्रैफिक जाम के कारण एक यात्री भूमि चौहान की जान बच गई एक निजी चैनल को इंटरव्यू देते हुए भूमि ने अत्यंत सहमीं हुई आवाज में बताया कि विमान हादसे की खबर सुनने के बाद मेरा शरीर कांप जाता है मैं कुछ बोल पाने की स्थिति में नहीं थी उन्होंने बताया कि ट्रैफिक जाम में फंसने के कारण भूमि 10 मिनट की देरी से सरदार वल्लभभाई पटेल एयरपोर्ट पहुंची थी जिसके कारण उन्हें अहमदाबाद लंदन की फ्लाइट में चढ़ने की अनुमति नहीं मिली जिससे वे अत्यंत दुखी होकर एग्जिट गेट तक पहुंच गई थी तभी उन्हें पता चला कि विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया है और उनकी जान बच गई है। अपनी जान बचाने के लिए ईश्वर को बहुत-बहुत आभार प्रेषित किया है भूमि चौहान 2 साल बाद लंदन से भारत में छुट्टियां मनाने आई थी उन्होंने भगवान को धन्यवाद देते हुए कहा कि मुझे गणपति बप्पा ने इस बड़े हादसे से बचा लिया है मैं ईश्वर की अत्यंत शुक्रगुजार हूं। उल्लेखनीय है कि बोइंग 787-8 ड्रीम लाइनर की खासियत अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और ईंधन बचाने वाले सक्षम विमान में गिनती की जाती है परंतु यह सदैव विवादों के घेरे में रहा है इसमें सुरक्षा बड़ा मुद्दा है इसके अलावा कई बार उत्पादक गुणवत्ता संबंधी खामियों भी सामने आई हैं अहमदाबाद हादसे ने इस पर फिर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। 787 ड्रीमलाइनर परिवार के पहले संस्करण 787-8 को आधिकारिक तौर पर 2004 में लॉन्च किया गया था पहली उड़ान 15 दिसंबर 2009 को भरी थी इसके बाद अक्टूबर 2011 में ऑल निपान एयरवेज के साथ वाणिज्यिक सेवाओं में इसे लॉन्च किया गया था और इसकी उड़ान में 210 से 248 यात्री सफर कर सकते हैं। एयर इंडिया का विमान जब एयरपोर्ट के पास मेडिकल कर्मियों के आवासीय व हॉस्टल परिसर में गिरा तो चश्मदीद गवाहों के अनुसार ऐसा लगा जैसे धरती कांप उठी हो। हॉस्टल में भोजन कर रहे डॉक्टरों एवं आवासीय परिसर में रह रहे परिवारों में से अनुमानित तौर पर लगभग 50 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। हालांकि आधिकारिक तौर पर कितने नागरिकों की इस विमान दुर्घटना में मौत हुई है इसकी कोई सूचना नहीं दी गई है। यह एक अत्यंत संवेदना और मर्म का विषय है कि इस बड़े विमान हादसे में इतने लोगों की मौत पर पूरे देश को झगजोर दिया है पूरा देश नीशब्द और मौन है। इस हादसे से कई शहरों के कई नागरिक, माता,बहनों एवं पतियों को भारत ने को दिया है हम उनके परिवार के साथ सतत खड़े हैं एवं मृत आत्माओं की शांति के लिए हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं एवं उन्हें नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

## कविता

***पिता को पाती***

पापा मैं जब भी तुमपर कविता लिखूंगा
रात का चौथा पहर लिखूंगा
कमीज के उधड़े कॉलर लिखूंगा
सुलगती धूप में घना शजर लिखूंगा।
निराशा के सन्नाटे चीरती भोर लिखूंगा।
खुदको पतंग तुमको डोर लिखूंगा
कट के, जुड़ के, उलझ के, सिमट के
कैसे भेजा आकाश की ओर लिखूंगा।
मजबूत कंधो की अनमोल सवारी लिखूंगा
रंगीन फूलों की अद्भुत क्यारी लिखूंगा
शैतानी पर मेरी पर्दा डाले जो हरदम
गंभीर चेहरे पर हंसी प्यारी लिखूंगा।
आंसू सुखा दे पल में वो खिलौना लिखूंगा
छाती पर सुलाने का बिछौना लिखूंगा
तप-तप के श्रम की भट्ठी में कैसे
सजाया तुमने ये घरौना लिखूंगा।
पापा मैं जब भी तुमपर कविता लिखूंगा
मीठी यादों की लंबी रहगुजर लिखूंगा
मंजिल पाने की ना हो ख्वाहिश बस
खत्म कभी न हो वो सफर लिखूंगा।
मुट्ठी में धरती आंखो में आसमान लिखूंगा
कभी डिगे न जो वो स्वाभिमान लिखूंगा
जीवन के हर मोड़ पर पापा मैं
बड़े गर्व से तुम्हे अपनी पहचान लिखूंगा।

(तेजेश सिंह नेगी)

## आज भी कम नहीं है विमानन क्षेत्र की चुनौतियां !

**12** जून गुरूवार के दिन एयर इंडिया का विमान बोइंग ड्रीमलाइनर-787, जो कि गुजरात के अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से लंदन के गैटविक हवाई अड्डे के लिए उड़ान भर रहा था, टेकऑफ के कुछ ही मिनटों बाद भयंकर आग का गोला बनकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया और इसमें 265 लोग असमय काल के ग्रास बन गए, यह बहुत ही दुखद और हृदयविदारक घटना है। जानकारी के अनुसार विमान में 169 भारतीयों समेत कुल 242 लोग सवार थे।इसमें 53 ब्रिटिश, 1 कनाडाई और 7 पुर्तगाली यात्री भी थे, जिनमें केवल एक यात्री जिंदा बचा बताया जा रहा है। खबर है कि 625 फीट की ऊंचाई पर विमान ने सिग्नल खो दिए थे और तेजी से नीचे आने लगा था। वास्तव में,इस विमान दुर्घटना के हृदयविदारक दृश्यों ने देश-विदेश में हर किसी को स्तब्ध करके रख दिया। जानकारी के अनुसार बी.जे. मेडिकल कॉलेज के हास्टल की इमारत में भोजन(लंच) कर रहे डॉक्टर तक इस विमान दुर्घटना की चपेट में आ गए। हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की भी मौत हो गई। यहां पाठकों को बताता चलूं कि गुजरात में यह दूसरा भीषण विमान हादसा है। इससे पहले 19 अक्तूबर 1988 को इंडियन एयरलाइंस का मुंबई से आ रहा विमान अहमदाबाद एयरपोर्ट पर लैंडिंग से पूर्व दुर्घटना का शिकार हुआ था और इसमें 130 लोगों की जान चली गई थी। हाल फिलहाल, बोइंग ड्रीमलाइनर-787 विमान हादसे के वास्तविक कारण क्या रहे, इसका पता लगाया जा रहा है, लेकिन कुछ मीडिया हाउस से प्रारंभिक रिपोर्ट्स यह आईं हैं कि 'बर्ड स्ट्राइक' के कारण संभवतया यह हादसा हुआ होगा। कुछ का यह भी कहना है कि टेकऑफ के दौरान तकनीकी या ऑपरेशन से जुड़ी गलती (कॉन्फिगरेशन एरर) ने इस हादसे को जन्म दिया।सच तो यह है कि हादसे को लेकर जितने मुंह हैं उतनी ही बातें और सवाल भी हैं। बहरहाल, जानकारी के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त विमान के दो ब्लैक बॉक्स में से पिछले हिस्से में स्थित एक ब्लैक बॉक्स को ढूंढ लिया गया है और उसे सुरक्षित रखा गया है। बाद में डीजीसीए के अधिकारी इसकी रिकॉर्डिंग का विस्तार से विश्लेषण करेंगे और निष्कर्ष पर पहुंचेंगे। बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि विमान के उड़ान भरते ही पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर को आपातकालीन संदेश भेजा था, लेकिन इसके बाद विमान का संपर्क टूट गया। विमान मेघाणीनगर (एक रिहायशी इलाके में) में दुर्घटनाग्रस्त हुआ, जिसके परिणामस्वरूप आग की लपटों और घने काले धुएं ने पूरे क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया। विमान जिस पांच मंजिला इमारत पर गिरा, वहां ट्रेनी डॉक्टर निवास करते थे, जिससे हताहतों की संख्या और बढ़ी है। बहरहाल, दुर्घटना की मुख्य वजह तो अब तक सामने नहीं आई है, लेकिन लंबी दूरी की उड़ानों में विमान विशेष में ज्यादा ईंधन भरना पड़ता है।

## विचार

# आयुष्मान भारत या असहाय भारत: निजी अस्पतालों में योजना की लूट और लाचारी

**डॉ सत्यवान सौरभ**

भारत सरकार द्वारा शुरू की गई 'आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना' को देश के सबसे बड़े सार्वभौमिक स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम के रूप में प्रचारित किया गया था। इसका उद्देश्य था कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं निःशुल्क मिलें और कोई भी व्यक्ति इलाज के अभाव में अपनी जान न गंवाए। परंतु जब यही योजना निजी अस्पतालों के लिए लाभ का साधन बन जाए और जरूरतमंद नागरिकों के लिए एक जाल, तब यह राष्ट्र के स्वास्थ्य की नहीं, बेबसी की तस्वीर बन जाती है। इस योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों को प्रति वर्ष पाँच लाख रुपये तक की निःशुल्क चिकित्सा सुविधा देने का दावा किया गया। सरकार ने सरकारी और निजी दोनों प्रकार के चिकित्सालयों को सूचीबद्ध किया, जिससे नागरिकों को सुविधाजनक सेवा मिल सके। लेकिन यही सूचीबद्धता बहुत से निजी अस्पतालों के लिए भ्रष्टाचार का दरवाजा बन गई। हरियाणा के एक साधारण परिवार ने इस सच्चाई को तब जाना जब उनका एक बेटा अचानक बीमार पड़ा और उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराने की जरूरत पड़ी। परिवार के पास आयुष्मान कार्ड था, जिससे उन्हें यह विश्वास था कि इलाज बिना पैसे के हो सकेगा। लेकिन अस्पताल ने पहले तो कार्ड को देखकर ही इलाज करने से मना कर दिया। जब कुछ जान-पहचान के माध्यम से प्रवेश संभव हुआ, तब अस्पताल प्रशासन ने बिना किसी पर्ची या बिल के दस हजार रुपये की माँग की। यह राशि सीधे नकद माँगी गई – बिना किसी औपचारिकता के। यह मामला मात्र धन की माँग तक सीमित नहीं रहा। इलाज के दौरान वहाँ की चिकित्सा प्रणाली में घोर लापरवाही देखी गई। नर्सों का व्यवहार, चिकित्सकों की अनुपस्थिति, दस्तावेजों की गड़बड़ी और रोगी की फाइल का गायब होना – इन सबने स्थिति को और भयावह बना दिया। रोगी को एक दिन गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में रखा गया, लेकिन वहाँ की देखरेख और सुविधा नाममात्र की थी। इस घटना से यह स्पष्ट हुआ कि आयुष्मान कार्ड केवल एक कागजी औजार बन चुका है। निजी अस्पताल इस योजना को केवल सरकार से पैसा वसूलने का माध्यम मानते हैं। वास्तविक सेवा की कोई गारंटी नहीं होती।

अनेक अस्पतालों में देखा गया है कि या तो योजना के लाभार्थियों को प्रवेश ही नहीं दिया जाता, या फिर उनसे खुलेआम पैसे माँगे जाते हैं। अनेक बार यह भी देखा गया है कि आवश्यक परीक्षण और दवाएं जानबूझकर योजना के बाहर दिखाकर रोगी से अलग से धन वसूला जाता है। कई बार रोगी को इलाज ही नहीं मिलता, लेकिन सरकारी फाइलों में इलाज दिखाकर धन निकाल लिया जाता है।

इस योजना की निगरानी के लिए राज्य स्तर पर एक स्वास्थ्य एजेंसी बनायी गई है, परंतु व्यवहार में यह तंत्र लगभग निष्क्रिय दिखाई देता है। उपर्युक्त परिवार ने भी योजना की शिकायत हेल्पलाइन पर दर्ज कराई, लेकिन उन्हें कई सप्ताह तक कोई उत्तर नहीं मिला। अस्पताल प्रशासन से जब पूछताछ की गई तो जवाब की बजाय धमकियाँ और उपेक्षा मिलीं। जब कोई सरकारी योजना इस हद तक भ्रष्टाचार की चपेट में आ जाती है, तो आम जनता के विश्वास का टूटना स्वाभाविक है। सरकार जिन जनकल्याणकारी योजनाओं का डंका पीटती है, जमीन पर वे ही योजनाएँ आम नागरिक के लिए अपमान, अपव्यवस्था और लाचारी का पर्याय बन जाती हैं। यदि पाँच लाख रुपये का बीमा होने के बावजूद किसी गरीब को दस हजार रुपये की नकद राशि देनी पड़े, तो यह न केवल योजना का मखौल है, बल्कि सीधे-सीधे एक सामाजिक अन्याय है। समस्या केवल अस्पताल तक सीमित नहीं है। देश के अनेक राज्यों में हजारों ऐसे निजी चिकित्सालय हैं जो इसी प्रकार योजना का लाभ उठाकर जनता को ठग रहे हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया ऑफिस, के-6बी, केवल पार्क एक्सटेंशन, दिल्ली - 33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# अधजली रोटी और अधमरा सच

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

**रामनिहोर** का नाम सुनते ही आपको लगेगा कि कोई भजन मंडली का लीडर होगा। लेकिन नहीं, वह जीवन नामक भजन की मंजीरा भी ठीक से नहीं बजा पाया। उसका नाम ऐसा था जैसे भगवान राम ने किसी निहोरे में उसके बाप को आशीर्वाद दे दिया हो – "लो, इस बार बेटा देना है!" और बेटा ऐसा निकला कि गांव की गली में सब कहते 'अरे, वो जो पिछली बार कुएं में गिरा था, वही ना रामनिहोर?' रामनिहोर के जीवन की शुरूआत उस रोटी से हुई थी जो कभी ठीक से फूली ही नहीं। मां का साया क्या छूता, किस्मत की झाड़ी में उलझ गया। बाबूजी भी वही, जिन्हें 'बाबू' कहने में मुंह चिढ़ता था और 'जी' लगाने में आत्मा। घर में चूल्हा जलता था, मगर रोटी नहीं पकती थी। क्योंकि रोटियों से ज्यादा धुएं की जरूरत थी उस घर को – जिससे गरीबी का पर्दा बना रहे। रामनिहोर पढ़ता था। यानी किताब को खोलकर देख लेता था और फिर पूछता था – 'ये 'पाइथागोरस' किस गाँव का है?' गुरुजी समझाते-समझाते सिर पकड़ लेते। मगर क्या करते, रामनिहोर स्कूल में आता ही इसलिए था कि मिड-डे मील मिल जाए। भूख भी अजीब चीज है, वह 'भूगोल' और 'इतिहास' को एकसाथ निगल जाती है। उसकी कॉपी पर हर साल एक ही बात लिखी जाती – पढ़ाई में कमजोर, लेकिन आचरण उत्तम। ये आचरण भी गाँव की उस गाय जैसा था जो दूध नहीं देती, लेकिन मंदिर की घंटी के पास बैठकर श्रद्धा बढ़ा देती है। एक दिन मास्टर साहब बोले, रामनिहोर, तुझसे कुछ नहीं होगा। तू जिंदगी भर मजदूरी करेगा। रामनिहोर ने मुस्कुरा कर कहा, तो क्या मास्टर साहब, मजदूरी भी तो देश सेवा है। आपके पढ़ाए बच्चे फॉरेन भाग गए, मैं यहीं की मिट्टी उठाऊंगा।ह्व उसे लगा था कि सरकार सबका भला करती है। लेकिन सरकार भी ह्यनींद में किया गया भला है – सुबह सब भूल जाती है। उसने चपरासी की नौकरी के लिए आवेदन दिया। फॉर्म भरते समय उसने ह्ययोग्यता में लिखा – पेट भरने की इच्छा और जिम्मेदारी उठाने की ताकत। लेकिन वहां तो कलेक्टर साहब के मौसेरे फुफेरे के दामाद का लड़का पहले से लाइन में था। एक दिन उसने पंचायत भवन के पास बैठे अफसर से पूछा – सर, क्या मेहनती आदमी को नौकरी नहीं मिलती? अफसर ने बीड़ी सुलगाते हुए कहा – मेहनत तो कीड़े भी करते है। लेकिन नौकरी तो औकात वालों को मिलती है।

## सुरक्षित हवाई यात्रा के लिए ठोस कदम उठाने होंगे

**राजेश माहेश्वरी**

गुजरात के अहमदाबाद में जो भयानक दर्दनाक हादसा हुआ, उसने देश के हर शख्स को गमगीन कर दिया। एअर इंडिया का ड्रीमलाइनर प्लेन अहमदाबाद एयरपोर्ट से उड़ान भरने के लिए मिनट बाद ही बेहद खतरनाक ढंग से क्रैश हो गया। इस घातक प्लेन क्रैश में अभी तक 265 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। जिस बिल्डिंग से प्लेन क्रैश हुआ, उसमें मेडिकल कॉलेज के स्टूडेंट खाना खा रहे थे, वो भी हादसे का शिकार हो गए। प्लेन हादसे का मंजर इतना खौफनाक है कि जिसने भी इसे देखा उसका कलेजा मुंह में आ गय। लोगों के शव कई हिस्सों में बिखरे हुए थे, लोगों के शव इतनी बुरी तरह जले कि उनकी पहचान तक नहीं हो पा रही, इसलिए डीएनए जांच का सहारा लिया जा रहा है। प्लेन में कुल 242 लोग सवार थे, जिसमें 230 पैसेंजर्स, 10 क्रू और दो अनुभवी पायलट सवार थे। इसमें गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी सहित 242 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे। प्लेन में सवार बस एक ही यात्री चमत्कारिक ढंग से बच निकला, जिसका अब अस्पताल में इलाज चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद में उस जगह का दौरा किया, जहां एयर इंडिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। भारत का अब तक का सबसे बड़ा प्लेन हादसा 12 नवम्बर 1996 को हुआ, जिसे चरखी दादरी विमान हादसा कहा जाता है। यह हादसा हरियाणा के चरखी दादरी के पास उस समय हुआ, जब दो प्लेन एक-दूसरे से टकरा गए। इस टक्कर में दोनों विमानों में सवार सभी 349 लोग मारे गए थे। यह दुर्घटना पायलट और एयर ट्रैफिक कंट्रोल के बीच गलतफहमी और ऊंचाई की जानकारी सही से न समझ पाने के कारण हुई थी। 1 जनवरी 1978 को मुंबई से उड़ान भरते ही बोइंग 747 अरब सागर में गिर गया। दिशा भ्रम और तकनीकी खराबी की वजह से हुए इस हादसे में 213 लोगों की जान चली गई। प्लेन मुंबई से दुबई जा रहा था। 22 मई 2010 को एयर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट 812 दुबई से कर्नाटक आ रही थी। विमान में 166 लोग सवार थे। लैंडिंग के समय मौसम ठीक था, लेकिन रनवे छोटा और थोड़ा ऊंचाई पर बना हुआ था।

## न्यूज फ्लैश

### पंचायत उप-चुनाव के मद्देनजर मतदान केंद्रों के आसपास कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगाई गई धारा-163

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
जिलाधीश डॉ० मनोज कुमार ने 15 जून को होने वाले पंचायत उप-चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने तथा मतदान केंद्रों के आसपास कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 लगाने के आदेश जारी किए है। उन्होंने अपने आदेशों में कहा कि 15 जून को कथूरा ब्लॉक के गांव छिछड़ाना तथा गोहाना ब्लॉक के गांव जोली में सरपंच पद के लिए तथा गन्नौर ब्लॉक के गांव पांची जाटान में वार्ड नंबर-4 के पंच पद के लिए उप-चुनाव होगा।
उन्होंने अपने ओदशों में कहा कि चुनाव के दिन मतदान केन्द्र की 200 मीटर परिधि में पांच व पांच से अधिक लोगों के इक्ट्ठा होने व घातक हथियार,फायर आर्म, गंडासा, किरपाण, चाकू, कुल्हाड़ी, जेंली, लाठी आदि लेकर चलने पर पाबंदी रहेगी। उन्होंने कहा कि आदेशों की अवहेलना करने पर संबंधित व्यक्ति भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अनुसार दंड का भागी होगा। उन्होंने कहा कि ये आदेश ड्यूटी पर तैनाम पुलिस व अन्य प्रशासनिक कर्मचारियों पर लागू नहीं होंगे।

### शिवपुरी के सौंदर्यकरण में नहीं कोई बाधा - गोबिंद कांडा

**सिरसा।** (रणबीर खटक)वरिष्ठ भाजपा नेता एवं श्री बाबा तारा जी कुटिया के मुख्य सेवक गोबिंद कांडा ने शिवपुरी में सौंदर्यकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने जीर्णोद्धार कार्य की समीक्षा की। गोबिंद कांडा ने सौंदर्यकरण कार्य को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सौंदर्यकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य चल रहा है। जुलाई तक जीर्णोद्धार के साथ शिवपुरी शुरू हो जाएगी।श्री बाबा तारा जी कुटिया के मुख्य सेवक गोबिंद कांडा शिवपुरी पहुंचे। उन्होंने शिवपुरी जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यकरण कार्य को लेकर प्रगति की समीक्षा की। गोबिंद कांडा ने कहा कि सौंदर्यकरण के बाद शिवपुरी में बड़े बदलाव नजर आएंगे। साथ ही कई आधुनिक सुविधाएं भी उपलब्ध रहेंगी। बीच में जीर्णोद्धार कार्य में कुछ बाधाएं आई थीं जिन्हें दूर कर लिया गया है। अब कार्य तेजी से शुरू हो गया है। फ्लोर टाइल और अन्य निर्माण भी प्रगति पर हैं। गोबिंद कांडा ने आवश्यक निर्देश भी जीर्णोद्धार कार्य को लेकर दिए। उन्होंने कहा कि जुलाई तक करीब 70 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया जाएगा। शेष कार्य साथ साथ चलते रहेंगे। गोबिंद कांडा ने कहा कि शिवपुरी किसी व्यक्ति विशेष की नहीं सभी की सांझी ही।

### रॉयल कॉलेज ऑफ आर्ट की स्नातक सोनाक्षी ने पेश किया जात

**नोएडा ।** ब्रिटिश काउंसिल, कस्तूरबा गांधी मार्ग की गैलरी में जात प्रदर्शनी पेश की जाएगी, जो सोनाक्षी की एक गहरी और प्रभावशाली मूर्तिकला कृति है। यह प्रदर्शनी मां-बेटी की पीढ़ियों की यादों को पारिवारिक चीजों, धातु और उनके अर्थों के जरिए सामने लाती है। यह प्रदर्शनी 11 जून से 31 जुलाई 2025 तक स्टडी यूके: क्रिएटिव कनेक्शन्स क्कके हिस्से के रूप में चलेगी। सोनाक्षी बताती हैं, जात की शुरूआत मेरी अपनी पुरानी यादों को सहेजने के लिए हुई थी, लेकिन यह जल्द ही एक तरह का दावा बन गया—उन पारिवारिक चीजों को खोजने का, जिनमें उन महिलाओं का चुपके से किया गया विरोध छिपा था, जिन्हें सिर्फ.मां, दुल्हन या दादी के रूप में जाना गया। अपनी मूर्तियों के जरिए, मैं मां-बेटी की विरासत को चीजों की यादों के रूप में सहेजती हूं—ताकि आने वाली पीढ़ियों की महिलाएं उन्हें सिर्फ. उनके रोल्स से नहीं, बल्कि उनकी ख्वाहिशों, आजादी और आवाज के साथ जानें। आगरा में जन्मी और अब लंदन में रहने वाली सोनाक्षी चतुर्वेदी ने 2024 में मशहूर रॉयल कॉलेज ऑफ आर्ट से ज्वैलरी और मेटल में एमए पूरा करने वाली सोनाक्षी नई पीढ़ी की कलाकार हैं, जो पुरानी हस्तकला को आधुनिक कला के साथ जोड़ रही हैं। रत्न विशेषज्ञ होने के साथ-साथ इंदिरा गांधी नेशनल सेंटर फॉर द आर्ट्स (संस्कृति मंत्रालय) में शोधकर्ता के रूप में उनका अनुभव उन्हें दक्षिण एशियाई समाजों में गहनों और विरासत के सांस्कृतिक मायने समझने की गहरी समझ देता है।

### इसुजु मोटर्स को 16 जून से देशव्यापी आईकेयर मानसून सर्विस कैंप

**हिसार (ब्यूरो):** इसुजु मोटर्स इंडिया द्वारा अपने इसुजु डी-मैक्स पिक-अप और एसयूवी की रेंज के लिये देश भर में ह्यइसुजु आई केयर मानसून कैंपह्न का आयोजन किया जायेगा। यह कैंप 16 जून से शुरू होकर 21 जून को सम्पन्न होगा। इस सर्विस कैंप का उद्देश्य ग्राहकों को आर्कषक लाभ देने के साथ साथ रखरखाव के लिये एहतियाती जांच की सुविधा उपलब्ध कराना है ताकि पूरे देश में सभी ग्राहकों को इस मौसम में बिना परेशानी के शानदान ड्राईविंग का अनुभव प्राप्त कर सके। यह कैंप हिसार,सहित देश भर में इसुजु के सभी अधिकृत डीलर सर्विस आउटलेट्स पर आयोजित होगा ।

# सिरसा पुलिस व रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने संयुक्त रूप से किया पैदल रूट मार्च

## पुलिस जवानों ने विकट परिस्थितियों से निपटने के लिए संयुक्त रूप से अपना शौर्य प्रदर्शित किया: डीएसपी

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा..(रणबीर खटक)...**
सिरसा पुलिस व रैपिड एक्शन फोर्स द्वारा 11 जून से 16 जून 2025 तक सभी थाना क्षेत्रों में जाकर वहां की भौगोलिक परस्थितियों को जायजा लेने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है । इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सिरसा जिला के प्रमुख धार्मिक स्थलों, साम्प्रदायिक रूप से संवेदनशील शहरों कस्बों व गांवों में पैदल रुट मार्च कर यहां की भौगोलिक,सामाजिक एवं अन्य जानकारी हासिल कर आपातकालिन स्थिति से निपबटे के लिए अभ्यास करना है । डीएसपी संजीव बल्हारा ने बताया कि कई बार धार्मिक,साम्प्रदायिक,जातिगत अथवा विभिन्न प्रकार की अफवाहों को लेकर आमजन में आपसी



टकराव दंगे का रूप ले लेता है । ऐसी परस्थितियों से निबटने के लिए पुलिस को भौगोलिक परिस्थितियों का ज्ञान होना अति जरुरी होता है,ताकि समय रहते पुलिस प्रशासन द्वारा हर चुनौती का सामना किया जा सके । कानून-व्यवस्था बनाये रखने के लिए जिला पुलिस द्वारा समय-समय पर प्रशिक्षण आयोजित कर पुलिस जवानों को अभ्यास करवाया जाता है इसी कड़ी के तहत आज के अभ्यास में ऐलनाबाद के डीएसपी संजीव बल्हारा के अलावा रानियां व ऐलनाबाद थाना प्रभारियों सहित जिला के सैंकड़ों पुलिस कर्मियों ने रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों के साथ हिस्सा लेकर ऐलनाबाद व रानियां क्षेत्र के गांवों व कस्बों में पैदल रुट मार्च निकाल कर भौगोलिक परिस्थितियों का जायजा लिया । उन्होंने बताया कि रैपिड एक्शन फोर्स दंगा नियंत्रण के लिए सबसे विश्वसनीय फोर्स मानी जाती है,जो बिना समय गंवाए,कम से कम वक्त में संकट की स्थिति उत्पन्न होने पर घटना स्थल पर पहुंच कर लोगों में विश्वास पैदा करती है । डीएसपी संजीव बल्हार ने बताया कि अभ्यास के दौरान पुलिस बल ने विकट परिस्थितियों से निपटने के लिए एक-दूसरे जवान से तालमेल रखते हुए अपना शौर्य प्रदर्शित किया । डीएसपी ऐलनाबाद संजीव बल्हारा ने विस्तारपूर्व जानकारी देते हुए बताया कि लगातार चले इस संयुक्त ऑपरेशन में सिरसा पुलिस तथा रैपिड एक्शन फोर्स के सभी जवान आधुनिक हथियारों से लैस रहे । उन्होंने बताया की बवाना नई दिल्ली से आई रैपिड एक्शन फोर्स की 194 बटालिय के कमांडेंट किशोर व सहायक कमांडेंट विजय सिंह सहित आरएएफ की टीम व जिला पुलिस के अधिकारी व पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे ।

## हीट वेव से बचाव के लिए बरतें जरूरी एहतियात : डीसी मीणा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली) :**
उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि गर्मी के बढ़ते प्रकोप व संभावित हीट वेव (लू) की स्थिति के मद्देनजर सभी जिलावासियों से अपील की जाती है कि वे जरूरी एहतियात बरतें। बेवजह घर से बाहर न निकलें। सरकार ने इस संबंध में लोगों की सुरक्षा व उनके स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए विस्तृत गाइडलाइन जारी की है। सभी व्यक्ति इन गाइडलाइन की अनुपालना करें। बच्चों के ग्रीष्म अवकाश शुरू हो चुके हैं, ऐसे में बच्चों को अनावश्यक रूप से धूप व तेजी गर्मी में बाहर न निकलने दें। छोटे बच्चों को बार-बार पानी व ओआरएस का घोल अवश्य पिलाएं। किसी भी परिस्थिति में बीमार होने पर तुरंत डाक्टर को जरूर दिखाएं। उन्होंने आमजन से अपील की है कि हीट वेव के दौरान विशेष सतर्कता बरतें और



स्वास्थ्य संबंधी दिशा-निदेशों का पालन जरूर करें।
उपायुक्त ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में जानकारी दी कि जिला प्रशासन ने अप्रैल माह में ही विस्तृत योजना बनाकर सभी विभागों को जरूरी दिशा-निर्देश दे दिए थे। अभी जिला में बिजली व पेयजल आपूर्ति के संबंध में भी निर्देश दिए गए हैं कि दोनों विभाग पूरी सतर्कता से कार्य करें, ताकि लोगों को कोई परेशानी न हो। मुख्यमंत्री ने अपने नूंह दौरे के दौरान भी निर्देश दिए हैं कि पानी के अवैध कनेक्शन जरूर काटे जाएं, ताकि सभी घरों में पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध हो सके।

### पंचायत समिति लाडवा वार्ड नंबर 15 के उपचुनाव के मद्देनजर धारा 163 लागू

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा (विजय कौशिक)**
उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि राज्य निवार्चन आयोग हरियाणा पंचकूला की अधिसूचना के तहत पंचायती राज्य संस्थाओं के उपचुनाव के मद्देनजर बीएनएसएस 2023 की धारा 163 लागू करने के निर्देश जारी किए हैं। लाडवा खंड में पंचायत समिति लाडवा वार्ड नंबर 15 का उपचुनाव होना है। इस वार्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत गन्नौरी, गजलाना, बीड बडतौली और बडतौली में मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं। उपचुनाव के लिए 15 जून को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा।

## लंबित शिकायतों का प्राथमिकता करें निपटान: उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा, (रणबीर खटक)**
उपायुक्त शांतनु शर्मा ने शुक्रवार को समाधान प्रकोष्ठ के तहत साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में आ रही जन शिकायतों को अधिकारी गंभीरता से लेते हुए उनका प्राथमिकता से समाधान करें। शिविरों में आई जो भी शिकायतें लंबित है उनका जल्द से जल्द निपटान करना सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने शिविर में आई शिकायतों के निपटान, लंबित व रिजेक्शन की समीक्षा की। शिकायतों से संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेते हुए शिकायतों के समाधान की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए।
उपायुक्त ने कहा कि सप्ताह में दो



दिन सोमवार व वीरवार को समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं, जिसका उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित निवारण करना है, इसलिए अधिकारी समाधान शिविर में आई शिकायतों हर रोज समीक्षा करते हुए उनका समयबद्ध निवारण करें। उन्होंने कहा कि रिजेक्शन शिकायतों का भी पुनरीक्षण कर उनका समाधान करें। उन्होंने बताया कि अबतक प्राप्त 6046 शिकायतों में से 4640 का समाधान किया जा चुका है, 298 शिकायतों पर काम चल रहा है तथा 383 शिकायतें रिजेक्ट की जा चुकी हैं। जबकि 111 रिओपन की गई है।

समाधान शिविर में हो रहा शिकायतों का निदान :
उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से शिकायतों के त्वरित निवारण को लेकर की गई समाधान शिविर की पहल से आमजन लाभान्वित हो रहे हैं। शिकायत किसी विभाग से संबंधित हो, शिविर में ही उसका समाधान किया जाता है। शिविर में सभी विभागों से सम्बंधित अधिकारी मौके पर मौजूद रहते हैं और अपने विभाग से सम्बंधित शिकायत की सुनवाई करते हुए उसका समाधान करते हैं। उन्होंने बताया कि सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार को प्रातः 10 से 12 बजे तक जिला व उपमंडल पर समाधान शिविर लगाया जाता है। समाधान शिविर में विभागों के अधिकारी मौजूद रहते हैं। आमजन अपनी कोई भी समस्या हो, उसे समाधान शिविर में रखें और उसका समाधान करवाएं।

### हजारों रुपए की 10 पेटी अवैध शराब सहित व्यक्ति काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा..(रणबीर खटक).....** एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस ने खुर्दा संचालकों व अवैध रुप से शराब बेचने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को हजारों रूपए की 10 पेटी (120) बोतल देशी शराब सहित काबू कर लिया है । इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए नारकोटिक्स सेल प्रभारी सब इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह ने बताया कि बीते शाम नारकोटिक्स सेल की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान रानियां गेट सिरसा क्षेत्र में मौजूद थी । इस दौरान पुलिस पार्टी को महत्वपूर्ण सूचना मिली की वधवा हार्ड वेयर की दुकान के सामने एक व्यक्ति 9/10 पेटियां देशी शराब रखकर बेच रहा है । उक्त सूचना के आधार पर पुलिस पार्टी ने वधवा हार्ड वेयर की दुकान पर दबिश दी तो एक व्यक्ति दुकान के बाहर सार्वजनिक जगह पर शराब की पेटियां रखे हुए बैठा था । पुलिस पार्टी को देखकर उक्त व्यक्ति दुकान के अंदर खिसकने का प्रयास करने लगा तो शक के आधार पर व्यक्ति को काबू कर शराब की पेटियों का लाईसेंस व शराब का परमिट पेश करने के लिए कहा गया । पूछताछ करने पर व्यक्ति शराब का लाइसेंस व परमिट पेश नही कर सका ।

## बिजली आपूर्ति व्यवस्था का हाल जानने रात को गुड़ मंडी पहुंचे निखिल मदान

**बिजली आपूर्ति**

▶▶ बिजली अधिकारियों के साथ बैठक कर जल्द ही बिजली आपूर्ति की सभी खामियां करेंगे दूर

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।। संजीव कौशिक।।**
लाइन पार के गुड मंडी,विशाल नगर और विकास नगर ककरोई रोड पर बिजली आपूर्ति बंद होने की सूचना मिलने पर विधायक



निखिल मदान रात 2 बजे मौके पर पहुंचे। इस दौरान विधायक निखिल मदान ने पुरानी कचहरी ट्रांसफार्मर पर अपने सामने फ्यूज लगवा कर और अन्य खामियां दूर करके क्षेत्र की बिजली आपूर्ति को चालू करवाया। साथ ही मौके पर मौजूद बिजली विभाग के कनिष्ठ अभियंता अंग्रेज सिंह को आदेश दिए कि दो दिन के अंदर रत्न पान वाली गली और सिटी थाने के पास वाली गली की केबल बदलकर 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।
विधायक निखिल मदान ने कहा कि वो पूर्व की भांति बिजली विभाग के सभी अधिकारियों की बैठक लेकर शहर का दौरा करेंगे ताकि लोड के हिसाब से ट्रांसफार्मर की व्यवस्था की जाए और भीषण गर्मी के इस मौसम में 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जाए। इसके साथ ही रोहतक रोड पर पुरानी कचहरी में खाली पड़ी जमीन पर पॉवर हाउस बनाने के कार्य को भी जल्द से जल्द सिरे चढ़ाया जाएगा। एक विस्तृत कार्ययोजना बनाकर पूरे शहर में बिजली आपूर्ति को बेहतर किया जाएगा। इस अवसर पर बिजली विभाग के कनिष्ठ अभियंता अंग्रेज सिंह,भाजपा के अग्रसेन मंडल अध्यक्ष नीरज सोनी, मुकेश मित्तल, निपुण जैन , प्रदीप डागर, नरेश शर्मा, पवन,राहुल शर्मा, निखिल दहिया, गौरव कौशिक,कुलदीप वत्स, शुभम शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## शांतिपूर्वक उप-चुनाव में बाधा डालने वालों से नूंह पुलिस सख्ती से निपटेगी: एसपी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):**
**नूंह** जिला में आगामी 15 जून 2025 को होने वाले पंचायत/जिला परिषद उप-चुनाव - 2025 को मद्देनजर रखते हुए कार्यालय पुलिस अधीक्षक नूंह के सभागार कक्ष में पुलिस अधीक्षक नूंह राजेश कुमार ने सभी उप-पुलिस अधीक्षकों, प्रबंधक थाना, इंचार्ज सीआईए, चौकी प्रभारी व अन्य स्टाफ इंचार्ज, पेट्रोलिंग पार्टी, बूथ पार्टीयों के साथ उप-चुनाव ड्यूटियों के संबंध में गोष्टी की ।
गोष्ठी में उपस्थित सभी



अधिकारियों / कर्मचारियों को पंचायत/जिला परिषद उप-चुनाव को मद्देनजर रखते हुये पुख्ता बन्दोबस्त, चाक चौबन्द सुरक्षा व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये । इसके अतिरिक्त पंचायत/जिला परिषद उप-चुनावों को शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिये स्पेशल पैट्रोलिंग पार्टी भी चुनावी सुरक्षा में लगाई गई हैं तथा उप-चुनाव के दौरान झगडा होने वाले मतदान केन्द्रों पर स्थाई पुलिस बल की अलग झ 2 टुकडी तैनात की गई हैं । झगडा होने की संभावना वाले मतदान केन्द्रों पर शान्तिपूर्वक मतदान सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशाझनिर्देश दिये गये ।

### चार दिवसीय योग साधना शिविर संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाड़वा (विजय कौशिक):** योग साधक साहिल सिंहल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस योग शिविर के चौथे दिन योग साधक संदीप गर्ग एवं नरेश व्यास द्वारा विभिन्न योग आसान करवाए गए। योग साधकों को 21 जून को होने वाले योग दिवस के प्रोटोकॉल के तहत योगासन, प्राणायाम करवाए गए। आज के शिविर में योग साधकों को पेट से जुड़ी समस्याओं के बारे में विस्तार से बताया गया। पेट की बीमारी के लक्षण, उसके उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। आज शिविर के अंतिम दिन परिषद अध्यक्ष अमन गोयल ने शिविर में भागीदारी कर रहे सभी योग साधकों का धन्यवाद किया तथा उन्हें निरंतर योग करने के लिए प्रेरित किया।

## नूंह में 15 को ग्राम पंचायतों सहित पंच, जिला पार्षद का होगा उपचुनाव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ) :**
आगामी 15 जून को जिले की 10 ग्राम पंचायत के अलावा जिला परिषद के वार्ड नंबर 17 सहित तीन पंच पद के होने वाले उपचुनाव में सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहेंगे। इसको लेकर पुलिस विभाग पूरी तरह से सतर्क है। डीएसपी हरिंदर कुमार के अलावा अन्य जिले के संबंधित डीएसपी ने गांव - गांव जाकर लोगों से शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न कराने की अपील की है।
जानकारी के मुताबिक जिले के पुनहाना उपमंडल के भूरियाकी, डूढोली, जालिका, ओथा ग्राम पंचायत में उपचुनाव होगा। इसके अलावा नूंह उपमंडल के



रोजकामेव तथा नवाबगढ़ गांव में उपचुनाव होगा। तावडू खंड के डालाबास, साल्हाका, भाजलाका, चीला ग्राम पंचायत। फिरोजपुर का उपमंडल के मोहम्मद नगर, मंदापुर इत्यादि में चुनाव होगा। जिले में वार्ड नंबर जिला परिषद 17 में 18 गांव के अलावा 10 गांव में सरपंच, तीन गांव में पंच सहित 29 गांव में उपचुनाव की आहट सुनाई देगी। इसके लिए 34 स्थान पर वोट डाले जाएंगे। इसके लिए 54 बूथ बनाए गए हैं।
आपको बता दें कि जिन ग्राम पंचायत में उपचुनाव हो रहे हैं, उनमें अधिकतर शैक्षणिक योग्यता गलत पाए जाने के चलते बर्खास्त किए गए थे। वैसे तो सभी उपचुनाव रोचक हैं, लेकिन इसमें सबसे ज्यादा रोचक उपचुनाव रोजकामेव ग्राम पंचायत का है। जहां ग्राम पंचायत के खाते में तकरीबन 50 - 60 करोड रुपए से अधिक की राशि अभी भी जमा है। बात अगर आम चुनाव में 2 नवंबर 2022 को चुने गए सरपंच दीन मोहम्मद उर्फ धोना की करें तो उन्हें भी एक मामले में जेल की हवा खानी पड़ी। इसके बाद गांव में वार्ड नंबर 2 की पंच नाहिदा को कर्यवाहक सरपंच फरवरी 2024 में चुना गया। दरअसल इस ग्राम पंचायत में रेलवे कॉरिडोर, हुडा के अलावा एचएसआईआईडीसी के द्वारा जमीन का अधिकरण किया गया था।

## सिरसा के समग्र विकास को दर्शाती पेंटिंग का एडीसी ने किया लोकार्पण

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा, (रणबीर खटक)**
अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता में सिरसा के समग्र विकास को दशार्ती पेंटिंग का लोकार्पण किया। जिले के राजकीय स्कूलों में आयोजित करवाई गई पेंटिंग प्रतियोगिताओं के आधार पर 200 से ज्यादा कलाकृतियों के आधार पर यह पेंटिंग बड़ागुढा स्थित पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की कला अध्यापिका प्रवीण रानी के नेतृत्व में छात्रा निशा व प्रियंका द्वारा तैयार की गई है।
पत्रकारवार्ता में एडीसी ने बताया कि सिरसा के बारे में स्टूडेंट्स के विचार पेंटिंग के माध्यम से मांगे गए थे, जिसके बाद 200




से अधिक स्टूडेंट्स ने पेंटिंग के जरिए सिरसा के विभिन्न पहलुओं को दशार्या। उन्होंने बताया कि इस कलाकृति में सबसे ऊपर लड़ाकू विमान को दशार्या गया है, जो सिरसा एयरफोर्स स्टेशन की हवाई ताकत को दशार्ता है। इसके बाद एस शब्द से किन्नू व सिरसा की बागवानी को शामिल किया है। आई शब्द से सरसाई नाथ मंदिर को दशार्या गया है, क्योंकि सिरसा संत सरसाई नाथ जी की नगरी है। आर शब्द से हमारे किसानों की मेहनत को गेहूं-धान सहित अन्य फसलों की उन्नत खेती के रुप में दशार्या गया है। एस शब्द से सफेद झींगा के रूप में सिरसा की प्रसिद्धि दर्शाई गई है। हरियाणा में सबसे अधिक झींगा मछली उत्पादन सिरसा में है। ए शब्द से एजुकेशन स्पिरिट व खेल में हॉकी को दशार्या गया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हॉकी में सिरसा के खिलाडियों की पहचान है।अतिरिक्त उपायुक्त ने लघु सचिवालय के सभागार में मीडिया से बातचीत में कहा कि जिले के विद्यार्थी सिरसा के बारे में क्या सोचते और जानते हैं, इसे पेंटिंग के रूप में तैयार करना था और इसी विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता करवाई गई। इस प्रतियोगिता में स्कूलों से जिला स्तर पर 200 कलाकृति प्राप्त हुई थी।
उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने और विभिन्न विषयों पर जागरूकता बढाने के लिए एक्टीविटी करवाई जाती है। अतिरिक्त उपायुक्त ने यह भी कहा कि जिन विद्यार्थियों ने पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया है, उन्हें भी सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान सरसाई नाथ मंदिर के महंत सुंदराई नाथ, जिला शिक्षा अधिकारी वेद प्रकाश, जिला खेल अधिकारी जगदीप सिंह, किसान रणजीत सिंह, किन्नु उत्पादक तारा चंद, गेहूं उत्पादक कलम रोज, वरिष्ठ हॉकी कोच हरविंद्र आदि मौजूद रहे।

## नशीले पदार्थों की बरामदगी के लिए पुलिस ने गांव उगालन व पुट्ठी में चलाया सर्च अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**हांसी (दिनकर गावड़ी):झ** एंटी नारकोटिक्स सेल हांसी पुलिस ने आज नशा तस्करों को गिरफ्तार करने के लिए गांव उगालन व पुठ्ठी में डॉग स्क्वाड टीम सहित संदिग्धों के निवास स्थान सहित अनेक जगहों पर सर्च ऑपरेशन के तहत जांच की।इस दौरान संदिग्धों के निवास स्थानों की जांच सहित अन्य जगह की छानबीन की गई कि कहीं किसी जगह कोई मादक पदार्थ छुपा रखा हो या कोई नशा बेचने वाला न रहता हो। अभियान के दौरान कोई नशीला पदार्थ बरामद नहीं हुआ। पुलिस अधीक्षक हांसी अमित



यशवर्धन ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करना व अपराधियों में भय उत्पन्न करना है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में मुख्य रूप से नशे का कारोबार करने वालों और आपराधिक गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों पर कार्रवाई सुनिश्चित करना है। पुलिस ने हर संदिग्ध जगह पर जांच की। इस दौरान मादक पदार्थ या संदिग्ध वस्तु का कोई मामला सामने नहीं आया। पुलिस ने सर्च ऑपरेशन के अलावा वहां मौजूद आमजन से कहा कि किसी प्रकार के मादक पदार्थ बेचने वाले या अन्य किसी अपराधी के बारे में पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि नशा तस्करों व अन्य आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ चलाया जा रहा सर्च अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा।

## न्यूज फ्लैश

### विज ने 15 दिन में खराब ट्रांसफार्मर नहीं बदलने पर जेई को किया निलंबित



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने अम्बाला छावनी के चंदपुरा गांव में बिजली के खराब ट्रांसफार्मर को 15 दिन बाद भी नहीं बदलने वाले बिजली निगम के जेई (कनिष्ठ अभियंता) संजय कुमार को निलंबित कर दिया है। अंबाला छावनी के गांव चंदपुरा के ग्रामीणों ने इस संबंध में ऊर्जा मंत्री अनिल विज को शिकायत दी थी जिस पर उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए जेई को निलंबित करने के निर्देश दिए थे। ग्रामीणों का आरोप था कि चंदपुरा में बिजली का ट्रांसफार्मर कई दिनों से खराब है और इस संबंध में उन्होंने इंडस्ट्रियल एरिया, अम्बाला छावनी के जेई संजय कुमार को लगभग 15 दिन पहले शिकायत दी थी। मगर अब तक न तो ट्रांसफार्मर को ठीक किया गया और न ही इसे बदला गया है। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने इस मामले में कड़ा संज्ञान लेते हुए जेई को सस्पेंड करने के निर्देश दिए जिसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। गौरतलब है कि ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने बिजली निगम अधिकारियों को पूर्व में निर्देश दिए थे कि बिजली के खराब ट्रांसफार्मर शहरी क्षेत्र में एक घंटे के भीतर ठीक या बदलकर विद्युत आपूर्ति चालू की जाए और ग्रामीण क्षेत्र में दो घंटे के भीतर ट्रांसफार्मर बदलकर या मरम्मत करके बिजली की आपूर्ति की जाए। उल्लेखनीय है कि ग्रामीणों की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए जहां जेई को सस्पेंड किया गया है वहीं खराब ट्रांसफार्मर को भी बिजली निगम द्वारा बदल दिया गया है।

### धर्मार्थ गौशाला भटगांव की नई कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित





**सोनीपत।** चुनाव अधिकारी अधिवक्ता अनूप दहिया ने बताया कि धर्मार्थ गौशाला भटगांव की नई कार्यकारिणी का चुनाव 29 जून को होना निर्धारित था, जिसमें प्रधान, उपप्रधान, महासचिव सहित 11 सदस्यो के चयन हेतु प्रत्येक पद के लिए एक-एक प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल किया। 12 जून को नामांकन पत्रों की जांच सम्पन्न हुई, जिसमें सभी नामांकन पत्र सही पाए गए। किसी प्रत्याशी के विरोध मे कोई नामांकन पत्र दाखिल नही हुआ अत: समस्त कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित हुई। उन्होंने बताया कि प्रधान पद के लिए अनिल दहिया निवासी गांव सेहरी, उपप्रधान पद के लिए बलजीत सिंह निवासी गांव रोहट, महासचिव पद के लिए राम निवास निवासी आर्य नगर सोनीपत, सहसचिव पद के लिए दिनेश कुमार निवासी गांव खांडा, कोषाध्यक्ष पद के लिए सतपाल निवासी गांव खांडा, कार्यकारिणी सदस्य रोहतास निवासी गांव सलीमसर माजरा, नरेश कुमार निवासी भटगांव माल्याण, नरेश कुमार निवासी महलाना, रणधीर सिंह निवासी भटगांव डूंगरान, रणबीर सिंह निवासी रिढाऊ तथा वेद सिंह निवासी भटगांव डूंगरान निर्विरोध निर्वाचित हुए।

# आई.टी.बी.पी. भानू कैम्प में भव्य योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित

### चारों दिशाओं में योग के प्रकाश को फैलाने का संदेश देकर कार्यक्रम आरम्भ किया

**अभ्यास**

पंक्तिवत, सयंम तथा धैर्य रखते हुए योग क्रियाओं का कुशलता पूर्वक अभ्यास किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकुला/मैनपाल**
11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2025 के उपलक्ष में बी०टी०सी० भानु कैंप में भव्यर योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह योगाभ्यास कार्यक्रम अशोक नेगी, पीएमजी. महानिरीक्षक, बी०टी०सी० के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। जिसमें संस्थान के लगभग-2300 अधिकारियों, पदाधिकारियों, प्रशिक्षणार्थियों एवं नजदीकी क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा पंक्तिवत, सयंम तथा धैर्य रखते हुए योग क्रियाओं का कुशलता पूर्वक अभ्यास किया। योगाभ्यास कार्यक्रम को डॉ. जसप्रीत, योगा फिजियोथरेपिस्ट एवं कु. प्रियंका कोर्डिनेटर हरियाणा योग आयोग के द्वारा आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के प्रोटोकाल के तहत अभ्यास करवाया गया। नायब सिंह सैनी, मुख्यमंत्री, हरियाणा सरकार, योगाभ्यास कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे उनके साथ सुश्री आरती सिंह राव, स्वास्थ्य मंत्री हरियाणा सरकार, भी उपस्थित रही। मुख्यमंत्री के बी.टी.सी. प्रागंण में पधारने पर बिग्रेडियर जगदीप सिंह गोराया, उप महानरीक्षक बी.टी.सी. द्वारा स्वागत किया गया और आई.टी.बी.पी. में अपनी उपस्थिति देने के लिए आभार व्यक्त किया ।

मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर चारों दिशाओं में योग के प्रकाश को फैलाने का संदेश देकर कार्यक्रम आरम्भ किया। उन्होंने अपने संबोधन में योग को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों की सराहना की, और भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल द्वारा देश की उत्तरी सामाओं को सुरक्षित रखने, आन्तरिक सुरक्षा, आपात एवं राहत कार्यो में सहयोग तथा खेलों में भागीदारी जैसे महत्व पूर्ण कार्यो की सराहना की, उन्होंने बल के चुनौती पूर्ण एवं विषम परिस्थितियों में कार्यो की प्रकृति को देखते हुए योग को अपने जीवन में अपनाने पर बल दिया।

मुख्य अथिति महोदय द्वारा स्वयं यौगिक क्रियाओं के अभ्यास में भाग लेकर न केवल बल पदाधिकारियों बल्कि संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें नवयुवा हिमवीर व हिमवीरांगनाओं को भी योग से जुडने के लिए प्रेरित किया। माननीय मुख्यमंत्री द्वारा योग को जीवन में अपनाने के लाभ और व्यक्ति के स्वास्थ्य पर इसके सकारात्मक प्रभावों का भी विस्ता?र पूर्वक उल्लेख किया । इस अवसर पर हरियाणा योग आयोग के चेयरमेन डॉ. जयदीप आर्य, द्वारा अपने सम्बोधन में कहा कि योग भारत की प्राचीन परम्परा है जो ऋषि मुनियों के समय से चली आ रही है, और भारत योग के माध्यम से विश्व गुरु बनकर उभरा है। योग का अर्थ है जोडना और नियमित रूप से योग करना स्वस्थ जीवन को अपनाना है। योग ही जीवन है और योग व्यक्ति के शारीरिक अभ्यास के साथ-साथ मानसिक एवं अध्यात्मिक विकास का भी मार्ग प्रशस्त करता है।

## हीट वेव व गर्मी से बचाव के लिए पहनें ढीले सूती कपड़े



**टीम एक्शन इंडिया**
**इन्द्री/(मैनपाल कश्यप )** एसडीएम अशोक कुमार मुंजाल ने बताया कि गर्मी के मौसम में गर्म हवा और बढ़े हुए तापमान से लू (हीट वेव) लगने का खतरा बढ़ जाता है, खासकर धूप में घूमने वालों बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है, हम लू से बचे रहें यानी बचाव इलाज से बेहतर है। प्रशासन द्वारा जनहित में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है, जिसका सभी पालन करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखें। हीट वेव से बचाव के लिए अपनाएं ये उपाय एसडीएम अशोक कुमार मुंजाल ने आमजन से आह्वान किया कि प्रशासन की ओर से जारी की गई एडवाइजरी की पालना करें और हीट वेव से बचे रहें। उन्होंने बताया कि हीट वेव से बचाव के लिए स्थानीय मौसम संबंधी खबरों के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें। गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढककर रखें, कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं-भले ही प्यास न लगी हो, ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन), घर में बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का मांड) नींबू पानी, छाछ आदि का सेवन कर

**एडवायजरी**

खासकर धूप में घूमने वालों बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है

तरोताजा रहें। पार्किंग के समय बच्चों को वाहनों में छोड़कर न जाएं, उन्हें लू लगने का खतरा हो सकता है, नंगे पांव बाहर न जाएं, गर्मी से राहत के लिए हाथ का पंखा अपने पास रखें, काम के बीच में थोड़ा-थोड़ा विश्राम लें, खेत खलिहान में काम कर रहे हैं तो समय-समय पर पेड़ या छाया में ही आसरा लें। गर्मी के मौसम में जंक फूड का सेवन ना करें।

## सिंचाई विभाग के एचकेआरएन कर्मियों के मिली जॉब सिक्योरिटी, मिठाई बांटकर जताई खुशी

**यमुनानगर/(धर्मबीर)**
**हथनीकुंड** बैराज परिमंडल जगाधरी में हरियाणा कौशल रोजगार निगम के अंतर्गत कार्यरत कच्चे कर्मचारियों को हरियाणा सरकार द्वारा जॉब सिक्योरिटी प्रदान कर दी गई है। विभाग में तैनात 75 कर्मी जो कई-कई साल से विभाग में तैनात रहकर सेवाएं दे रहे हैं उन्होने सरकार की तरफ से यह तोहफा दिए जाने पर खुशी जताई व सरकार का धन्यवाद किया। यह सूचना मिलते ही विभाग में कार्यरत कर्मी एकत्रित हुए और एक्सईएन विनोद छाछिया को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। इस



मौके पर एक्सईएन ने उन्हे बधाई दी और कहा कि जिस तरह वह विभाग में कई सालों से बेहतर सेवाएं देते आ रहे हैं उसी प्रकार जॉब सिक्योरिटी होने पर और बेहतर सेवाएं दें।

## गंदगी से पनपने वाली बीमारियों से बचने के लिए जीवन में स्वच्छता बहुत जरूरी

**स्वच्छता पर बल**

गांव रैहतखाना में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए ग्राम सभा का आयोजन किया गया



**टीम एक्शन इंडिया**
**इन्द्री/( मैनपाल कश्यप )**
**जिला** परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव कुमार के निदेशार्नुसार खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी गुरमालक सिंह के मार्गदर्शन में गांव रैहतखाना में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में उपस्थित महिलाओं एवं पुरूषों को जानकारी दी गई कि स्वच्छ भारत मिशन द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत लोगों को स्वच्छता एवं अपने आसपास साफ सफाई रखने पर विशेष ध्यान देने के प्रति जागरूक किया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन के अधिकारियों द्वारा लोगों को गंदगी से होने वाली बीमारियों से बचने के लिए एवं अपने जीवन में साफ-सफाई व स्वच्छता को अपनाने के लिए जागरूक किया जा रहा हैं। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण खंड समन्वयक ब्रह्मजीत ने स्वच्छता अभियान के तहत ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई रखने में मातृशक्ति के साथ-साथ हम सभी का दायित्व बनता है और ग्रामीण क्षेत्र से गंदगी खत्म करना ही स्वच्छ भारत मिशन का उद्देश्य है। स्वच्छता अभियान लोगों का अपना अभियान है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के प्रति जागरूक होकर ही कई प्रकार की बीमारियों से बच सकते हैं। लगभग 80 प्रतिशत बीमारियां गंदगी के कारण होती है। गंदगी के कारण हैजा, उल्टी, दस्त, पीलिया, बुखार, हैपेटाइटिस जैसी बीमारियां पैदा होती है। उन्होंने कहा कि कोई भी अभियान तब तक सफल नहीं होगा जब तक उसमें आम जनता की भागीदारी न हो।
खंड समन्वयक ब्रह्मजीत ने कहा कि हम सब का कर्तव्य है कि स्वच्छता अभियान में अपना पूरा सहयोग दें और नि:संकोच अपने घर व आसपास की स्वयं सफाई करें तथा अन्य लोगों को भी सफाई के प्रति प्रेरित करें।

## जनता ने शाहाबाद नपा में एनडीसी घोटाले के लगाए आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**
**शाहबाद मारकंडा/(प्रदीप कुमार)**
**शाहाबाद** के कुछ लोग आज इकठ्ठा होकर शाहाबाद नगरपालिका पर प्रदर्शन करने पहुंचे उन्होंने नगरपालिका के कर्मचारियों और अधिकारियों पर एनडीसी घोटाले के आरोप लगाए। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा किनगर पालिका में बढ़ रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ कई बार शिकायत दी जा चुकी। लेकिन अभी तक कोई करवाई अमल में



नहीं लाई गई ,करवाई के नाम पर सिर्फ तबादले ही किए जाते है। जिन अधिकारियों के एनडीसी घोटाले में शामिल होने की सूचना उच्च अधिकारियों को दी जाती है उनका तबादला यहां से दूसरे स्थान पर कर दिया जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस भ्रष्टाचार में

**प्रदर्शन**

लोगों ने कहा कि नगर पालिका में बढ़ रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ कई बार शिकायत दी जा चुकी है

नीचे से लेकर ऊपर तक सभी अधिकारी शामिल है। जिस अधिकारी की शिकायत उच्च अधिकारी को दी जाती है। उसी अधिकारी को उच्च अधिकारी मामले की जांच सौंप देते है। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने 20 जून तक का समय दोषी अधिकारियों पर करवाई के लिए दिया है अगर करवाई नहीं होती तो वो मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें मामले से अवगत कराएंगे।
प्रदर्शन कर लोगों ने कहा कि सरकार अपना काम अच्छे से कर रही है लेकिन अधिकारी सिर्फ अपनी जेब भरने का काम कर रहे है।

## सुशील और दिलबाग सैकड़ों कर्मचारियों को लेकर संगठन में शामिल होंगे: विनोद

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कस यूनियन कैम्प कार्यालय करनाल रजिस्टर नं 41 मुख्यालय चरखी दादरी संबंधित हरियाणा संयुक्त मंच की शाखा पब्लिक हेल्थ की बैठक जिला मुख्यालय यूनियन कार्यालय नियर लघु सचिवालय जलघर प्रांगण सोनीपत में सुबह 11 बजे से दोपहर 02 तक संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता ब्रांच प्रधान विनोद शर्मा एवं मीटिंग का सफल संचालन ब्रांच सचिव सुरेंद्र सिंह ने किया मीटिंग में विशेष रूप से प्रदेश सह सचिव सतीश कुमार रंगा और बी एण्ड आर ब्रांच सचिव मोहन सिंह उपस्थित



रहे प्रदेश सह सचिव सतीश कुमार रंगा और प्रदेश प्रेस प्रवक्ता विनोद शर्मा ने बताया कि 18 जून को जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग परिमण्डल सोनीपत में सोनीपत जिले में कार्यरत सभी ब्रांचों के सैकड़ों कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन करेंगे और अपनी मांगों को लेकर मांगपत्र सौंपा जाएगा ब्रांच प्रधान विनोद शर्मा ने बताया कि 18 जून को पब्लिक हेल्थ ब्रांच सोनीपत का प्रत्येक कर्मचारी रोष प्रदर्शन करने के लिए सर्कल कार्यालय सोनीपत में पहुंचेगा।

## अवैध शराब बेचने का आरोपी गिरफ्तार

**शाहबाद /(प्रदीप कुमार)**
जिला पुलिस ने अवैध शराब बेचने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना शाहबाद पुलिस टीम ने बिना लाईसैंस श?ाब बेचने के आरोप में राजेन्द्र सिंह वासी नगलावासी नगला जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करके उसके कब्जा से 10 बोतल ठेका शराब देशी बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि दिनांक 12 जून 25 को थाना शाहबाद के उप निरीक्षक मनोज कुमार व राजेश कुमार की टीम गांव कलसानी के पास मौजूद थी। पुलिस टीम को गुप्तसूचना मिली कि राजेन्द्र गांव कलसानी से सुलखनी जाने वाले रोड पर बने लोहा के खोखा मे अवैध शराब बेचने का काम करता है।

## सीजेएम ने योग दिवस के आयोजन को लेकर की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम प्रवीन ने एडीआर सैंटर अम्बाला शहर में 21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन को लेकर एक बैठक ली। बैठक के दौरान उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम प्रवीन ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 21 जून को जिला बार एसोसिएशन के सौजन्य से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने





बताया कि योग दिवस कार्यक्रम में ज्यूडिशियल अधिकारियों के साथ-साथ अधिवक्ता भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि इस वर्ष योग दिवस की थीम एक धरती एक स्वास्थ्य योग के लिए है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का हमें सफलतापूर्वक आयोजन करवाना है। उन्होने सभी अधिवक्ताओं व अन्य को आहवान किया कि वे इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर योग से जुड़ें। उन्होंने कहा कि योग को हमें अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। नियमित रूप से योग करके हम अपने शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं तथा अनावश्यक बीमारियों से भी बच

**दिशा-निर्देश**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए

सकते हैं। उन्होंने कहा कि योग दिवस कार्यक्रम पर आयुष विभाग के योग प्रशिक्षकों द्वारा योग की विभिन्न क्रियाओ के माध्यम से उपस्थित सभी को योग की महत्वता बारे जानकारी दी जाएगी। इस मौके पर जिला बार सिंह, कुमार, आयुष विभाग से डा. मनोज के साथ-साथ सम्बन्धित मौजूद रहे।

## वृद्धाश्रम में विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकुला/मैनपाल**
**विश्व** बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के अवसर पर, आज सेक्टर-15, पंचकूला स्थित रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित वृद्धाश्रम में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सूर्य प्रताप सिंह, उप-सदस्य सचिव, हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (एचएएलएसए) के निदेशों और वेद प्रकाश सिरोही, उप-जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए), पंचकूला के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। सुअपर्णा भारद्वाज, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-सह-सचिव, डीएलएसए, पंचकूला ने व्यक्तिगत रूप से शिविर में भाग



लिया और बुजुर्ग निवासियों को संबोधित किया। उनके साथ पैनल अधिवक्ता कुशल चंद और पीएलवी सुवीना रानी भी थीं, जिन्होंने वरिष्ठ नागरिकों को उनके कानूनी अधिकारों और हकों के बारे में जागरूक करने में मदद की। कार्यक्रम के दौरान, वरिष्ठ नागरिकों को नालसा (वरिष्ठ नागरिकों को कानूनी सेवाएं) योजना, 2016 के तहत उनके अधिकारों से अवगत कराया गया। उन्हें पैनल अधिवक्ताओं के माध्यम से याचिका दायर करने और अदालती मामलों में सहायता सहित मुफ्त कानूनी सहायता की उपलब्धता के बारे में भी बताया गया। आगे की सहायता के लिए टोल-फ्रसुअपर्णा भारद्वाज

**जागरूक किया**

नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 और डीएलएसए हेल्पलाइन नंबर 0172-2585566 साझा किए गए।

ने वृद्धाश्रम के प्रत्येक निवासी से व्यक्तिगत रूप से बातचीत की, उनकी चिंताओं को धैर्यपूर्वक सुना और उचित मार्गदर्शन प्रदान किया। बातचीत के दौरान, निवासियों ने सहायता के अभाव में आने वाली चुनौतियों के कारण रात के समय एक परिचर की आवश्यकता व्यक्त की। सुभारद्वाज ने उन्हें आश्वासन दिया कि यह मामला संबंधित अधिकारियों के ध्यान में लाया जाएगा। सुभारद्वाज ने चिकित्सा सुविधाओं के बारे में भी पूछताछ की और उन्हें बताया गया कि वरिष्ठ नागरिकों के पास सरकारी अस्पताल, सेक्टर -6, पंचकूला में स्वास्थ्य कार्ड बने हुए हैं। बुजुर्गों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवा सहायता सुनिश्चित करने के लिए डॉक्टरों और फिजियोथेरेपिस्ट की उपलब्धता पर चर्चा की गई। शिविर का एक महत्वपूर्ण आकर्षण सुभारद्वाज की एक बुजुर्ग व्यक्ति से मुलाकात थी। जिसे कालका से बचाया गया था और वृद्धाश्रम में भर्ती कराया गया था। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला, उप-मंडल विधिक सेवा समिति, और प्रयासों के कारण उनका सफल पुनर्वास संभव हो सका।

## सूरजमुखी की तोलाई में गड़बड़ी को लेकर किसानों ने सीएम का पुतला फूंका

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** सूरजमुखी की तोलाई में गड़बड़ी के बाद किसानों ने आज भी नाराजगी जताई। जिसके चलते किसानों ने रोष जताते हुए अंबाला सिटी की नई अनाज मंडी में जमकर नारेबाजी की और मुख्यमंत्री का पुतला फूंका। किसानों ने प्रशासन पर आरोप लगाए हैं कि वह किसानों के साथ दोहरी निती अपनाए हुए है। उन्होंने कहा कि सरकार एक ओर जहां किसानों को एमएसपी देने की बात कहती है तो वहीं दूसरी ओर किसानों की फसल तोलाई में भी गड़बड़ी हो रही है। मंडी कमेटी ने वीरवार रात को किसानों द्वारा पकड़े गए ट्रकों को



भी रवाना कर दिया। जिससे साफ पता चलता है कि मंडी अधिकारी भी इस गड़बड़ी में शामिल हैं। गड़बड़ी के विरोध में भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह के नेता वीरवार को उपायुक्त को शिकायत देने के लिए पहुंचे थे। इसके बाद जांच कमेटी के साथ यूनियन की बैठक हुई। पर बैठक बेनतीजा रही। किसानों ने कहा कि अधिकारी उन्हें नुकसान की भरपाई करके ट्रकों को छोड़ने के लिए कह रहे हैं। इस पर किसानों ने कहा कि सभी किसानों को वजन के अंतर के सामान भुगतान करने पर ही मामला सुलझाया जाएगा।

# राजलू गढ़ी के कार्तिक राठी बने वायु सेना में फ्लाईंग आफिसर, गांव का नाम किया रौशन

## कार्तिक राठी ने एफकेट परीक्षा 2024 में आल इंडिया में 76 वां रैंक हासिल किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** राजलू गढ़ी गांव के कार्तिक राठी ने वायु सेना में फ्लाईंग आफिसर बनकर गांव का नाम रौशन किया है। कार्तिक राठी ने एफकेट परीक्षा 2024 में आल इंडिया में 76 वां रैंक हासिल किया। कार्तिक राठी अब एक साल हैदराबाद के डूंडीगल में प्रशिक्षण लेगा। बेटे की उपलब्धि से गांव राजलू गढ़ी में खुशी का माहौल है। हाल में कार्तिक राठी परिजनों के साथ सोनीपत में रहता है। कार्तिक को उनके दादा जिले सिंह राठी, सुमेर सिंह, कार्तिक



की दादी मूर्ति देवी, चाचा बैंक प्रबंधक सुनील उर्फ चुन्नू, त्रिलोकचंद शर्मा, जोगेन्द्र राठी, करतार राठी, दिलाबाग राठी ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। फ्लाईंग आफिसर

**खुशी**

**बेटे की उपलब्धि से गांव राजलू गढ़ी में खुशी का माहौल है। हाल में कार्तिक राठी परिजनों के साथ सोनीपत में रहता है।**

बने कार्तिक राठी ने बताया कि पांचवी तक की शिक्षा गन्नौर के डीएवी स्कूल में, बाहरवीं तक ब्राईट स्कोलर स्कूल सोनीपत, स्नातक किरोड़ीमल कालेज दिल्ली से की। उसके बाद यूपीएसई की तैयारी करनी शुरू की और पहली ही बार में एफ-केट 2024 फ्लाईंग आफिसर की परीक्षा दी। जिसमें ही उसका चयन हुआ। कार्तिक राठी ने बताया कि अब उन्हें देश सेवा का मौका मिलेगा। अपनी सफलता का श्रेय कार्तिक राठी ने अपनी दादी मूर्ति देवी, मां रीना देवी, बैंक प्रबंधक चाचा सुनील राठी, चाची शालिनी राठी को दिया। कार्तिक ने बताया कि उनके परिवार की तरफ से उन्हें पूरा सहयोग मिला, उसकी का परिणाम है कि यूपीएससई की तैयारी करते हुए पहली ही बार दी परीक्षा में उसने बाजी मार ली। नेटबाल का भी होनहार खिलाड़ी है कार्तिक राठी

- कार्तिक राठी ने गत दिनों देहरादून में हुए 34 वे राष्ट्रीय खेलो में टीम में बेहतर प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक जीते थे। इसके साथ ही कार्तिक की बहन मध्यप्रदेश में हुए नेटबाल खेलो में लड़कियों की तरफ से बेहतर प्रदर्शन करते हुए टीम को स्वर्ण पदक दिलाया था। अब वह मुरथल विश्वविद्यालय में स्नातक की पढ़ाई कर रही है।

# गन्नौर पटवारी कार्यालय में मनमानी, लोगों को करना पड़ रहा है इंतजार

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** सरकारी कार्यालय के निर्धारित समय के बावजूद राजस्व विभाग के कर्मचारियों की मनमानी से आमजन को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। गन्नौर पटवारी कार्यालय में सुबह साढ़े दस बजे तक भी कर्मचारी नहीं पहुंचते, जिससे लोग घंटों इंतजार करते रहते हैं। यह स्थिति कई महीनों से बनी हुई है। सप्ताह में पांच कार्य दिवस निर्धारित होने के बावजूद भी कर्मचारी समय पर कार्यालय नहीं आते और कई बार निर्धारित समय से पहले ही कार्यालय छोड़ देते हैं। आम नागरिक अपने जमीनी कामों को लेकर कार्यालय पहुंचते हैं, लेकिन कर्मचारियों की लेटलतीफी उनके लिए सिरदर्द बन चुकी है। लागों का आरोप है कि प्रशासनिक अधिकारी भी इस




लापरवाही की अनदेखी कर रहे हैं, जिससे कर्मचारियों के हौंसले बुलंद हैं। लोगों ने ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और समय पर कार्यालय पहुंचने के निर्देश जारी करने की मांग की है।-एसडीएम ने एक दिन पहले ही किया था दौरा एसडीएम प्रवेश कादियान ने बृहस्पतिवार को तहसीलदार के साथ पुराने तहसील कार्यालय में बने विभिन्न पटवारियों के कार्यालय का निरीक्षण किया था। उन्होंने पटवारियों को समय पर पहुंच कर अपना पेंडिंग इंतकालों का निपटान जल्द से जल्द करने के आदेश भी दिए थे। अगले ही दिन पटवारियों ने अपनी मनमानी शुरू कर दी और सुबह साढ़े दस बजे तक भी अधिकतर पटवारियों के कार्योलयों पर ताले जड़े दिखाई दिए।

## न्यूज फ्लैश

### आर्किटेक्ट की बाइक चोरी

**गन्नौर।** रेलवे रोड स्थित कौशिक आयसर स्टोर के सामने से एक बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने इसकी शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में लड़सौली गांव के रोहित मोर ने बताया कि वह आर्किटेक्ट है। 11 जून को वह अपने दोस्त संदीप से मिलने के लिए बाइक पर गन्नौर आया था। जब वह पटेल नगर पहुंचा तो रास्ते में उसका साथी संदीप उसे अपनी गाड़ी में गढ़ी केसरी ले गया। उसने अपनी बाइक कौशिक आयसर स्टोर के सामने खड़ी की थी। जब वह वापिस आया तो उसकी बाइक चोरी हो चुकी थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सड़क दुर्घटना के कारण क्षतिग्रस्त बाइक हुई चोरी

**गन्नौर।** शिकायत में सितामड़ी बिहार के रहने वाले राहुल ने बताया कि वह अभी पानीपत के विकास नगर में रह रहा है। वह अपने भाई की बाइक पर अपने भतीजे सुमन कुमार को कुंडली से वापिस लौट रहा था। एचएसआइआइडीसी बड़ी के गेट के पास अचानक एक कुत्ता उनकी बाइक के सामने आया जिससे उनकी बाइक फिसल गई। वह बाइक मौके पर छोड़ कर अस्पताल इलाज के लिए चले गए। जब वह वापिस लौटे तो उनकी बाइक चोरी हो चुकी थी। थाना बड़ी पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### विधायक कृष्णा गहलावत ने अहमदाबाद में हुए विमान हादसे पर किया शोक व्यक्त

**राई।** राई हलका विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने अहमदाबाद में हुए विमान हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया और हादसे में हुई जनहानि को अत्यंत दुखद और पीड़ादायक बताते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की है। विधायक कृष्णा गहलावत ने दुख जताते हुए कहा कि बहुत दुखदाई घटना है कि हादसे में बहुत लोगों की जान चले जाना, इसमें पूर्व मुख्यमंत्री का जाना पार्टी और देश को बहुत क्षति है। गहलावत ने कहा कि प्रधानमंत्री आज सारे काम छोड़ के घटनास्थल पर गए है। जगह जगह का निरक्षण कर हादसे में जो चले गए उनके परिवारों से मिले है, अधिकारियों से बात कर रहे है ताकि हादसे की जो भी वजह है वहा तक पहुंच पाए। देश के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री खुद मौके पर खड़े हैं तो हर चीज पर जांच की जाएगी। यह हादसा पूरे देश को स्तब्ध करने वाला है। जिन परिवारों ने इस दुर्घटना में अपने परिजनों को खोया है, उनके दुख की इस घड़ी में हम सभी उनके साथ हैं।

### नूंह में लाखों की ठगी करने वाला अरेस्ट: सामान खरीदने का देता था झांसा, यूपी-गुजरात में दे चुका वारदातों को अंजाम

**पुन्हाना मनीष आहूजा**

नूंह जिले के बिछोर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुन्हाना-होडल रोड मढ़ियाकि मोड़ से पुलिस ने एक साइबर ठग को गिरफ्तार किया है। आरोपी कई राज्यों में एक लाख रुपए से अधिक की ठगी को अंजाम दे चुका है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2 मोबाइल फोन और दो सिम कार्ड बरामद किए हैं। आरोपी सोशल मीडिया पर सामान खरीदने का झांसा देकर लोगों से ठगी करता था। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

बिछोर थाना प्रभारी भजन लाल ने बताया कि नूंह एसपी राजेश कुमार ने निर्देश पर पूरे जिले में साइबर अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत मढ़ियाकि मोड से नूंह के गांव नई के रहने वाले मुरसलीम पुत्र बरकत को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से दो मोबाइल फोन और उनमें लगी सिम कार्ड बरामद किए गए है। जिन्हें आरोपी ठगी के लिए प्रयोग करता था। आरोपी के वॉट्सऐप प्रोफाइल को चेक किया तो उस पर प्रोफाइल नेम "पब्लिक के लिए हम 24 घंटे तैयार हैं लिखा हुआ था और वॉट्सऐप पर एक पुलिस अधिकारी की फोटो लगी हुई मिली।म दोनों फोन से संदिग्ध चेटिंग हुई बरामद पीएसआई भजन लाल ने बताया कि दोनों फोन से लोगों के साथ काफी संख्या में संदिग्ध चेटिंग मिली है। इसके साथ ही मोबाइल की फोटो गेलरी चेक करने पर क्यूआर कोड और पुलिस अधिकारियों के काफी सारे फोटो बरामद हुए है।

# हकेवि में तीसरे फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम का हुआ शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़** । हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के यूजीसी-मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र (एमएमटीटीसी) द्वारा तीसरे ह्लफैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम (एफआईपी)ह्ल का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। ऑनलाइन माध्यम से आयोजित यह कार्यक्रम आगामी 10 जुलाई 2025 तक चलेगा। यह एक माह का कार्यक्रम भारतीय उच्च शिक्षा संस्थानों में नव-नियुक्त शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के उद्देश्यों के अनुरूप शिक्षण कौशल, शोध क्षमता और व्यावसायिक नैतिकता से अवगत करवाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।




आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने प्रतिभागी शिक्षकों के लिए आयोजन को महत्त्वपूर्ण बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना, नवाचार और शोध को प्रोत्साहित करना तथा शिक्षकों और विद्यार्थियों के विकास के लिए समावेशी वातावरण प्रदान करना है और नवनियुक्त शिक्षक इस फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम से अवश्य ही लाभांवित होंगे।

कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में हरियाणा खेल विश्वविद्यालय, सोनीपत के कुलपति डॉ. अशोक कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने ह्यगेम चेंजर्स: व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक सफलता के लिए खेलों के माध्यम से जीवन कौशल का समावेशह्य विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए और बताया कि किस प्रकार खेल शिक्षक समुदाय में नेतृत्व, अनुशासन और टीम भावना का विकास करते हैं।

हकेवि में यूजीसी-मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र के निदेशक प्रो. प्रमोद कुमार और सह-निदेशक प्रो. तनु गुप्ता ने बताया कि यह फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम एनईपी 2020 और मालवीय मिशन की उस दूरदृष्टि के अनुरूप है, जिसके अंतर्गत 21वीं सदी के लिए सक्षम, प्रभावी और नैतिक शिक्षकों का निर्माण किया जा सके। इस कार्यक्रम में देशभर के 50 से अधिक उच्च शिक्षण संस्थानों से शिक्षक प्रतिभागिता कर रहे हैं और यह एक महीने तक शैक्षणिक संवाद, प्रशिक्षण एवं व्यावसायिक विकास का सशक्त मंच प्रदान करेगा।

# हकेवि में विमर्श व्याख्यानमाला में संवैधानिक नैतिकता पर हुई चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़** । हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के विधि विभाग द्वारा आयोजित ह्यविमर्शह्ल व्याख्यानमाला के अंतर्गत विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह श्रृंखला विश्वविद्यालय में विधिक अध्यन और बौद्धिक विमर्श के लिए एक सशक्त मंच के रूप में स्थापित हो चुकी है, जिसका उद्देश्य सैद्धांतिक ज्ञान और समकालीन विधिक चुनौतियों के बीच के अंतर को समाप्त करना है। आयोजन में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की डॉ. मंजींदर गुल्याणी ने ह्यसंवैधानिक नैतिकता एवं भारतीय न्यायशास्त्रह्ल



विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। उनका संबोधन विद्यार्थियों के बीच सक्रिय संवाद और प्रश्नोत्तर के रूप में परिलक्षित हुआ, जिससे ह्लविमर्शह्ल की भावना को सही अर्थों में बल मिला।

सत्र की अध्यक्षता हकेवि में विधि विभाग के विभागाध्यक्ष एवं अधिष्ठाता डॉ. प्रदीप सिंह ने की। उन्होंने कहा कि ह्यविमर्शह्ल श्रृंखला विश्वविद्यालय के माध्यम से समाजोन्मुखी विधिक पेशेवर तैयार किए जा रहे हैं।

# अवैध रूप से चल रहे अस्पतालों पर छापा

**पुन्हाना मनीष आहूजा**

जिले में अवैध रूप से चल रहे जच्चा-बच्चा केंद्र व फर्जी अस्पतालों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग की सख्ती जारी है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बृहस्पतिवार को सिंगार व पुन्हाना में छापेमारी कर दो अस्पताल संचालकों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

मेडिकल ऑफिसर मनप्रीत के मुताचिक, शिकायत के आधार पर अल आफिया अस्पताल से स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पुन्हाना के रिहाना अस्पताल पर छापेमारी की। अस्पताल के संचालक से डिग्री मांगी गई तो वह नहीं दिखा पाया। अस्पताल में रखी विभिन्न प्रकार की दवाइयों का बिल नहीं मिला। मेडिकल एक्ट के उल्लंघन करने पर सिटी थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है। वहीं, दूसरी शिकायत पर विभाग की टीम ने सिंगार गांव स्थित अनु हेल्थ सेंटर पर छापेमारी की। बंगाली डॉक्टर के नाम से मशहूर अस्पताल संचालक मेडिकल की कोई डिग्री नहीं दिखा पाया। दवाइयों के बिल आदि के बारे में कोई संतोषजनक जवाब दे पाया। टीम ने उक्त अस्पताल संचालक के खिलाफ बिछोर थाना में शिकायत दर्ज कराई है।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल के संचालक के खिलाफस्वास्थ्य विभाग की ओर से शिकायत मिली है। कार्रवाई की जा रही है। जल्द ही मुकदमा दर्ज कर लिया जाएगा। - संजीव कुमार, सिटी थाना प्रभारी पुन्हाना

# सामान्य योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण दे रहा हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़** । हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ का योग विभाग द्वारा 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय का योग विभाग विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने निर्देशन व मार्गदर्शन में पाली, लावण, मालड़ा, आकोदा, पालड़ी पनियार, पालड़ी बदवाना सहित आसापास के क्षेत्रों में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कर रहा है।



इनमें विभाग के विद्यार्थियों द्वारा आमजन को योग क्रियाओं का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. नवीन ने बताया कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत इस वर्ष की थीम योगा फॉर वन अर्थ वन हेल्थ पर केंद्रित विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि योग प्रशिक्षण शिविर इन्हीं प्रयासों में से एक है, जिसके माध्यम से समाज को योग के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ विद्यार्थियों को भी योग प्रशिक्षण का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

# बाल संस्कार शिविर 18 से 22 जून तक

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**

भारत विकास परिषद, गन्नौर शाखा द्वारा 18 जून से 22 जून तक लहरी सिंह पार्क में बाल संस्कार शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में 6 से 15 वर्ष के बच्चों के लिए वैदिक मंत्रोच्चार, भजन, नैतिक शिक्षा, सांस्कृतिक विकास, योग, रचनात्मक अभिव्यक्ति, खेलकूद और समूह चर्चा जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भाविप शाखा अध्यक्ष संदीप सिंघल ने बताया कि शिविर का उद्देश्य बच्चों में नैतिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों का विकास करना है। रजिस्ट्रेशन कराने वाले प्रतिभागियों को एक पुस्तिका दी जाएगी, जिससे वे नैतिक प्रश्नोत्तरी की तैयारी कर सकें। गीतों की तैयारी हेतु चयनित गीत भी प्रदान किए जाएंगे।

# नूंह में अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोजर

**टीम एक्शन इंडिया**
**पुन्हाना मनीष आहूजा**

नूंह जिले गांव भिरावटी, मनुवास और आटा में विकसित हो रही अवैध कॉलोनियों पर जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा तोड़फोड़ की गई है। इस दौरान मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। विभाग द्वारा इस दौरान तीनों गांवों में करीब 25 भूमि में हो रहे अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाकर उसे ध्वस्त किया। इसमें बैंक्वेट हॉल, चारदीवारी, औद्योगिक और व्यक्तिगत ढांचे शामिल हैं। कार्रवाई के दौरान मौके पर डीटीपी अधिकारी बिनेश कुमार भी मौजूद रहे। कार्रवाई से भू-माफियाओं में मचा हड़कंप को हुई इस कार्रवाई से भू-माफियाओं में हड़कंप मच



गया। सबसे पहले जिला नगर योजनाकार विभाग का बुलडोजर गांव भीरवाटी में चला। जहां टीम ने करीब 19 एकड़ अनाधिकृत कॉलोनी में 6 डीपीसी, 1 किलोमीटर रनिंग प्रीकास्ट बाउंड्री वॉल तथा डब्ल्यूबीएम सड़कों को ध्वस्त किया गया। वहीं, दूसरी जगह करीब 3 एकड़ में विकसित 3 डीपीसी तथा प्रीकास्ट बाउंड्री वॉल को तोड़ा गया। इसके बाद टीम ने मनुवास में 1 अवैध कॉलोनी जिसका क्षेत्रफल लगभग 3 एकड़ है को ध्वस्त किया गया। बाद में टीम राजस्व संपदा अट्टा में पहुंची, जहां 1 औद्योगिक ढांचे, चारदीवारी और शेड को ध्वस्त कर दिया गया। वहीं अवैध रूप से बने एक ध्वस्त कर कर दिया

पहले भी हो चुकी है कार्रवाई

जिला नगर योजनाकार अधिकारी बिनेश कुमार ने बताया कि पुन्हाना के पेमा रोड़ पर स्थित अवैध कॉलोनी पर इससे पहले अभियान चलाकर डीपीसी और अन्य निर्माण कार्य को तोड़ा गया था। इसके साथ ही डीलरों को यह चेतावनी भी दी गई थी कि दोबारा से निर्माण कार्य किया तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उक्त भूमाफिया आदेशों को दरकिनार करते हुए फिर से निर्माण कार्य करने लगे। जहां पर इन्होंने बड़े-बड़े शोरूम खड़े कर दिए। विभाग को इसकी शिकायत मिली तो गुरुवार को पुलिस बल को साथ लेकर यह तोड़फोड़ अभियान चलाया गया है। बिनेश कुमार ने बताया कि जब तक विभाग से परमिशन नहीं ली जाएगी,तब तक अवैध कॉलोनी में निर्माण कार्य नहीं होने दिया जाएगा। कार्रवाई के दौरान करीब 5झ6 शोरूमो को जमींदोज किया गया है। अगर प्रॉपर्टी डीलर अवैध कॉलोनी में निर्माण करने से बाज नहीं आए तो उनके खिलाफ पुलिस को शिकायत देकर मुकदमे दर्ज कराए जाएंगे। कार्रवाई अभी भी जारी है।

# फसल बीमा योजना में भ्रष्टाचार: नाम-पद बताने से झिझक रहे कृषि अधिकारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पुन्हाना मनीष आहूजा**

**पुन्हाना।** फसल बीमा योजना में हुए भ्रष्टाचार के बाद बेशक नूंह व पिनगवा में फर्जी किसानों सहित बैंक के कर्मचारियों व पॉलिसी क्रिएचर के खिलाफ केस दर्ज हो न गया हो। लेकिन पुन्हाना में ऐसे दर्जनभर से न्य अधिक किसानों पर जांच की तलवार लटकी हुई है। जांच की सुगबुगाहट से न केवल कृषि विभाग के कार्यालय में सन्नाटा पसरा हुआ है बल्कि यहां नियुक्त कर्मचारी अपना पद व नाम बताने से झिझक रहे हैं।

नूंह और पिनगवां में बीमा योजना में हुए भ्रष्टाचार के खुलासे के बाद दलाल भूमिगत हो गए हैं।

बता दें कि प्रदेश व केंद्र की सरकार द्वारा किसानों के लिए फसल बीमा योजना के तहत प्राकृतिक आपदाओं से ग्रस्त किसानों के लिए बीमा योजना शुरू की गई है। बीमा योजना के तहत किसानों की खराब हुई फसल का आकलन कर बीमा कंपनी द्वारा उन्हें उचित मुआवजा दिया जाता है। जानकारी के अभाव में किसान अपने हक व वास्तविक नुकसान के मुआवजे से चूक जाते हैं। ऐसे किसानों का फायदा दलाल व कृषि विभाग में नियुक्त कर्मचारी उठाते हैं। जो किसानों की अधिक जमीन दर्शाकर उनके फर्जी कागजात तैयार कराकर बीमा की राशि डालने का प्रलोभन देते हैं।

# कच्ची मिट्टी को ही समतल कर टाईल लगाकर बना दी गली, ठेकेदार का कारनामा

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** नगरपालिका द्वारा भले ही शहर में गुणतवा युक्त बेहतर निर्माण सामग्री से गलियां निर्माण के दावे किए जा रहे है लेकिन इसकी अधिकारियों का गंभीरता का आप इससे अनुमान लगा सकते है। नगरपालिका के वार्ड 10 लल्हेड़ी रोड पर गली बनाए जाने के कई महीने बाद जब गली निर्माण कार्य की पैमेंट भी हो गई। उसके बाद गली के आसपास के लोगों गली निर्माण कार्य की पोल खोली। लोगों द्वारा बनाई गई वीडियों में स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि जिस गली निर्माण में गली बनाने के दौरान टाईल बिछाने से पहले पत्थर व अन्य सामग्री डालनी होती है। उस गली में बिना कोई सामग्री डाले हुए



कच्ची मिट्टी को ही समतल कर टाईल बिछा दी और टाईल को इस तरह से बिछाया कि कोई अनुमान नही लगा सकता कि सीमेंट की टाईल कच्ची मिट्टी को समतल करके बनाई गई है।

गली निर्माण कार्य घटिया स्तर करने पर लोगों ने रोष व्यक्त करते हुए एसडीएम से कार्रवाई करने की मांग की है।

निर्माण कार्य की जांच करवाकर कार्रवाई की जाएगी : एसडीएम

- एसडीएम प्रवेश कादियान ने बताया कि गली निर्माण में भारी कोताही बरतने के मामले में जांच करवाई जाएगी और कोताही मिलने पर निर्माण एजेंसी का लाईसैंस रद करने की कार्रवाई के अलावा संबधित विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



नगरपालिका अधिकारियों से आशीर्वाद प्राप्त ठेकेदार ने की मनमानी - गली निर्माण में भारी कोतही बरतने के मामले में नाम न छापने पर लोगों ने बताया कि जब गली बन रही थी तो बताया जा रहा था कि अगर कच्ची मिट्टी में टाईल बिछाने का विरोध किया तो टाईल भी गली में नही बिछेंगी। काम भी बंद हो जाएगा। ठेकेदार नपा अधिकारियों से आशीर्वाद लेकर काम कर रहा है।

उनके जो संज्ञान में ही नही, गली कौन सी है : एमई

- नगरपालिका के एमई ने मिट्टी पर टाईल बिछाने का मामला देख बताया कि गली बने हुए कई महीने हो गए है। ठेकेदार ने लापरवाही बरती है तो उसको ठीक करवाया जाएगा।

# योग प्रोटोकॉल रिहर्सल के तहत अधिकारियों, कर्मचारियों व आमजन को करवाया योगाभ्यास

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ।** एसडीएम अनिल कुमार यादव के निदेर्शानुसार आयुष विभाग द्वारा योग प्रोटोकॉल रिहर्सल के दूसरे दिन शुक्रवार को स्थानीय हुडा पार्क में योगाभ्यास किए गए। आयुष विभाग के योग सहायकों ने योग शिविर कार्यक्रम आयोजित कर योग व्यायाम करवाया।

नोडल अधिकारी डॉ सुमन ने जीवनशैली विकारों को रोकने और तनाव प्रबंधन में योग अभ्यास के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए



महत्वपूर्ण है, बल्कि यह मानसिक स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन में भी सहायक है।

डॉ. सुमन ने सभी से नियमित योग अभ्यास करने का आग्रह किया और कहा कि इससे हम अपने जीवन को स्वस्थ और संतुलित बना सकते हैं। आयुष विभाग रेवाड़ी द्वारा आयोजित इस श्रृंखला का उद्देश्य लोगों को योग के महत्व और इसके स्वास्थ्य लाभों के प्रति जागरूक करना है।

# प्रशासन की अनदेखी से स्मृति वन नरेला के बाहर गंदगी का अंबार





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: पिछले लगभग** डेढ़ साल से नागरिक अधिकार आंदोलन के अथक प्रयासों से नरेला स्थित डीडीए के विशाल स्मृति वन डिस्ट्रिक्ट पार्क के बाहर तत्कालीन उपायुक्त वीएस यादव ने 15-20 साल से गेट के कोने पर एमसीडी द्वारा चलाये जा रहे कूड़ेदान को हटवा कर इस क्षेत्र की जनता तथा इस पार्क का प्रतिदिन स्वास्थ्य सेवा ले रहे हजारों यूजर्स के जीवन को एक तरह से संजीवनी देने का सराहनीय कार्य किया था। लेकिन उनके प्रयासों की अनदेखी करते हुए डीडीए तथा एमसीडी की उपेक्षा के कारण स्मृति वन के बाहर कूड़े का अंबार फिर लगना शुरू हो गया हैं। इससे पार्क के हजारों यूजर्स गंदगी के कारण बेहद परेशान है। इस तरह उनका जीवन एक तरह से नारकीय ही बन गया है। सफाई के नाम पर जेसीबी सात-आठ दिन के अंतराल पर आती है, जो लगभग आधा कूड़ा उठाकर मामले की इतिश्री कर जाती है। लेकिन कूड़े की बदबू का पार्क में फैलना लगातार जारी है। उक्त बातें **नागरिक अधिकार आंदोलन के अध्यक्ष राजव्रत आर्य** ने बताई। राजव्रत आर्य ने डीडीए के कार्यकारी अभियंता नरेला प्रोजेक्ट डिवीजन चार तथा एमडी नरेला जोन के उपायुक्त तथा चेयरमैन से अनुरोध किया है कि स्मृति वन के बाहर इस गंदगी के लगते अंबार व कूड़ेदान को स्मृति वन के गेट के आस-पास से हटाकर किसी अन्य स्थान पर शिफ्ट किया जाए।
नागरिक अधिकार आंदोलन को आशा है कि दोनों संस्थाएं इस ओर जरूरी कदम उठाकर पार्क के हजारों यूजर्स को नारकीय जीवन से मुक्ति दिलाने का प्रयास करेंगी।
**संजय उर्फ बबलू, स्मृति वन के डेली यूजर:** स्मृति वन के गेट के बाहर चल रहे अवैध कूड़ेदान ने हमारे जीवन को नारकीय बना दिया है। इसे जल्दी से हटाया नहीं गया तो इस डिस्ट्रिक्ट पार्क से डेली हजारों यूजर्स को मजबूरन स्वास्थ्य लाभ हेतु कोई और रास्ता ढूंढना होगा।
**मास्टर रवि कुमार, टिकरी खुर्द:** स्मृति वन के गेट के बाहर फिर से चालू कराया गया यह कूड़ेदान, पार्क से मिलने वाली अमूल्य सुविधाओं पर काला धब्बा है। दिल्ली नगर निगम से अनुरोध है इस कूड़ेदान को शीघ्र हटा जाये ताकि पार्क के हजारों यूजर्स को परेशान न होना पड़े।
**धर्म पाल वर्मा, पूर्व ट्रैफिक इंस्पेक्टर:** स्मृति वन नरेला के गेट के बाहर और कोने पर एमसीडी की अनदेखी की वजह से कूड़ेदान जैसा माहौल हो गया है। कूड़ेदान में से आई रही सड़ांध से हमारे जैसे लोगों को सांस लेने में दिक्कत होती है। एमसीडी से इस पार्क से जुड़े सैकड़ो वरिष्ठ नागरिकों की गुजारिश है कि इस कूड़ेदान को हटवाया जाए।



मॉडल टाउन के निगम पार्षद व भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विकेश सेठी को केशवपुरम जोन का चेयरमैन बनने पर बधाई देते हुए पूर्व निगम प्रत्याशी हरीशंकर रावत व अन्य गणमान्य लोग।

## 'डीटीसी टर्मिनलों पर शुद्ध पानी दे रहे हैं जलदूत स्वयंसेवक'



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। दिल्ली के** परिवहन मंत्री पंकज कुमार सिंह ने बताया कि झुलसा देने वाली गर्मी के बीच लोगों को राहत पहुंचाने के लिए जलदूत स्वयंसेवक ठंडा पानी दिल्ली परिवहन निगम के टर्मिनलों पर दे रहे हैं। यह जानकारी परिवहन मंत्री ने शुक्रवार को एक्स पर साझा की। उन्होंने पोस्ट करते हुए कहा कि नेहरू प्लेस, हौज खास, सेक्टर 22 रोहिणी, मंगोलपुरी क्यू ब्लॉक, मेहरौली, उत्तम नगर और पंजाबी बाग जैसे प्रमुख डीटीसी टर्मिनलों पर जलदूत स्वयंसेवक यात्रियों को ठंडा और शुद्ध आरो पानी मुफ्त उपलब्ध करा रहे हैं। इससे यात्रियों को काफी राहत मिल रही है। परिवहन मंत्री ने बताया कि यह व्यवस्था दिल्ली सरकार के हीट एक्शन प्लान 2025 के अंतर्गत चलाई जा रही है ताकि हर यात्री को गर्मी से राहत और स्वच्छ जल मिले। उल्लेखनीय है कि परिवहन मंत्री पंकज कुमार सिंह ने 20 मई को नेहरू प्लेस बस टर्मिनल पर जलदूत योजना की शुरूआत की थी।



वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी कार्यालय में जनता की समस्याओं को सुनते हुए।

## 'लोकतंत्र को धमकाती सियासत' का हुआ विमोचन




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: साहित्य श्री** प्रकाशन एवं काव्यशैली द्वारा आयोजित विकास संतोष की पुस्तक 'लोकतंत्र को धमकाती सियासत' का लोकार्पण एवं काव्य संध्या का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता नरेश शांडिल्य ने की एवं मुख्य अतिथि शशिकांत एवं अतिथि ताराचंद रहे।
संचालन शायर असलम बेताब ने किया। लोकार्पण की शुरूआत माँ शारदे की आराधना के साथ हुई । उसके बाद सभी मंचासीन अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। पुस्तक के रचनाकार विकास संतोष ने अपने साहित्यिक सफर को विस्तार के बारें में बताया। अतिथि ताराचंद ने पुस्तक पर चर्चा की और उत्कृष्ट कृति के लोकार्पण पर विकास जी को शुभकामनाएं दीं। मुख्य अतिथि शशिकांत ने पुस्तक पर अपने विचार रखे और पुस्तक में प्रकाशित कविताओं को खूब सराहा। अध्यक्ष महोदय नरेश शांडिल्य ने पुस्तक पर प्रकाश डालते हुए अनेक बिंदुओं पर बात रखीं और विकास संतोष को उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में काव्य संध्या के अंतर्गत भावना सेठ, राजकुमार अर्जुन,अशोक सम्राट, वीरेंद्र कौशिक, बबिता उपाध्याय, सोनम, भरत मौर्य, अमन अब्बासी, रामश्याम हसीन, हिमांशु गुप्ता, गोल्डी गीतकार, चरनजीत सिंह, अरुण कुमार, अनिल कपूर, डॉ, दीपा, आरिफ दहलवी आदि अनेक कवियों ने काव्य पाठ किया।
कार्यक्रम के अंत में साहित्य श्री प्रकाशन के संस्थापक रामश्याम हसीन ने आभार व्यक्त किया।

## थाना अध्यक्ष भलस्वा डेरी की अध्यक्षता में जेजे कलस्टर समिति की मीटिंग का हुआ आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: थाना भलस्वा** डेरी में जेजे कलस्टर समिति की मीटिंग का आयोजन किया गया। जिला के उपायुक्त के द्वारा बनाई गई समिति में इलाके के कुछ समाज सेवियों को मेंबर बनाया गया है।
इन लोगों के माध्यम से थाना लेवल पर क्राइम से सम्बंधित समस्याओं का संज्ञान लिया जाता है व 10 दिनों के भीतर ही इसको अमल में लाकर मेंबरों के सामने प्रदर्शित किया जाता है। यह बड़ा ही सुनहरा पटल है। थाना पुलिस की तरफ से यह तीसरी मीटिंग थी, जोकि जोकि थाना भलस्वा डेरी के परिसर में आयोजित की गई थी। मीटिंग लगभग दो घंटे चली तथा इसमें प्रमुख समस्या रही जाम, अतिक्रमण तथा बांग्लादेशी घुसपैठियों की। थाना अध्यक्ष ने इसको संज्ञान में लिया व आश्वासन दिया कि इस पर अमल किया जाएगा। इस मीटिंग में ट्रैफिक अधिकारी की भी मौजूदगी रहे। जाम को लेकर उन्होंने आश्वासन दिया कि कुछ दिनों में ही आपको इससे राहत मिलेगी।
इस मीटिंग में थाना अध्यक्ष के अलावा मनोज सिंह( अध्यक्ष, भोजपुरी सेवा समिति) रीडर कुमार रोबिन, साहिल वासन, दीपाली, विजय कौशिक, नफीस खान, जाकिर खान, संजय प्रधान आदि मौजूद रहे।

## बुराड़ीः मोदी सरकार के 11 साल चौतरफा उपलब्धियों का स्वर्णिम कालः दीपक गुप्ता



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले व समाज सेवी दीपक गुप्ता ने कहा कि मोदी सरकार के 11 साल को चौतरफा उपलब्धियों का स्वर्णिम काल कहा है। उन्होंने मोदी सरकार के इस कालखंड को जनसेवा के संकल्प, साधना और समर्पण के रूप में रेखांकित किया। वहीं दीपक गुप्ता ने तेज गति से विकास के साथ ही राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक बदलावों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना की। गुप्ता ने कहा कि इन 11 सालों में देश ने आर्थिक उत्थान, सामाजिक न्याय, सांस्कृतिक गौरव और राष्ट्रीय सुरक्षा का एक नया युग देखा है। पहली बार लोगों ने देखा कि जब नेतृत्व स्पष्ट, संकल्प अडिग और नीयत लोकसेवा की होती है, तब सेवा, सुरक्षा और सुशासन के नए कीर्तिमान बनते हैं। उनके अनुसार 2014 में जब मोदी के आने के पहले देश में पॉलिसी का फॉलिश मारी हुई थी। न नीतियां थीं, न नेतृत्व था और सरकार में घोटाले चरम पर थे। अर्थव्यवस्था जर्जर और शासन व्यवस्था दिशाहीन थी।
भारत अब आतंकवादी हमलों का जवाब आतंकियों के घर में घुस कर देता है। प्रधानमंत्री मोदी ने मिनिमम गवर्नमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस से देश के विकास की स्पीड और स्केल दोनों को बदल दिया।

## कंधा टकराने पर युवक को मारा चाकू

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: रोहिणी जिले** के प्रेम नगर में महज कंधा टकराने पर कुछ लोगों ने एक युवक पर कातिलाना हमला कर दिया। हमलावरों ने पहले युवक की जमकर पिटाई की। इतने पर भी उनका जी नहीं भरा तो उस पर चाकू से हमला कर उसे बुरी तरह से घायल कर दिया।
वारदात को अंजाम देकर सभी आरोपित मौके से फरार हो गए। घायल युवक की पहचान रविश अली (24) के तौर पर हुई है। उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।
पुलिस ने पीड़ित के बयान पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक रविश अली परिवार के साथ इंद्र एन्क्लेव इलाके में रहता है। वह जींस की फैक्टरी में काम करता है। पुलिस को दी शिकायत में रविश ने बताया कि गत 10 जून की रात 10:30 बजे वह बाजार से सामान खरीदने जा रहा था। इस दौरान सामने से तीन लोग आ रहे थे। एक युवक से उसका कंधा टकरा गया। टक्कर लगने के बाद युवक उसे गाली देने लगा। रविश ने इसका विरोध किया तो आरोपितों ने उसे जमकर पीटा। एक आरोपी ने चाकू निकाल लिया और रविश पर हमला करने लगे। पीड़ित अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगा, लेकिन हमलावरों ने पीछा कर उस पर चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।

## बुराड़ीः भाजपा कर रही है गरीबों की गरीबी के साथ खिलवाड़ः मंगेश त्यागी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: बुराड़ी विधानसभा** क्षेत्र से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी मंगेश त्यागी ने भाजपा को आड़े हाथ लेते हुए उन पर गरीबों के खिलाफ तानाशाही करने का आरोप लगाया है।
इसके साथ ही त्यागी ने बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र स्थित कादीपुर की श्रीश्याम कॉलोनी में डीडीए पर नोटिस भेजकर घर से बेघर करने का आरोप मढ़ा है।
उन्होंने कहा कि जहां एक ओर तो भाजपा सरकार कहती नहीं थकती की गरीबों को जहां झुग्गी वहां मकान दिए जाएंगे, वहीं दूसरी ओर गरीबों का आशियाना यह कहकर छीना जा रहा है कि उन लोगों ने सरकारी जमीन पर घर बनाया है। **डीडीए और सरकार की गलती की सज़ा जनता क्यों भुगते:** त्यागी ने दिल्ली की भाजपा सरकार से सवाल करते हुए कहा कि जब वह जमीन डीडीए की थी तो सरकार और डीडीए उस समय कहां थी जब लोगों ने पैसे देकर वहां प्लॉट खरीदे।
पूर्व निगम प्रत्याशी त्यागी ने कहा कि अगर इसमें गलती किसी की है तो वह सबसे बडी गलती डीडीए के संबंधित अधिकारियों की है, जिनको डीडीए की जमीन पर कब्ज़ा रोकने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, उनकी गलती की सजा गरीब जनता क्यों भुगते।

## भाजपा राज में दिल्ली की स्थिति में हो रहा है सुधारः जितेन्द्र ढीका



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: भाजपा नेता** जितेन्द्र ढीका ने बताया कि भाजपा कहने में नहीं करने में विश्वास रखती है, यही कारण है कि दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने के बाद दिल्ली में विकास की गति काफी तेज हुई है और दिल्ली में विकास ही विकास देखने को मिल रहा है। उन्होंने आगे बताया कि सीएम रेखा गुप्ता और मंत्रिमंडल बेहतर कार्य कर रहा है। जिससे दिल्ली की जनता को बेहतर सुविधाएं मिल रही है। साथ ही सांसद योगेन्द्र चंदोलिया और विधायक दीपक चौधरी भी समय-समय पर क्षेत्र का दौरा कर जनता की समस्याओं को हल करने में आगे है। उन्होंने आगे बताया कि पीएम मोदी द्वारा लागू की गई कई योजनाओं से लोग जुड़ रहे है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में विकास ही विकास करके दिखाया है।

## 100 दिनों में रेखा सरकार ने दिल्ली के अस्पतालों को वेंटिलेटर से आईसीयू में पहुंचा दियाः देवेन्द्र यादव



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली प्रदेश कांग्रेस** कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि रिकॉर्ड तोड़ भीषण गर्मी के कारण अस्पतालों में जहां मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है वहीं दिल्ली सरकार बीमार लोगों को अस्पतालों में व्यवस्थित सुविधाएं देने तक में पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है। हीट वेव से निपटने के लिए व्यापक योजना की घोषणा के बावजूद 45 डिग्री तापमान में जहां मरीज अपनी बीमारी से अधिक प्रभावित हो रहे है, वहीं उनको अस्पताल तक लाने वाले सहायक लोगों को अस्पताल में बैठने तक की सुविधा नहीं है। दिल्ली सरकार की नाकामी ओर विफलता को दशार्ता है। जबकि मौसम विभाग की हीटवेव की लगातार चेतावनी के बावजूद सरकार हीटवेव से निजात दिलाने वाली योजना को लागू करने में भी फेल साबित हुई है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली में भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकारों के अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सरकार के अस्पतालों में बेहतर सुविधाओं का बखान कर रही है। अस्पतालों में मरीजों के तीमारदार खुले में बैठने को मजबूर है। अस्पताल में मराजों के इंजतार करने की जगह पंखे तक नहीं है और भीड़ के कारण साथी लोगों को अंदर बैठने तक नहीं दिया जा रहा। कहीं परिजन पेड़ के नीचे बैठने को मजबूर है तो कहीं भीष्ण गर्मी में टीन शेड के नीचे खड़ा होने को मजबूर हैं, धूप से बचने के लिए टीन शेड की तपत में मजबूरी में खड़े है। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में जो गर्मी से प्रभावित मामले आ रहे है वो रिक्शा चालक, मजदूर, सड़कों अजीविका चलाने वाले, रेहड़ी पटरी वाले लोग है जिनमें पेट दर्द, उल्टी, पानी की कमी और चक्कर आने आदि शिकायतें है।
देवेन्द्र यादव ने कहा कि अस्पतालों में अव्यवस्थाओं का अंबार है, पंखे तक नहीं है, मरीजों के लिए पर्याप्त सुविधा नही है। पीने के पानी की सुविधा नहीं है।

## पेड़-पौधों की रक्षा परिवार की तरह करनी चाहिएः धर्मवीर यादव



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: बादली विधानसभा** क्षेत्र के समाजसेवी धर्मवीर यादव ने कहा कि हम सभी को अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए और पेड़-पौधों की रक्षा परिवार की तरह करनी चाहिए। पेड़-पौधों से जहां एक ओर हमें फल, फूल और छाया मिलती है, वही हमें कई प्रकार की औषधियां भी प्राप्त होती है, इसलिए सभी अधिक से अधिक पौधे लगाये। श्री यादव ने आगे बताया कि सेभी को रक्तदान अवश्य ही करना चाहिए। रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं आती है, इसलिए सभी को रक्तदान करना चाहिए और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता है जब कोई हमारा अपना रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और समय पर रक्त नहीं मिल पाता है। इसलिए सभी को रक्तदान करना चाहिए।

# हैंडबाल के इंडिया कैंप के लिए हिमाचल की आठ बेटियों का चयन, चीन में होने वाली है प्रतियोगिता



बिलासपुर : चीन में होने वाली 11वीं एशियन अंडर-18 यूथ वुमन हैंडबाल प्रतियोगिता के लिए इंडिया कैंप में चुनी गई 28 खिलाड़ियों में हिमाचल से आठ महिलाओं को शामिल किया गया है। कैंप के बाद 18 महिला खिलाड़ियों का चयन होना है। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए टीम 14 जुलाई को रवाना होगी। गुजरात के गांधीनगर में राष्ट्रीय कैंप 13 जुलाई तक चलेगा। कैंप में देशभर की 70 महिला खिलाड़ियों में से 28 को चुना गया है। यहीं से टीम इंडिया को चुना जाएगा। हैंडबाल कोच स्नेहलता ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों में गोलकीपर नेहा चौहान और काजल, लेफ्ट बैक शिवानी देवी, लेफ्ट विंग रिद्धिमा, राइट बैक मुस्कान, सेंटर बैक गरिमा, पीवोट कनिष्का और राइट विंग शिक्षा को शामिल किया गया है। शामिल हैं। ये सभी खिलाड़ी मोरसिंघी हैंडबाल नर्सरी से तैयार हुई हैं। स्नेहलता ने बताया कि कैंप के बाद चयनित 18 सदस्यीय टीम 14 जुलाई को चीन रवाना होगी। जहां 11वीं एशियन अंडर-18 यूथ वुमन हैंडबाल प्रतियोगिता होगी। इस दौरान टीम के साथ मुख्य कोच सचिन और कोच विनॉय, नवीन पुनिया और मनीषा राठौर भी रहेंगे। स्नेहलता ने कहा कि प्रदेश से एक साथ आठ खिलाड़ियों का कैंप के लिए चुना जाना गर्व का विषय है। उम्मीद है कि कैंप के बाद हिमाचल से गईं खिलाड़ी टीम इंडिया में भी स्थान बनाएंगी और प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन कर देश का नाम चमकाएंगी।

**22 गज की पिच पर विपक्षी बल्लेबाजों की गिल्लियां बिखेर रहीं आठ साल की माधवी**

22 गज की पिच पर आठ साल की माधवी गिल्लियां बिखेर रही हैं। खास बात यह है कि माधवी यह प्रदर्शन अंडर-19 टीम के लिए कर रही हैं। इन दिनों अंडर-19 महिला क्रिकेट प्रतियोगिता चल रही है।

माधवी को चंबा जिले की टीम में बतौर तेज गेंदबाज जगह दी गई है। माधवी अपनी से दोगुना उम्र की क्रिकेटरों को टक्कर दे रही हैं। तीसरी कक्षा में पढ़ने वाली चंबा के चुराह क्षेत्र के थली गांव की माधवी ने पहले मुकाबले में लाहौल-स्पीति के खिलाफ दमदार प्रदर्शन करते हुए तीन विकेट लिए। दूसरे मुकाबले में मंडी के खिलाफ एक विकेट झटका। यह प्रतियोगिता चंडीगढ़ में खेली जा रही है। इस सत्र दोनों मुकाबलों में इनका प्रदर्शन सराहनीय रहा है। वहीं, आठ साल की माधवी इन दिनों चर्चा का विषय बनी हैं। माधवी के पिता ध्यान सिंह केंद्रीय विद्यालय में शिक्षक हैं। माधवी को क्रिकेट का जुनून है। पिता ने बेटी को बनीखेत स्थित हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सब सेंटर बनीखेत में प्रशिक्षण के लिए भेजा। माधवी ने यहां प्रशिक्षण हासिल किया और चयनकताओं की नजर अपनी ओर खिंची। इधर, कोच अंतरिक्ष शर्मा ने बताया कि माधवी काफी मेहनत कर रही हैं।

## भारतीय महिला हॉकी टीम यूरोप में एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के



**लंदन।** भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग 2024-25 (महिला) के दूसरे और अंतिम चरण के मुकाबलों के लिए तैयार है। यूरोपीय चरण में भारतीय टीम का सामना ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, बेल्जियम और चीन से होगा। फिलहाल 9 अंकों के साथ छठे स्थान पर काबिज भारतीय टीम 14 और 15 जून को लंदन के ली वैली हॉकी एंड टेनिस सेंटर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगी। इसके बाद टीम 17 और 18 जून को अर्जेंटीना से भिड़ेगी। आगामी मुकाबलों को लेकर टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने कहा, "हमारा लक्ष्य है कि हम इस चरण में अपने से ऊपर रैंकिंग वाली टीमों को हराएं। हमने अपनी तैयारियों के तहत हर मैच की रिकॉर्डिंग की है और प्रदर्शन की समीक्षा की है, ताकि कमियों को सुधारने के साथ-साथ अपनी ताकत को पहचान सकें और उसे बरकरार रख सकें।" लंदन के मैचों के बाद भारतीय महिला टीम 21 और 22 जून को एंटवर्प में बेल्जियम से भिड़ेगी। इसके बाद टीम का आखिरी मुकाबला 28 और 29 जून को बर्लिन में चीन के खिलाफ होगा। भारतीय पुरुष हॉकी टीम भी 14 और 15 जून को एंटवर्प में ऑस्ट्रेलिया से मुकाबला करेगी। टीम वर्तमान में 15 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है और शीर्ष तीन में बने रहने के लिए उसे इन मुकाबलों में जीत हासिल करनी होगी।

भारतीय पुरुष टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, "ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत हमारे लिए बेहद जरूरी है। इससे हमें न केवल जरूरी अंक मिलेंगे, बल्कि टीम को जीत की लय भी मिलेगी। पिछली चार भिड़ंतों में हम बेहद करीबी मुकाबलों में हारे हैं, लेकिन अब हम इस क्रम को तोड़ना चाहते हैं और जीत की राह पर लौटना चाहते हैं।" एफआईएच प्रो लीग के इन अहम मुकाबलों में दोनों भारतीय टीमें जीत की उम्मीद के साथ मैदान में उतरेंगी।

# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम का शानदार प्रदर्शन जारी

**दबदबा**

**मैरी (37वें) और मार्टे मैरी (40वें) ने गोल किए। सोनम के शुरूआती गोल के बाद भारत ने पहले हाफ में अपना दबदबा कायम रखा**



**नई दिल्ली :** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम का शानदार प्रदर्शन जारी है और उसने बेल्जियम के खिलाफ लगातार तीसरी जीत दर्ज की है। यूरोप के अपने मौजूदा दौरे पर भारतीय टीम ने बेल्जियम को 3-2 से मात दी। सोनम ने चौथे मिनट में भारत का खाता खोला। इसके बाद लालथंतलुआंगी (32वें मिनट) और कनिका सिवाच (51वें मिनट) ने भारत की तरफ से गोल किए। बेल्जियम के लिए मैरी गोएन्स (37वें) और मार्टे मैरी (40वें) ने गोल किए। सोनम के शुरूआती गोल के बाद भारत ने पहले हाफ में अपना दबदबा कायम रखा और तीसरे क्वार्टर में लालथंतलुआंगी के पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए गोल से अपनी बढ़त को मजबूत कर दिया। बेल्जियम ने 37वें और 40वें मिनट में लगातार गोल करके मैच को बराबरी पर ला दिया। उसकी तरफ से मैरी गोएन्स ने पेनल्टी स्ट्रोक पर जबकि मार्टे मैरी ने मैदानी गोल किया। खेल समाप्त होने में जब नौ मिनट बचे थे, तब कनिका ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत का विजय अभियान जारी रखा। भारत का अगला मुकाबला शनिवार को ऑस्ट्रेलिया से होगा।

## जीत को लेकर आत्मविश्वास से भरा है दक्षिण अफ्रीका

**लंदन।** लॉड्र्स में खेले जा रहे वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुश्किल स्थिति के बावजूद दक्षिण अफ्रीकी टीम को जीत की पूरी उम्मीद है। बल्लेबाज डेविड बेडिंघम ने कहा कि टीम ड्रेसिंग रूम में पूरा आत्मविश्वास है कि वे जो भी लक्ष्य मिलेगा, उसे हासिल कर सकते हैं। बेडिंघम ने दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी में सर्वाधिक 45 रन बनाए थे, लेकिन टीम महज 138 रन पर ढेर हो गई। दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया के दो विकेट बाकी हैं और टीम ने 218 रन की बढ़त बना ली है। ऑस्ट्रेलियाई टीम शुक्रवार को

## एकल में मनप्रीत व शुभ ने मारी बाजी, प्रतियोगिता में 80 खिलाड़ियों ने किया भाग



**बरेली :** बरेली में डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन एसोसिएशन की ओर से अंकित चतुर्वेदी मेमोरियल बैडमिंटन चैंपियनशिप का आगाज बृहस्पतिवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम स्थित स्मार्ट सिटी हॉल में हुआ। मुख्य अतिथि शिव कुमार अग्रवाल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर इसका शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में 80 खिलाड़ियों ने भाग लिया। अंडर-11 बालक एकल मुकाबले में मनप्रीत ने सूर्यांश शर्मा को 21-13, 21-11 व शुभ सिंघल ने अजमेरा विहान को 21-12, 20-22, 21-14 से मात देकर फाइनल में प्रवेश किया। अंडर-13 बालक एकल में सुनित सिंह मलिक ने ईशान को 26-27, 20-15, 21-8 व देवाशीष ने शिखर सक्सेना को 21-10, 21-18 से हराकर फाइनल में स्थान पक्का किया। अंडर-15 बालक एकल में कैरव चौधरी ने आनंद कुमार अग्रवाल को 30-24 से, आराध्य कौशिक ने रिदित अग्रवाल को 30-10 से, अग्रिम दीक्षित ने राज शर्मा को 21-16, 21-8 से व यश चंद्रा ने अब्दुर रहमान को 30-24 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अंडर-17 बालक एकल में युवराज जोशी ने विनायक साहनी को 30-8 से, अस्मित सिंह ने यश चंद्रा को 30-22 से, रजत कुमार ने अथर्व अग्रवाल को 30-28 से व अमन सिंह ने रनवीर मलिक को 30-27 से मात देकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अंडर-19 बालक एकल में अमन सिंह ने अंश वर्मा को 30-21 से, शौर्य कुमार दुबे ने शौर्य अग्रवाल को 30-07 से, रक्षित सोलंकी ने अस्मित सिंह को 30-26 व युवराज जोशी ने शौर्य गंगवार को 30-25 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई। पुरुष एकल मुकाबलों में विशाल सिंह ने शौर्य वर्मा को 30-24 से, नमन गांधी ने विशाल को 30-21 से, सचिन पाल ने युवराज जोशी को 30-25 से व अमन सिंह ने नित्यांशु को 30-27 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अंडर-13 बालिका एकल में कनिष्का जोशी ने आशमा अनेजा को 21-10, 21-15 से, अनविशा ने नंदिका रस्तोगी को 30-15 से मात देकर फाइनल में प्रवेश किया।

# लगातार चार मैचों में हार के बाद भारतीय हॉकी टीम की नजर वापसी पर

**नई दिल्ली :** लगातार चार मैच में हार से आहत भारतीय पुरुष हॉकी टीम को अगर खिताब की अपनी उम्मीदों को बनाए रखना है तो उसे ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले पुरुष एफआईएच प्रो लीग मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। टूनार्मेंट का यूरोपीय चरण भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए निराशाजनक रहा। उसे एम्सटेलवीन में ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड से 1-2 और 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद अर्जेंटीना के खिलाफ भी टीम दोनों मैच हार गई।भारत अभी 12 मैचों में 15 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है और उसे महत्वपूर्ण अंक जुटाने और शीर्ष तीन में जगह बनाने की दौड़ में बने रहने के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मजबूती से वापसी करनी होगी।

उंगली में चोट के कारण अर्जेंटीना के खिलाफ पिछले मैच में नहीं खेल पाने वाले भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह इस बात से अच्छी तरह से वाकिफ हैं कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच कितना महत्वपूर्ण है। हरमनप्रीत ने कहा- ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण होगी, क्योंकि इससे न केवल हमें महत्वपूर्ण अंक हासिल



करने में मदद मिलेगी, बल्कि टीम को जीत की लय भी मिलेगी। पिछले चार मैचों में हमारे कुछ मुकाबले करीबी रहे हैं, लेकिन हमें हार का सामना करना पड़ा। हम इसे बदल कर जीत हासिल करना चाहते हैं। नीदरलैंड के खिलाफ भारतीय टीम पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने के लिए संघर्ष करती रही और उसने अंतिम क्षणों में गोल भी खाए। अर्जेंटीना के खिलाफ भारतीय रक्षा पंक्ति का प्रदर्शन बेहद खराब रहा जिसके कारण टीम को पराजय झेलनी पड़ी। भारत को पेनल्टी कॉर्नर हासिल करने में भी संघर्ष करना पड़ा और अर्जेंटीना के आठ की तुलना में वह केवल तीन पेनल्टी कॉर्नर ही हासिल कर सका। ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम के खिलाफ भारत को अब किसी भी तरह की गलती से बचना लिए अपनी पूरी ताकत लगानी होगी।

भारत ने पेरिस ओलंपिक में ऑस्ट्रेलिया को हराया था और टीम उस मैच से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगी। भारत अपने और 22 जून को बेल्जियम के खिलाफ दो मैचों के साथ करेगा।

**वापसी**

**शीर्ष तीन में जगह बनाने की दौड़ में बने रहने के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मजबूती से वापसी करनी होगी**

# विंबलडन की इनामी राशि में हुआ इजाफा, विजेता को मिलेंगे 34.93 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली :** विंबलडन के मेजबान ऑल इंग्लैंड क्लब के अधिकारियों ने बताया कि इस ग्रैंडस्लैम टूनार्मेंट की पुरस्कार राशि बढ़कर रिकॉर्ड 53.5 मिलियन पाउंड (लगभग 6.23 अरब रुपये) कर दी गई है जिसमें से एकल वर्ग के विजेताओं को तीन मिलियन पाउंड ( लगभग 34.93 करोड़ रुपये) की राशि मिलेगी। यह रकम पिछले साल की तुलना में सात प्रतिशत और 3.5 मिलियन पाउंड अधिक है। यह 10 साल पहले इस ग्रास-कोर्ट ग्रैंड स्लैम में प्रतियोगियों मिलने वाली राशि से दोगुना है।



ऑल इंग्लैंड क्लब के अध्यक्ष डेबोरा जेवांस ने कहा, हमें इस बात पर बहुत गर्व है कि पिछले 10 वर्षों में हमने पुरस्कार राशि में बहुत बड़ी बढ़ोतरी की है। हमने इस वर्ष पिछले आयोजन की तुलना में लगभग सात प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। इस साल के पुरुष और महिला वर्ग के विजेताओं को पिछले साल के पुरस्कारों की तुलना में 11.1 प्रतिशत अधिक राशि मिलेगी।

# पोलैंड फुटबॉल टीम के कोच मिशल प्रोबिएरज ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली :** पोलैंड की राष्ट्रीय फुटबाल टीम के कोच मिशल प्रोबिएरज ने स्टार स्ट्राइकर रॉबर्ट लेवेंडोवस्की के साथ विवाद के कुछ दिनों बाद मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दे दिया है। पोलैंड फुटबाल संघ द्वारा जारी बयान में प्रोबिएरज ने कहा, मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए राष्ट्रीय टीम के हित में सबसे अच्छा निर्णय मुख्य कोच के पद से मेरा इस्तीफा है। प्रोबिएरज ने इस सप्ताह की शुरूआत में फिनलैंड के खिलाफ विश्व कप क्वालिफायर की पूर्व संध्या पर बार्सिलोना के स्ट्राइकर लेवेंडोवस्की को टीम के कप्तान



के पद से हटा दिया और उनकी जगह इंटर मिलान के मिडफील्डर पिओटर जिलिंस्की को नया कप्तान नियुक्त किया था। लेवेंडोवस्की को यह फैसला नागवार गुजरा और उन्होंने घोषणा की कि जब तक प्रोबिएरज मुख्य कोच बने रहेंगे, तब तक वे राष्ट्रीय टीम के लिए नहीं खेलेंगे।

# स्टटगार्ट ओपन 2025: अलेक्जेंडर ज्वेरेव क्वार्टरफाइनल में पहुंचे

**स्टटगार्ट।** जर्मनी के शीर्ष वरीय अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने गुरुवार को फ्रांस के कोरेंटिन मौटे को 6-2, 7-6(7) से हराकर स्टटगार्ट ओपन 2025 के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। यह टूनार्मेंट विंबलडन की तैयारी के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। फ्रेंच ओपन में क्वार्टरफाइनल तक का सफर तय करने वाले ज्वेरेव ग्रास कोर्ट पर अब तक संघर्ष करते आए हैं और उन्होंने अभी तक इस सतह पर कोई खिताब नहीं जीता है।

**ज्वेरेव बोले जीत ही सबसे अहम :** 28 वर्षीय ज्वेरेव ने पहला सेट आसानी से जीत लिया, लेकिन दूसरे सेट में मौटे ने कड़ी टक्कर दी। हालांकि, टाईब्रेकर में ज्वेरेव ने अनुभव का फायदा उठाकर मैच अपने नाम किया। उन्होंने कहा, ह्लमैं 6-2, 6-2 से जीतना पसंद करता, लेकिन मैच में ऐसा नहीं चुन सकते। जीत सबसे अहम होती है और मैं खुश हूं कि कल फिर खेलने का मौका मिलेगा।ह्व

**ऑगर-अलियासिम की वापसी, एंगेल का धमाका**

कनाडा के चौथे वरीय फेलिक्स ऑगर-अलियासिम ने जियोवानी म्पेची पेरिकार्ड को 6-4, 6-4 से हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। यह जीत उनके लिए 2022 के बाद पहली ग्रास कोर्ट जीत है। अब उनका मुकाबला जर्मनी के 17 वर्षीय वाइल्डकार्ड खिलाड़ी जस्टिन एंगेल से होगा।

**17 वर्षीय एंगेल ने रचा इतिहास**

एंगेल ने अमेरिकी सातवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स मिकेलसन को 6-4, 6-4 से हराकर सबको चौंका दिया। उन्होंने दोनों सेटों में 2-1 की बढ़त बनाई और पूरे मैच में एक भी ब्रेक प्वाइंट का सामना नहीं किया। वह स्टटगार्ट ओपन के इतिहास में सबसे युवा क्वार्टरफाइनलिस्ट बन गए हैं और 1985 में बोरिस बेकर के विंबलडन क्वार्टरफाइनल में पहुंचने के बाद किसी भी एटीपी ग्रास कोर्ट इवेंट के सबसे युवा क्वार्टरफाइनलिस्ट भी बन गए हैं।



## डब्ल्यूटीसी फाइनल में गेंदबाजों का दबदबा, टेस्ट क्रिकेट के लिए बेहतरीन विज्ञापन: पैट

**लंदन।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चल रहा वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल भले ही तीन दिन में समाप्त होने की कगार पर हो, लेकिन यह टेस्ट क्रिकेट के लिए एक बेहतरीन विज्ञापन साबित हो रहा है। पहले दो दिनों में लॉड्र्स की पिच पर कुल 28 विकेट गिर चुके हैं, जिससे मैच बेहद रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया है। दूसरे दिन कमिंस ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 28 रन देकर 6 विकेट झटके और टेस्ट क्रिकेट में अपने 300 विकेट पूरे किए। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में आठ विकेट पर 144 रन बनाकर दिन का खेल समाप्त किया और अब उसे 218 रनों की बढ़त मिल चुकी है। इस दौरान एलेक्स कैरी (43) और मिचेल स्टार्क (16* रन) के बीच आठवें विकेट के लिए 61 रनों की अहम साझेदारी हुई।

कमिंस ने दिन के खेल के बाद कहा, मैच अभी बराबरी पर है। ड्रेसिंग रूम का माहौल सकारात्मक है। आखिरी सेशन में हमारी साझेदारी शानदार रही और यह दिन समाप्त करने का बेहतरीन तरीका था।

# 2005 से सिर्फ एक बार लॉड्र्स में चेज हुआ है 200+ रनों का लक्ष्य

**लंदन :** ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल मुकाबला अब निर्णायक मोड़ पर पहुंचता दिख रहा है। लंदन के लॉड्र्स मैदान पर खेले जा रहे इस मुकाबले में अब तक गेंदबाजों का दबदबा देखने मिला है। डब्ल्यूटीसी के खिताबी मैच का आज तीसरा दिन है और ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक ही कुल बढ़त 200 रन के पार पहुंचा दी है।

**दूसरे दिन गिरे कुल 14 विकेट :** ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दूसरी पारी में आठ विकेट पर 144 रन बना लिए हैं और उसकी कुल बढ़त 218 रन हो गई है। दिन का खेल



समाप्त होने तक मिचेल स्टार्क 16 और नाथन लियोन एक रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। मैच के दूसरे दिन गुरुवार को कुल 14 विकेट गिरे। इससे पहले शुरूआती दिन भी इतने ही विकेट गिरे थे। ऑस्ट्रेलिया ने पहले दूसरे सत्र में दक्षिण अफ्रीका के शेष छह विकेट गिराए, जबकि दक्षिण अफ्रीका ने भी स्टंप्स तक कंगारू टीम को आठ झटके दे दिए।

**सुखद स्थिति में पहुंच चुका है ऑस्ट्रेलिया ?:** ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में एलेक्स कैरी और मिचेल स्टार्क के बीच हुई आठवें विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी की मदद से बढ़त 200 रन के पार पहुंचा दी है। लॉड्र्स में लक्ष्य प्राप्ति के आंकड़े देखें तो यह ऑस्ट्रेलिया के लिए सुखद स्थिति के संकेत दे रहे हैं। इस मैदान पर टेस्ट में अब तक चार बार 200+ रनों का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल किया गया है, लेकिन 2005 से ऐसा सिर्फ एक बार हुआ है। ऐसे में दक्षिण अफ्रीका के लिए दूसरी पारी में बल्लेबाजी करना आसान नहीं होगा। अब तक के खेल को देखते हुए यह स्पष्ट है कि इस मैच में गेंदबाजों को मदद मिल रही है और लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका की राह आसान नहीं रहने वाली है। पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और मिचेल स्टार्क की तिकड़ी के सामने किसी भी बल्लेबाजी क्रम को परेशानी हो सकती है। ऑस्ट्रेलिया के अभी दो विकेट शेष हैं और टीम चाहेगी कि किसी तरह इस बढ़त को 250 के पार पहुंचाया जा सके जिससे दक्षिण अफ्रीका के सामने एक कठिन लक्ष्य रहे। लॉड्र्स के रिकॉर्ड को देखें तो ऑस्ट्रेलिया दबदबा बना सकती है, लेकिन दक्षिण अफ्रीका का बल्लेबाजी क्रम भी मजबूत है। दक्षिण अफ्रीका के कगिसो रबाडा ने डब्ल्यूटीसी फाइनल में अच्छी गेंदबाजी की है, लेकिन वह अक्तूबर 2024 से टेस्ट में सबसे ज्यादा नो बॉल फेंकने वाले खिलाड़ी हैं।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 14 जून 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### हत्या करने वाला आरोपित गिरफ्तार

**जगदलपुर।** जिले के बोधघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नकटी सेमरा निवासी आरोपित युवक महेश कश्यप ने मामूली विवाद में अपने पड़ोसी आसमन कश्यप को डंडे से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने हत्या के आरोपित को गिरफ्तार कर आज जेल दाखिल कर दिया है। नगर पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीमाल ने बताया कि नकटी सेमरा निवासी आसमन कश्यप (उम्र 50 वर्ष) गुरुवार को अपने घर में सोया हुआ था, उसी समय उसका पड़ोसी महेश कश्यप उम्र 32 वर्ष अपने घर के बाहर हाथ में डंडा लेकर आस-पास के बच्चों को डरा रहा था, बच्चे डर कर उसे देखकर मौके से भाग गए। इसी दौरान आरोपि?त महेश ने अपने पड़ोसी आसमन के घर में बार-बार पत्थर मार रहा था, जिससे आसमन ने महेश को पत्थर मारने का कारण पूछने पर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया, जिसके बाद आरोपित महेश ने अपने हाथ में पकड़े डंडे से आसमन पर हमला कर दिया। आरोपित ने आसमन पर तब तक हमला किया, जब तक उसकी मौत नहीं हो गई। घटना के बाद आस-पास के लोगों में दहशत व्याप्त है। घटना के बाद पुलिस को मिली सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए मेकॉज भिजवाया गया है।

### एनएचएआई के अधिकारियों को डीएम की फटकार

**बागपत।** बागपत जिलाधिकारी ने शुक्रवार को एनएचएआई अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में दिल्ली-सहारनपुर राष्ट्रीय राजमार्ग व दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर परियोजना को लेकर नाराजगी जताई गयी। फटकार लगाते हुए जिलाधिकारी ने एनएचएआई को गंभीरता के साथ कार्य करने को कहा है।

# स्मार्ट क्लास रूम ला रहे हैं शिक्षा क्षेत्र में डिजिटल क्रांति

- नगर विकास विभाग 324.56 करोड़ रुपए से प्रदेश में बना रहा हैं 2,700 स्मार्ट क्लास रूम
- प्रदेश के परिषदीय स्कूलों में 1,780 स्मार्ट क्लास रूम बन कर हो चुके हैं तैयार
- स्मार्ट क्लास रूम से प्रदेश के निम्न वर्ग के छात्रों को मिल रहा है डिजीटल शिक्षा का लाभ

**स्मार्ट क्लास रूम**

- सीएम कम्पोजिट स्कूल और वैश्विक नगरोदय योजनाओं के तहत बने हैं स्मार्ट क्लास रूम





**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विजन के अनुरूप नगर विकास विभाग ने प्रदेश के शहरी क्षेत्रों के स्कूलों विशेष रूप से परिषदीय स्कूलों में शिक्षा को डिजिटल और आधुनिक स्वरूप देने के उद्देश्य से एक बड़ा कदम उठाया है। नगर विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत लगभग 324.56 करोड़ रुपये की लागत से 2,700 से अधिक स्मार्ट क्लासरूम्स की स्थापना की गई है। जिनमें से लगभग 1,780 स्मार्ट क्लास रूम पूरी तरह तैयार हो कर संचालित हैं। विभाग के इस सराहनीय पहल का लाभ विशेष रूप से शहर के निम्न आय वर्ग के छात्रों को मिल रहा है। जो एक ओर डिजिटल व आधुनिक शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं साथ ही वो तकनीकि रूप से भी सक्षम बन रहे हैं। इसका परिणाम है कि प्रदेश के शहरी परिषदीय स्कूलों के नामांकन में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।

**स्मार्ट सिटी योजना के तहत प्रदेश में बने हैं 1,183 स्मार्ट क्लास रूम:** नगर विकास विभाग ने प्रदेश के शहरी क्षेत्र स्कूलों विशेष रूप से परिषदीय स्कूलों में शिक्षा सुविधा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लगभग 2,700 स्मार्ट क्लास रूम की स्थापना की है। विभाग ने अपनी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लगभग 324.56 करोड़ रुपये की मद से स्मार्ट क्लास रूम स्थापित कर रहा है। इसके तहत सर्वाधिक स्मार्ट क्लास रूम स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत लगभग 160.83 करोड़ रुपए की लागत से कुल 1,183 स्मार्ट क्लास रूम की परियोजनाएं स्वीकृत की गयी हैं।

### छात्रों को मिल रहा है डिजीटल शिक्षा का लाभ

*नगर विकास विभाग ने प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में निम्न आय वर्ग के छात्रों को आधुनिक एवं डिजिटल शिक्षा की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से स्मार्ट क्लास रूम स्थापित किये हैं। ये क्लासरूम्स इंटरएक्टिव डिजिटल बोर्ड्स, मल्टीमीडिया लर्निंग कंटेंट और हाई-स्पीड इंटरनेट जैसी आधुनिक सुविधाओं से युक्त हैं, जिससे शिक्षण प्रक्रिया अधिक प्रभावशाली और इंटरैक्टिव बनाया जा रहा है। स्मार्ट क्लास रूम के बारे में बताते हुए नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने कहा कि हम शहरी शिक्षा को एक नए आयाम में ले जा रहे हैं। ये स्मार्ट क्लासरूम्स न केवल छात्रों को तकनीक से जोड़ रहे हैं बल्कि उन्हें भविष्य के लिए तैयार कर रहे हैं।*

### परिषदीय स्कूलों में नामांकन दर बढ़ कर हो गई है 60 फीसदी

नगर विकास विभाग की यह पहल न केवल डिजिटल शिक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में बड़ा कदम है, बल्कि यह प्रदेश के शहरी क्षेत्र में शिक्षा के स्तर में गुणवत्तापूर्ण सुधार भी ला रहा है। नगर विकास विभाग के प्रयास से विभिन्न योजनाओं के तहत 2022 से शुरू हुये इस अभियान के तहत स्वीकृत 65 प्रतिशत से अधिक स्मार्ट क्लास रूम का संचालन हो रहा है। जिसके परिणामस्वरूप प्रदेश के परिषदीय स्कूलों में नामांकन दर बढ़कर 59.6 प्रतिशत हो गई है जो राष्ट्रीय औसत से भी लगभग 15 प्रतिशत अधिक है। यही नहीं स्मार्ट क्लास रूम से छात्रों की सीखने की क्षमता और शिक्षा के प्रति रुझान में वृद्धि हुई है।



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से नई दिल्ली में मुलाकात करते सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर।

### आठ साल की मासूम को सांप ने डसा

**जालौन।** जनपद के कुठौंद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ऐकों में शुक्रवार को एक आठ वर्षीय मासूम बच्ची की सांप के डसने से मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है, वहीं परिजन का रो-रोकर बेहाल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम ऐकों निवासी ब्रजेश कुमार की आठ वर्षीय पुत्री रागिनी दोपहर के समय अपने घर में खेल रही थी। खेल-खेल में वह घर में रखी एक पुरानी संदूक पर चढ़ गई। इसी दौरान संदूक के पास छिपकर बैठा एक जहरीला सांप अचानक उस पर झपट पड़ा और बच्ची को डस लिया। सांप के काटते ही रागिनी जोर-जोर से चिल्लाने लगी, जिसे सुनकर परिजन तत्काल वहां पहुंचे। उन्होंने बच्ची को जमीन पर गिरा देखा और पास ही सांप को भी रेंगते हुए निकलते देखा। परिवार ने तत्परता दिखाते हुए सांप को घर से बाहर निकाला और तत्काल रागिनी को कुठौंद स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए।

## सीएम ने विमान हादसे में जान गंवाने वालों को दी श्रद्धांजलि



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में उच्च अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान गुजरात के अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हादसा देश और विश्व के लिए अत्यंत दुःखद व पीड़ादायक है। राज्य सरकार की संवेदनाएं इस दुःख की घड़ी में मृतकों के परिवारजनों के साथ है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की और शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं भी व्यक्ति की।

**पीड़ादायक**

- मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हादसा देश और विश्व के लिए अत्यंत दु:खद व पीड़ादायक है

# सरकार की सख्ती का असर, ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्तता में अभूतपूर्व गिरावट

- भीष्गर्मी के बावजूद अप्रैल और मई दो महीनों में 3233 ट्रांसफार्मर कम फूंके, जनता को मिल रही राहत



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विद्युत आपूर्ति की विश्वसनीयता बढ़ाने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा अब जमीन पर असर दिखाने लगी है। उ.प्र. पावर कॉर्पोरेशन की ओर से की गई सख्ती, निरंतर मॉनीटरिंग और जवाबदेही तय करने की नीति से ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्तता में जबरदस्त गिरावट दर्ज की गई है। पिछले वर्षों के मुकाबले 2025-26 के सिर्फ अप्रैल और मई महीने में ही 3233 ट्रांसफार्मर कम क्षतिग्रस्त हुए हैं, जो कि बिजली वितरण प्रणाली में मजबूती और मरम्मत-रखरखाव में सुधार का संकेत है।

**पावर ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्तता में लगातार गिरावट:** यूपीपीसीएल के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल के मुताबिक, वर्ष 2022-23 में अप्रैल-मई में 90 पावर ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुए थे। 2023-24 में यह संख्या घटकर 61 हो गई। 2024-25 में 42 ट्रांसफार्मर फुंके और 2025-26 में सिर्फ 12 पावर ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुए। यह ट्रेंड यह बताता है कि मात्र तीन वर्षों में पावर ट्रांसफार्मरों की क्षति में 87% से अधिक की कमी आई है।

**100 के.वी.ए. और ऊपर के वितरण ट्रांसफार्मरों में भी शानदार सुधार:** इसी अवधि में 2022-23 में 7322 ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुए थे। 2023-24 में यह संख्या घटकर 4906 हुई। 2024-25 में 3801 ट्रांसफार्मर फूंके।

### विद्युत आपूर्ति में कोई समझौता नहीं

*डॉ. गोयल ने स्पष्ट किया कि, "प्रदेश में विद्युत आपूर्ति पर जीरो टॉलरेंस नीति लागू है। किसी भी स्तर की लापरवाही से आपूर्ति बाधित होती है, तो संबंधित अधिकारी पर तत्काल कार्रवाई होगी।" उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जहां कहीं भी 100 के.वी.ए. से ऊपर के ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हों, वहां जिम्मेदारी तय करते हुए कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की यह प्राथमिकता रही है कि प्रदेशवासियों को 24x7 गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति मिले। इसके लिए उन्होंने पावर कॉर्पोरेशन को निर्देशित किया था कि ट्रांसफार्मर फुंकने जैसी समस्याओं को पूरी तरह नियंत्रित किया जाए। अब डॉ. गोयल की टीम इस दिशा में नतीजे दे रही है, और जनता को उसका प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है।*

### हनी ट्रैप में फंसाकर 17 लाख की फिरौती मांगने वाले दो गिरफ्तार

**कोरबा/जांजगीर चांपा। जांजगीर** चांपा पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए हनी ट्रैप में फंसाकर 17 लाख रुपये की फिरौती मांगने वाले दो आरोपितों को आज गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान अभय कुमार सूर्यवंशी और आयशा बेगम उर्फ अन्नू उर्फ अस्मिता साहू के रूप में हुई है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 12 जून को शाम 07 बजे बुधराम साहू निवासी ग्राम बसंतपुर का रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि उसका बेटा किशन साहू रोड तरफ घूमने निकला था, जिसे अज्ञात व्यक्ति ने अगवा कर लिया और 17 लाख रुपये की फिरौती मांगी। आरोपितों ने युवक के पिता को फोन कर धमकी दी कि अगर रकम नहीं दी गई तो उसके बेटे को मार दिया जाएगा।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के कुशल मार्गदर्शन में थाना जांजगीर एवं सायबर सेल की टीम गठित कर घटना स्थल रवाना की गई। पुलिस ने महज 6 घंटे में आरोपितों को पकड़ने में सफलता हासिल की। आरोपितों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक मोटर सायकल और दो स्कूटी बरामद की गई है।




**बिलखत रही** *मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के 85 हजार 556 लाभुकों को 16 करोड़ 70 लाख 33 हजार रुपये की राशि हस्तंतरित की गयी*

# मुख्यमंत्री नीतीश ने लाभुकों के खाते में भेजा 271 करोड़



**टीम एक्शन इंडिया**
**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना एवं मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के लाभुकों के खाते में 271 करोड़ 15 लाख रुपये की राशि का डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफ (डीबीटी) के माध्यम से हस्तांतरण किया। इस कार्यक्रम में पांच सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के कुल 61 लाख 29 हजार 548 लाभुकों को 254 करोड़ 45 लाख 5 हजार 900 रुपये तथा मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के 85 हजार 556 लाभुकों को 16 करोड़ 70 लाख 33 हजार रुपये की राशि हस्तंतरित की गयी । इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कुल 62,15,104 (बासठ लाख पन्द्रह हजार एक सौ चार) लाभुकों को 271,15,38,900 (दो सौ एकहत्तर करोड़ पन्द्रह लाख अड़तीस हजार नौ सौ) रुपये की राशि हस्तानांतरित की गयी है, जिसमें इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन योजना तथा इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के अन्तर्गत केन्द्र सरकार की ओर से 93.50 करोड़ तथा राज्य सरकार की ओर से 87.55 करोड़ की राशि शामिल है। योजनाओं, बिहार निःशक्तता योजना, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना तथा मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना अन्तर्गत राज्य सरकार की ओर से कुल 90.08 करोड़ की राशि दी जा रही है।

**लाभार्थी**

- 38 करोड़ 68 लाख 95 हजार 600 रुपए की राशि राज्य सरकार की तरफ से हस्तांतरित की गयी है